समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 61,112.44 | 18,065.00 |

तापमान
अधिकतम 34 °C
न्यूनतम 23 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





'मन की बात' कार्यक्रम जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का.... पेज-02

सपा, बसपा और कांग्रेस का जनता से सरोकार समाप्तः भूपेंद्र चौधरी पेज-03



वर्ष 10 अंक 250 लखनऊ, 01 मई सोमवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


# यूपी में अब कानून का राज : सीएम

## सुरक्षा की गारंटी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और अपने कार्यकाल में राज्य में कानून का राज और सुरक्षा की गारंटी होने का दावा किया। उत्तर प्रदेश में चार मई और 11 मई को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे योगी ने शनिवार को गोरखपुर में व्यापारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया जिलों में भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

गोरखपुर में उन्होंने कहा, ÷पहले गरीबों की संपत्ति और उनकी जमीनों पर कोई भी गुंडा, माफिया या सत्ताधारी दल का व्यक्ति जबरन कब्जा कर लेता था। आज उत्तर प्रदेश अराजकता से मुक्त हो गया है, प्रदेश में अब कानून का राज है, सुरक्षा की गारंटी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, व्यापारी बंधु वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ खुद को कमल का फूल चुनाव निशान से जोड़ते रहे हैं और लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतः स्फूर्त भाजपा के समर्थन में रहते हैं। पर, यह भी ध्यान रखना होगा कि नगर निकाय तीसरा सदन होता है और इसके चुनाव की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए।

डबल इंजन की सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। विपक्षी पार्टियों सपा और बसपा का फेल इंजन भ्रष्टाचार, राजनीति के अपराधीकरण, विकास की योजनाओं में बंदरबांट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती का प्रदूषण फैलाता था, लेकिन आज विकास और योजनाओं का लाभ हर गरीब तक पहुंचता है। पिछली सरकारों ने चीनी का कटोरा कहे जाने वाले देवरिया में अपने कुत्सित राजनीति से इसे कड़वाहट में बदलने का काम किया था, लेकिन हम दोबारा देवरिया को उसका अस्तित्व लौटाएंगे।

**योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**



### चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है

लोगों को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए योगी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है और यह उत्सव लगना और दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर एक वोट की कीमत होती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए 'डबल इंजन' की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तर प्रदेश की पहचान बदल दी थी, लेकिन अब चारों तरफ खुशहाली है। महराजगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार पूरे उत्तर प्रदेश में एक समान विकास परियोजनाएं लाकर राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी का धर्म, मजहब और जाति नहीं देखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार ने जाति, धर्म और मजहब के बंटवारे पर पूरी तरह से रोक लगा दी है और वह सबके विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 'डबल इंजन' की सरकार है, इसलिए विकास कार्य दोगुनी गति से चल रहा है। महराजगंज को ऋषियों, तपस्वियों, साहित्यकारों और कलाकारों की भूमि बताते हुए योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में महराजगंज को 'गुंडागर्दी' और 'तबाही' के लिए जाना जाता था, लेकिन अब महराजगंज ने अपना गौरव पुनर्हासिल कर लिया है। योगी ने कहा, एक वक्तथा जब प्रदेश में ''माफिया सीना तान कर चलता था और व्यापारी झुक कर। आज व्यापारी सीना तान कर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर, गले में तख्ती लटकाकर, जान की भीख मांगता है।''

### आज युवाओं को पहचान छिपाने की जरूरत नहीं

सीएम योगी ने कहा कि सरकार बदलने पर कैसे परिवर्तन होता है, यह आज हर कोई महसूस कर सकता है। आज हमारे युवाओं को पहचान छिपाने की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले महराजगंज समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिले इंसेफेलाइटिस की चपेट में हुआ करते थे, लेकिन अब इस बीमारी पर काबू पा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है। कुशीनगर के उदित नारायण डिग्री कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''छह साल पहले तक कुशीनगर में इंसेफेलाइटिस व गरीबों-मुसहरों की भूख से मौतें होती थीं और एक तरफ बीमारी तो दूसरी तरफ भुखमरी थी।''

### मल्लिकार्जुन खरगे पर बरसे सीएम योगी, कहा- पीएम का अपमान राष्ट्र का अपमान है

**बंगलुरु।** इन दिनों कर्नाटक में विधानसभा चुनावों की पूरी तैयारियां हो रही है। चुनाव के लिए पार्टियां लगातार पार्टी के दिग्गज नेताओं के दौरे और जनसभाएं करवा रही है। कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने है, जिसमें अब काफी कम समय शेष बचा है। ऐसे में सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत चुनाव प्रचार में झोंकी हुई है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर्नाटक के दौरे पर है। यहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर जमकर पलटवार भी किया है। उन्होंने खरगे द्वारा की गई विवादित टिप्पणी की जोरदार आलोचना की है। उन्होंने कहा कि क्या इस उम्र में खरगे को ये शोभा देता है? ये दिखाता है कि कांग्रेस हार रही है और उनके पुत्र की जमानत जब्त हो रही है। प्रधानमंत्री का अपमान राष्ट्र का अपमान होता है। ये भारत का अपमान करते हैं। भारत की 140 करोड़ जनता का अपमान करते हैं। भारत का अपमान करने वाले किसी व्यक्ति को हमें स्वीकार नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि ये बयान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक के कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया है।

कांग्रेस पर पीएम मोदी का कड़ा प्रहार, कहा-

# वो मेरी तुलना सांप से कर वोट मांग रहे है

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में होने वाले चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर शोर से प्रचार किया है। उन्होंने कर्नाटक दौरे के दूसरे दिन कोलार में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 13 मई को आएंगे। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मदी ने कहा कि आज की भीड़ को देखकर कांग्रेस और जेडीएस की नींद उड़ जाएगी। दोनों पक्ष विकास की प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा बनकर आए है। हमें कर्नाटक में लोगों को कांग्रेस और जेडीएस की भ्रष्ट सरकार से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि जो सरकारें अस्थिर होती हैं उनके पास विजन होना संभव नहीं है। कांग्रेस ने जब शासन किया तब दुनिया को भारत से कोई उम्मीद नहीं थी। मगर बीजेपी के सत्ता में आने के बाद भारत को उज्जवल स्थान के तौर पर देखा जाने लगा है। कर्नाटक में बीजेपी को चुनने का फैसला किया है। राज्य में लगातार विकास के लिए डबल इंजन की सरकार का होना जरुरी है। कांग्रेस के पास पुराना और कमजोर इंजन है, जो राज्य की प्रगति के लिए कभी काम नहीं आ सकता है।

उन्होंने कहा कि जेडीएस और कांग्रेस पार्टी राज्य के विकास में सबसे बड़ा अवरोध है। वो दोनों अकेले खेलें या टीम बनाकर, मगर कर्नाटक की जनता उन्हें सत्ता की चाबी नहीं सौंपेगी। कर्नाटक में अब 5 वर्षों के लिए ही विधायक का चुनाव नहीं करना है बल्कि जनता को आगामी 25 वर्षों का रोडमैप भी तैयार करना है ताकि विकास की राह आसान हो सके।



कांग्रेस पार्टी अपने झूठी गारंटियों का पुलिंदा खोलकर बैठ गई है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वो जनता से किया वादा पूरा नहीं करती है। पार्टी कई अधूरा गारंटियों के साथ फिर चुनाव में उतर रही है। कर्नाटक में भी पार्टी ने कई झूठे वादे किए है। वहीं भाजपा की सरकार ने अपने किए हर वादे को पूरा किया है।

**नरेन्द्र मोदी**

### मन की बात के 100वें एपिसोड में बोले प्रधानमंत्री मोदी, कहा-

## ये आंदोलन बन गया है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो संबोधन मन की बात का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित किया गया है। इस खास कार्यक्रम के दौरान लाखों लोगों ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस कार्यक्रम को सुना है। खास बात है कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 100वीं कड़ी का सीधा प्रसारण भी किया गया जो ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के दौरान कहा कि अक्टूबर 2014 में विजयादशमी के दिन शुरू हुई मन की बात एक **मन की बात** बन गई है। ये कार्यक्रम लोगों के लिए अच्छाई और सकारात्मकता का अनोखा त्योहार बन गया है। पीएम ने कहा कि मन की बात एक ऐसा पर्व बन गया है, जिसका सभी को हर महीने बेसब्री से इंतजार रहता है। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को विजयादशमी पर्व के दिन हम सबने मिलकर मन की बात की यात्रा शुरू की।

## संक्षिप्त समाचार

### सात्विक साईराज-चिराग शेट्टी ने मेंस डबल्स कैटेगरी का गोल्ड जीता

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने दुबई में खेली जा रही एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में डबल्स कैटेगरी में गोल्ड जीत लिया। ये इस टूर्नामेंट में गोल्ड जीतने वाली देश की पहली जोड़ी बन गई है। इस स्टार जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के ओंग यू सिन-तेओ ईओ यी को हराया।

### अमेरिका के सिएटल में शूटिंग, दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सिएटल के एक पार्क में शनिवार रात हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और तीसरा घायल हो गया। सिएटल पुलिस ने एक बयान में कहा कि कैल एंडरसन पार्क में रात करीब 10:30 बजे शूटिंग हुई थी।

### जम्मू-कश्मीर में रविवार सुबह आया 4.1 की तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में रविवार को भूकंप के झटके लगे। ये भूकंप सुबह 5:15 बजे आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 थी। हालांकि किसी तरह के जान-माल की नुकसान की खबर नहीं आई है।

### खराब मौसम के चलते चारधाम यात्रा पर रोक

**देहरादून।** केदारनाथ और बद्रीनाथ में खराब मौसम के चलते चारधाम यात्रा रोक दी गई है। श्रीनगर पुलिस ने कहा कि श्रीनगर में ठहरने के पुख्ता इंतजाम हैं, यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### अब्दुल रहमान प्रिंसिपल को डराने-धमकाने के मामले में दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप विधायक अब्दुल रहमान को डराने-धमकाने के एक मामले में दोषी ठहराया है। कोर्ट ने रहमान और उनकी पत्नी आस्मा को 2009 में एक सरकारी स्कूल की प्रिंसिपल को डराने-धमकाने और उनके साथ मारपीट करने का दोषी ठहराया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा

# तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

आजमगढ़, समृद्धि न्यूज़

**आजमगढ़।** आजमगढ़ सड़क हादसे में देवरिया के रहने वाले पांच लोगों की मौत से पूरे गांव मं गम का माहौल है। हादसे की खबर से परिवार में चीख पुकार मची है। घरवालों की दहाड़े सुन हर किसी की आंखें नम हो गई। घटना की जानकारी के बाद से गांव के लोग शव आने की प्रतीक्षा करते रहे। पुरुष सदस्य घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घर पर केवल महिलाएं ही मौजूद थीं। पड़ोस की महिलाएं उन्हें संभाल रही थीं। यह मार्मिक दृश्य महुआडीह के धरमपुर गांव का था।

**यह है मामला**

देवरिया जिले के महुआडीह थानाक्षेत्र के धरमपुर गांव के लोग आजमगढ़ किसी रिश्तेदारी में गए थे। वहां से शनिवार की रात पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर वापस घर आ रहे थे। अभी वह आजमगढ़ के अहरौला थाना क्षेत्र के खदारामपुर स्थित स्टोन नंबर-213 के पास पहुंचे थे, तभी बोलेरो रात करीब 11.30 बजे पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। ट्राली पर बांस लदे थे। जिसके चलते बोलेरो सवार चपेट में आ गए। इस हादसे में 45 वर्षीय कैलाश पुत्र अच्छेलाल, कैलाश की 38 वर्षीय पत्नी नीतू, 43 वर्षीय दुक्खी पुत्र प्रभु, 40 वर्षीय गुड्डी पत्नी छोटेलाल, 11 वर्षीय रानी पुत्री विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 40 वर्षीय किरन गंभीर रूप से घायल हो गई।





**मजदूर दिवस**

**मजदूर दिवस हर साल बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। दुनिया के कई देशों में इस दिन राष्ट्रीय अवकाश रहता है। भारत में मजदूर दिवस कामकाजी लोगों के सम्मान में मनाया जाता है।**

### महाराष्ट्र के भिवंडी में हुआ भयानक हादसा, इमारत गिरने से पांच की मौत

**ठाणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में ढही दो मंजिला इमारत के मलबे से रविवार दोपहर एक और व्यक्ति का शव बरामद किए जाने के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। हादसे के 24 घंटे बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मनकोली के वलपाड़ा स्थित वर्धमान कंपाउंड में दो मंजिला इमारत शनिवार को अपराह्न करीब पौने दो बजे ढह गई। इमारत के भूतल और पहली मंजिल पर गोदाम थे, जबकि ऊपरी मंजिल पर चार परिवार रहते थे। ठाणे महानगरपालिका के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि अब भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नार्को आतंकवाद को लेकर दिया बयान, कहा-

# सामूहिक प्रयासों से होगा खत्मा

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को विश्वास जताया कि 'पड़ोसी देश' द्वारा इस केंद्र शासित प्रदेश में फैलाए जा रहे 'नार्को-आतंकवाद' को सामूहिक प्रयासों से खत्म कर दिया जाएगा। सिन्हा रेडियो पर प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी के मौके पर यहां मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले लोगों को संबोधित कर रहे थे। उपराज्यपाल ने यहां राजभवन में इस कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी भी की। उन्होंने इसे 'ऐतिहासिक क्षण' करार दिया, क्योंकि मोदी को सुनने के लिए सैकड़ों प्रतिष्ठित शख्सियत एक साथ इकट्ठा हुए।



अखिलेश यादव बोले-आपस में टकरा रहे डबल इंजन

# यूपी में सांड़ संभाल रहे ट्रैफिक व्यवस्था

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गोरखपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर पार्टी जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम सहित नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। नंदानगर में सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर की जनता ने बदलाव का मन बनाया है। आपने पहले भी दिल्ली लखनऊ की सरकार देखी है। बरसात में गोरखपुर में गाड़ी नहीं नाव चलती है, सड़क नीची है नाली ऊपर है पानी कहां से निकलेगा जो सरकार नाले न बना पाई हो उस के पक्ष में मतदान कैसे होगा।पूर्व सीएम ने कहा कि सीएम ने मेट्रो चलाने का वादा किया था कहां है मेट्रो स्टेशन? मुख्यमंत्री गोरखधंधा करते हैं। कागज पर मेट्रो बना रहे हैं साफ सुथरी सुरक्षित यात्रा मेट्रो में होती है प्रदेश में जहां भी मेट्रो चल रही है सभी सपा सरकार की देन है। मुझे लगता है सीएम मेट्रो को अगर समझते तो मेट्रो से सभी लोग चल रहे होते ,नालिया साफ नहीं हो पा रही है, यह लोग रोज नए नए मुद्दे उठाकर हिंदू-मुस्लिम की खाई पैदा करते हैं, मुख्यमंत्री अपने मुकदमे वापस नहीं लेते तो उनकी सूची सबसे बड़ी थी, देश कानून संविधान से चले इसका संदेश जाना चाहिए इस चुनाव का संदेश 2024 का संदेश होगा यह चुनाव जीतना है।



# लुधियाना में गैस रिसाव से दो बच्चों समेत 11 की मौत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के लुधियाना में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया जहां एक जहरीली गैस रिसाव होने से 11 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल है। वहीं कई लोग बेहोश हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। मरने वालों की संख्या को लेकर लुधियाना की डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर सुरभि मलिक पुष्टि कर चुकी है। इस घटना के बाद से ही इकाले में अफता तरफी का माहौल

### एनडीआरएफ और फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद

बना हुआ है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है वहीं अब किसी को भी घटना स्थल पर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। पुलिस ने इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है जिसके बाद लोगों को घरों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है।

आठवां दिन

शिकायतकर्ता पहलावनों को दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई

# सभी के बयान भी दर्ज करेगी दिल्ली पुलिस, जंतर मंतर पर डटे खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के जंतर मंतर पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों का धरना लगातार आठवें दिन जारी है। इसी बीच महिला शिकायतकर्ताओं को अब दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा भी उपलब्ध कराई गई है। इसी के साथ सभी के बयान भी दिल्ली पुलिस दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए। बता दें कि जिन महिला पहलवानों को सुरक्षा मुहैया कराए जाने की बात कही गई है उनमें से एक नाबालिग पहलवान भी है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस अब जल्द ही पहलवानों के बयान भी दर्ज करेगी। हालांकि पहलावानों को बयान दर्ज कराने के लिए कब बुलाया जाएगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि भाजपा सांसद सिंह पर सात महिला पहलवानों और एक नाबालिग लड़की ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस अब इन सात शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज करेगी। एक सूत्र ने कहा कि प्राथमिकी में उल्लिखित घटनाएं कथित तौर पर 2012 और 2022 के बीच विदेशों सहित विभिन्न स्थानों पर हुई। इस बीच, 'इंडियन वीमन प्रेस कोर' (आईडब्ल्यूपीसी) ने शनिवार को सरकार से यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच की मांग कर रही प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया। आईडब्ल्यूपीसी ने एक बयान में कहा कि वह महिला पहलवानों के साथ एकजुटता से खड़ी है। इसने महिला खिलाड़ियों के किसी भी प्रकार के उत्पीड़न और यौन शोषण की भी निंदा की।



### बृजभूषण ने कहा, जंतर-मंतर पर धरना राजनीति से प्रेरित



**गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने उनके खिलाफ नयी दिल्ली के जंतर-मंतर पर शीर्ष पहलवानों के धरने को राजनीति से प्रेरित बताया। देश के शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफाई प्रमुख बृजभूषण की गिरफतारी की मांग करते हुए 23 अप्रैल से एक बार फिर जंतर मंतर पर धरना शुरू किया। बृजभूषण पर उन्होंने महिला पहलवानों को धमकाने और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। इससे पहले उन्होंने जनवरी में धरना दिया था। बृजभूषण ने साथ ही समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के रुख की सराहना करते हुए कहा कि सपा धरने से नहीं जुड़कर सच्चाई के साथ खड़ी है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) सहित अन्य विपक्षी दलों ने पहलवानों को समर्थन दिया है और इन पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन स्थल पर पहलवानों से मुलाकात की। हालांकि समाजवादी पार्टी ने धरने से किनारा कर लिया है।

# 'मन की बात' कार्यक्रम जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का प्लेटफार्म बन चुका है : आनंदीबेन पटेल

राजभवन में ''मन की बात'' कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण और विशेष स्क्रीनिंग

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का सजीव प्रसारण के बाद विशेष स्क्रीनिंग राजभवन के गांधी सभागार में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में की गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ ''मन की बात'' की विभिन्न कड़ियों में जुड़ने वाले उत्तर प्रदेश के 57 लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रसारण के उपरांत राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का ''मन की बात'' कार्यक्रम देश में जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का प्लेटफार्म बन चुका है। ये कार्यक्रम जन के हृदय में स्थान बनाने के साथ-साथ जन चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम बना है। अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को इससे प्रेरणा मिली। आनंदीबेन पटेल ने ऐसे विविध कार्यक्रमों का उल्लेख भी किया, जिनमें ''मन की बात'' से प्रेरणा पाकर बड़ी संख्या में लोग जनहित कार्यों से जुड़े। इसी क्रम में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के गठन से महिलाओं में बढ़ी आत्मनिर्भरता, मुद्रा योजना से उन्हें सहज लोन की प्राप्ति, कोरोना काल में महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित मास्क का फ्री वितरण जैसे कई मुद्दों पर अभूतपूर्व बदलावों और प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एक पक्षीय कार्यक्रम नहीं है। आज जिस सौवीं कड़ी का प्रसारण हम सबने सुना, उसके लिए प्रधानमंत्री के पास देश भर से लाखों पत्र पहुंचे हैं। लाखों लोग कार्यक्रम से जुड़ते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रयागराज से आयी नव्या वर्मा का जिक्र करते हुए बताया कि नव्या ने भी कार्यक्रम के संदर्भ में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था और उन्होंने उसके पत्र को भी अपने कार्यक्रम में स्थान दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम उनके चिन्तनशील विचारों का पुंज है, जो आम नागरिकों के लिए मार्गदर्शी संवाद साबित हुआ। तमाम लोग बड़े जनहित कार्यों के लिए इस कार्यक्रम से प्रेरणा पाकर जुड़े। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये श्रोताओं ने ''मन की बात'' से जुड़े अपने अनुभव बताएं, जिसमें बरेली की अध्यापिका दीपमाला ने 800 दिव्यांग बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने, प्रयागराज की नव्या वर्मा ने 2047 के भारत परिकल्पना पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखने आदि की चर्चा प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम में भी की। कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन के अन्नपूर्णा हाल में केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा आयोजित ''मन की बात'' और अमृत महोत्सव पर आधारित एक तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी स्कूल बच्चों और राजभवन अधिकारियों और कर्मचारियों तथा अन्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



# बसपा ने नगर निगम चुनावों में मुसलमानों को उचित भागीदारी देकर सांप्रदायिक दलों की नींद उड़ाई: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी द्वारा नगर निगम चुनावों में मुस्लिम समाज को उचित भागीदारी दिए जाने के कारण ''जातिवादी एवं साम्प्रदायिक'' दलों की नींद उड़ी हुई है। उत्तर प्रदेश में चार मई और 11 मई को दो चरणों में नगर निकाय चुनाव होने हैं और मतगणना 13 मई को की जाएगी। बसपा प्रमुख ट्वीट किया, ''उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के तहत 17 नगर निगमों में महापौर पद के लिए हो रहे चुनाव में बसपा द्वारा मुस्लिम समाज को भी उचित भागीदारी देने को लेकर यहां राजनीति काफी गरमाई हुई है और इससे खासकर जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दलों की नींद उड़ी हुई है। मायावती ने कहा, ''बसपा 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धांत पर चलने वाली आंबेडकरवादी पार्टी है तथा इसने इसी आधार पर उत्तर प्रदेश में चार बार अपनी सरकार चलाई। इसने मुस्लिम एवं अन्य समाज को भी हमेशा उचित प्रतिनिधित्व दिया। अतः मैं लोगों से विरोधियों के षड्यंत्र के बजाय अपने हित पर ध्यान केंद्रित करने की अपील करती हूं। गौरतलब है कि बसपा ने दो चरणों में होने वाले नगर निकाय चुनावों में महापौर के पदों के लिए 64 फीसद से ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवार उतारकर न केवल राज्य की करीब 20 फीसद मुस्लिम आबादी को साधने की कोशिश की है, बल्कि समाजवादी पार्टी (सपा) के परंपरागत वोट बैंक में बिखराव की संभावना भी बढ़ा दी है। राजनीतिक जानकार इसे 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मुसलमानों के बीच पैठ बनाने की बसपा की एक रणनीति मान रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### मन की बात कार्यक्रम पर युवाओं ने खड़े किए सवाल

**लखनऊ।** मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपीसोड पर आयोजित महोत्सव और प्रचार प्रसार पर करोड़ों रुपए के खर्च करने पर युवाओं ने सवाल खड़े किए हैं। आज 100 वें एपीसोड में पीएम बोले कि मन की बात कार्यक्रम देश की भावनाओं का प्रकटीकरण है लेकिन भयावह बेरोजगारी, कमरतोड़ मंहगाई और बेकारी से त्रस्त करोड़ों युवाओं के सवालों पर क्या कभी चर्चा का विषय मन की बात में रहा। इन ज्वलंत मुद्दों पर पीएम मोदी मौन रहते हैं जबकि युवाओं के लिए आज सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा बेरोजगारी का सवाल है। एक साल पहले पीएम मोदी द्वारा मिशन मोड में केंद्र सरकार में रिक्त पड़े 10 लाख पदों को समयबद्ध भरने की घोषणा की गई थी लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस है। रेलवे की वर्षा पहले की भर्तियां भी अभी तक अधर में हैं जबकि अकेले रेलवे में ही 3.5 लाख पद रिक्त हैं। रोजगार आंदोलन चला रहे राजेश सचान ने बताया कि देश में मौजूदा आर्थिक नीतियों से बेरोजगारी की स्थिति भयावह हुई है लेकिन मोदी सरकार इसके हल के लिए कतई गंभीर नहीं है। इसलिए 3 अप्रैल को दिल्ली में 113 संगठनों ने मिलकर संयुक्त युवा मोर्चा का गठन कर देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। इस मुहिम में सार्वजनिक क्षेत्र में एक करोड़ रिक्त पदों पर नियमित भर्ती और रोजगार को कानूनी अधिकार बनाने जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

### एलयू में एमटेक का नया प्रोग्राम,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी का नया कोर्स होगा लांच

**लखनऊ।** एलयू यानी लखनऊ विश्वविद्यालय में नये सत्र यानी 2023-24 से इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी फैकल्टी में एमटेक के नए प्रोग्राम की शुरुआत होने जा रही हैं। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की दो विधाओं यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी में इसकी शुरुआत होने जा रही हैं। बड़ी बात यह हैं कि दोनों ही पाठ्यक्रम के लिए पहले साल 20-20 सीट निर्धारित की गई हैं। वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिहाज से यह कोर्स बेहद अहम होने वाला हैं। यह पार्ट टाइम प्रोग्राम 6 सेमेस्टर में पूरा किया का सकता हैं। इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के डीन प्रो.एके सिंह ने बताया कि सत्र 2023-24 से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सुरक्षा) में मास्टर इन टेक्नोलॉजी(एमटेक) कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। दोनों प्रोग्राम में 20 सीट होंगी। अहम बात यह हैं कि यह एक छह सेमेस्टर का पार्ट टाइम कार्यक्रम होगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अगुवाई में विश्वविद्यालय शैक्षिक, शोध, नवाचार और रोजगार की दिशा में तेजी से विकास करने का दावा करता हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी प्रोग्राम्स या पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए विदेशी छात्रों की मांग और संख्या भी बढ़ी है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए मांग अधिक होने से दाखिला संख्या को शैक्षणिक सत्र 2023-24 से 60 सीट से 120 सीट किया जायेगा।

### केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ जनमानस ने सुनी 100 वें संस्करण मन की बात

**लखनऊ।** काकोरी टाउन एरिया बरगदतला मलिहाबाद में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की उपस्थिति में जनमानस ने पूरे उत्साह के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री व लोकप्रिय सांसद कौशल किशोर ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री के विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत निर्माण में साथ देने का सभी के साथ संकल्प लिया। हजारों भाईयो बहनों ने एक साथ एक दूसरे के भोजन का स्वाद लेते हुए सभी धर्म और समाज के लोगो ने साथ में खाना खाया, सभी लोग अपने अपने घर से खाना लेकर आए थे, जिसमे अलग अलग तरह की चटनी कोई आम की चटनी तो कोई पुदीना की चटनी, लहसुन धनिया मिर्च की चटनी, अलग अलग तरह की सब्जियां, कई प्रकार की दाल, गेंहू, जौ, बाजरा, मक्का, चना की अलग अलग तरह की रोटियां, पूड़ी, पराठे, कई प्रकार के साग, अलग अलग प्रकार का रायता, कई तरह की मिठाइयां लोग लेकर आए थे। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि यूं समझिए कि ऐतिहासिक भूमि काकोरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड पर सभी धर्म और सभी समाज के लोगों और माताओं बहनों के साथ छप्पन भोग का आनंद लिया, सभी लोग बहुत खुश हैं, सभी ने हर माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को एक साथ सुनने का संकल्प भी लिया।

### गुलाम हुसैन पुरवा के निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर

लखनऊ। विकास की एक किरण भी नही पहुँची गुलाम हसन पुरवा, लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गुलाम हुसैन पुरवा मौजा उजारियांव, परगना तहसील व जिला लखनऊ के मूल निवासियों की भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना भाग-2 के अंतर्गत 1984 में अधिकृत की गई थी। भूमि अधिग्रहण के 39 वर्ष बाद भी इस गांव के निवासियों को आज तक पीने का पानी नहीं मिल पाया है, जबकि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2015 में ही लगभग 50 लाख रुपए की लागत से गुलमोहर पार्क में ट्यूबेल और पंप हाउस बनाया गया था।इसके अतिरिक्त गांव की सीवर लाइन जो नालियों में हमेशा बहती रहती है जिसके कारण प्रतिवर्ष संक्रामक बीमारियां पैदा हो जाती है। बीमारियां पैदा होने का खतरा है। गांव में न तो नाली, न रोड की सफाई और न ही अन्य किसी सुविधा के लिए कोई दिखाई देता है। यहां की पार्षद 5 वर्ष क्षेत्र में कहीं दिखाई नहीं पड़ी। गांव में फागिंग भी नहीं कराई जाती है इसलिए मच्छरों का प्रकोप भी काफी फैला हुआ है। एशिया की सबसे टॉप की कॉलोनी, गोमती नगर के हृदय स्थल विभूति खंड के मध्य आज आने वाले ग्राम- गुलाम हुसैन पुरवा के निवासियों की समस्त भूमि का अधिग्रहण कर लेने के बाद भी कोई सुविधा ना मिलने के कारण यहां के निवासी, नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। शासन प्रशासन भी कभी इस ओर कोई ध्यान नहीं देता है।

# खत्म होगी बसपा सांसद अफजाल अंसारी की सदस्यता

भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई रिपोर्ट

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**गैंगस्टर** केस में अदालत से दोषी ठहराए गए व चार साल की सजा के बाद सांसद अफ्जाल अंसारी की लोकसभा सदस्यता खत्म होना तय है। भारत निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के बाद लोकसभा सचिवालय इस पर कार्रवाई करेगा। अफ्जाल की सदस्यता को लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अफसरों ने मंथन किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत दो साल से ज्यादा सजा होने पर जनप्रतिनिधियों की सदस्यता स्वतः समाप्त समझी जाती है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार के अभियोजन विभाग की ओर से अफ्जाल अंसारी की सजा को लेकर रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी। गौरतलब है कि माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के 14 साल पुराने मामले में गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल और उसके भाई बसपा सांसद अफ्जाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई है। मुख्तार पर पांच लाख और अफ्जाल पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया है। अफ्जाल को कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जेल भेज दिया गया है। मुख्तार पहले से ही बांदा जेल में बंद हैं। इससे पहले तक सांसद अफ्जाल जमानत पर था। मुख्तार की पेशी जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई, जबकि अफ्जाल खुद अदालत पहुंचा था। अफ्जाल को दो साल से ज्यादा की सजा हुई है। ऐसे में उसकी संसद सदस्यता जाना तय है। सरकारी वकील नीरज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। अंसारी भाई 30 दिन के अंदर फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर सकेंगे।

# तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी,भीषण गर्मी से राहत मिली

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** में रविवार दोपहर को तेज बारिश हुई। जिससे एक बार फिर मौसम बदल गया और आसमान में काले घने बादल छा गये। दोपहर तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिसके बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है। इस साल अप्रैल शुरू होने के साथ ही सूरज भीषण आग बरसा रहा है। जिसके कारण लोगों को गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। बीच-बीच में मौसम बदलने से लोगों को राहत मिल रही थी। लेकिन पिछले दो दिनों से फिर मौसम बदल गया था और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में जब शनिवार को आसमान में बादल छाए तो आमजनों ने राहत महसूस की। इस साल अप्रैल में ही तेज धूप और गर्मी पड़नी शुरू हो गई थी और और लोगों को मई-जून जैसी गर्मी का एहसास हो रहा है। बीते दिनों शहर का तापमान भी 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं दूसरी ओर न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस था। ऐसे में जब रविवार को मौसम बदला तो लोगों ने राहत महसूस की। वहीं तापमान में भी 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बाद मौसम में ठंडक आ गई और लोगों को बिना कूलर और एसी के ही राहत मिलती रही। मौसम बदलने के बाद जहां अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी के आलमगबाग, चारबाग, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में बारिश हुई है। उधर, शनिवार शाम लखीमपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। बिजली गिरने से किसान का सिर फट गया। वह गन्ने के खेत में काम कर रहा था। लखनऊ डीएम सूर्यपाल गंगवार ने स्कूलों की टाइमिंग को लेकर नया आदेश जारी है। कक्षा 1 से कक्षा 12 के सभी स्कूलों को दोपहर 12.30 बजे तक ही खोलने का आदेश दिए हैं। मौसम विभाग ने सभी 75 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं, लखनऊ के मौसम विभाग के मुताबिक, लखनऊ-कानपुर में बारिश के साथ आंधी की आशंका है। दोनों शहरों में पिछले 3-4 दिनों से मौसम ऐसा ही बना है। यह क्रम 2 मई तक जारी रहने की संभावना है।




# आकाश बायजू के 21 छात्रों ने जेईई मेन्स में 95 परसेंटाइल व उससे अधिक अंक प्राप्त किए

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** के आकाश बायजूस के 21 छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2023 में कुल मिलाकर95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए, जिससे उनके माता-पिता और संस्थान के पूरे स्टाफ को बहुत खुशी हुई। परिणाम कल राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में ऋषिक यादव हैंजिन्होंने 99.73, समीर गुप्ता ने 99.72, सूर्यांश दीक्षित ने 99.54, अर्णव सिंह ने 99.39, प्रभाव कुमार पांडे ने 99.37, विनेश दुबे ने 99.22 अंक प्राप्त किए। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राममें शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट मेंअपने प्रवेश का श्रेय कॉन्सेप्ट को समझने और सीखने केकार्यक्रम का सख्ती से पालन किया। ÷हम आभारी हैं किआकाश बायजूस ने दोनों के साथ हमारी मदद की है। अन्यथा संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय मेंविभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। छात्रों को बधाई देते हुए, अभिषेक माहेश्वरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आकाश बायजूस ने कहा, ÷हम सभी छात्रों को उनकेअनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। शीर्ष पर्सेंटाइलस्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पणके बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हेंशुभकामनाएं देते हैं। जेईई (मेन) छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कईअवसर देने के लिए दो सत्रों में आयोजित किया जाता है। जबकिजेईई एडवांस केवल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए है, जेईई मेन भारत में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीसंस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंगकॉलेजों में प्रवेश के लिए है। जेईई एडवांस में बैठने के लिए छात्रोंको जेईई मेन में शामिल होना पड़ता है आकाश बायजू हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों केलिए कई कोर्स फॉर्मेट में आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करताहै। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षणविकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका आईटयूटर रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर प्रदान करता है। मॉक टेस्ट वास्तविकपरीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों कोपरीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।




# होम आइसोलेशन में कोरोना संक्रमित की मौत,24 घंटे में 352 नए मरीज मिले

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**यूपी** में कोरोना जानलेवा होता जा रहा है। यूपी में बीते 24 घंटे में 352 नए मरीज मिले। इस दौरान लखीमपुर खीरी में एक संक्रमित के मौत की खबर है। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 2897 हैं। वहीं, 434 मरीज रिकवर भी हुए है। प्रदेश में सबसे ज्यादा संक्रमित लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में हैं। महोबा को छोड़कर राज्य के सभी 74 जिलों में कोरोना फैल चुका है। रविवार सुबह आई रिपोर्ट में 55 साल के पुरुष की मौत हो गई। लखीमपुर खीरी में संक्रमित मरीज पहले से ही टीबी की चपेट में था। चौकानें वाली बात यह हैं कि 21 अप्रैल को पॉजिटिव आने के बाद संक्रमित होम आइसोलेशन में था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। इससे पहले शनिवार सुबह आई रिपोर्ट में लखनऊ, मेरठ, आगरा और सुल्तानपुर में एक-एक संक्रमित के मौत की खबर हैं। इससे पहले शुक्रवार की रिपोर्ट में अमेठी, संभल, बरेली और अम्बेडकर नगर में कोरोना संक्रमितों की मौत दर्ज थी। हालांकि विभागीय अफसरों से इन मृतकों के बारें में फिलहाल ज्यादा जानकारी नही मिली हैं। प्रदेश की बात करें तो अप्रैल में अब तक 14757 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। डराने वाली बात यह है कि इस दौरान 36 मौतें भी हो चुकी है। राजधानी लखनऊ में अप्रैल में अब तक कुल 2780 केस और 4 मौतें हो चुकी हैं। हालांकि डॉक्टरों की मानें, तो इनमें से ज्यादातर मौत पहले से गंभीर बीमारी की चपेट में रहे लोगों की हुई है। 24 घंटे में लखनऊ में 64 पॉजिटिव केस (एक्टिव केस-526) हैं। वही गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा में 36 पॉजिटिव मरीज (एक्टिव केस-384) और गाजियाबाद में 32 (एक्टिव केस 237) मिले हैं। इसके अलावा मेरठ में 16 पॉजिटिव केस (एक्टिव केस-112), गोरखपुर में 10 (एक्टिव केस-119), वाराणसी में 12 पॉजिटिव केस (एक्टिव केस-102) मिले हैं।

# मध्याह्न भोजन में बच्चों को बाजरे की रोटी और खिचड़ी दिए जाने की तैयारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** में सरकारी स्कूलों के छात्रों को बेहतर पोषण के लिए सरकार ने सप्ताह में कम से कम एक बार बाजरे की रोटी और खिचड़ी देने की तैयारी की है, जिसकी शुरुआत जल्द हो सकती है। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। इस संबंधी प्रस्ताव भारत सरकार ने पेश किया था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र और एफएओ (खाद्य और कृषि संगठन) शासी निकाय के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया था। उत्तर प्रदेश में स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद ने कहा, ''मध्याह्न भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने के संबंध में हम जल्द ही केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।'' कक्षा एक से आठ तक के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार उत्तर प्रदेश के मध्याह्न भोजन प्राधिकरण ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव दिया है कि राज्य भर के 1.42 लाख स्कूलों में छात्रों को मोटा अनाज आधारित भोजन परोसा जाए। योजना के मुताबिक, मध्याह्न भोजन में छात्रों को बाजरे की रोटी या खिचड़ी परोसी जाएगी। इसके साथ सब्जी या मूंग की दाल दी जाएगी। इसके लिए मध्याह्न भोजन प्राधिकरण को अनुमानित 62,000 टन मोटा अनाज खरीदने की जरूरत है। वर्तमान में सप्ताह में छह दिन बच्चों को सब्जियों या प्रोटीन के साथ गेहूं या चावल से बने व्यंजन परोसे जाते हैं। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने हाल में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में बाजरा को शामिल करने की योजना की घोषणा की थी। मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए बाजरा उपलब्ध कराने के वास्ते राज्य सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को एक प्रस्ताव भी भेजा है।

# देशी-विदेशी जोड़े उत्तर प्रदेश के किलों और महलों में भी जल्द रचा सकेंगे शादी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

राजस्थान के महलों में देशी-विदेशी जोड़ों की शादियों (डेस्टिनेशन वेडिंग) से होने वाली भारी आय को देखते हुए अब उत्तर प्रदेश सरकार भी राज्य के प्रसिद्ध किलों, महलों और ऐतिहासिक स्थलों को 'वैवाहिक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित कर कमाई करने की तैयारियों में जुट गई है। उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के तहत नयी पर्यटन नीति-2022 में इस तरह की पहल की गई है और बहुत जल्द मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस संबंध में प्रस्ताव लाए जाने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (पर्यटन एवं संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश में राजसी ठाठ-बाट और सांस्कृतिक विरासत के जरिये शादी को यादगार बनाने वाले बहुत ही आकर्षक स्थल मौजूद हैं। आगरा का ताजमहल जहां प्यार का प्रतीक है, वहीं मथुरा-वृंदावन को आध्यात्मिक प्रेम की नगरी माना जाता है।÷ उन्होंने कहा, ÷चुनार किले से लेकर बाजीराव-मस्तानी के अगाध प्रेम से जुड़ा महोबा का 'मस्तानी महल' और बुंदेलखंड के विभिन्न किले भी लोकप्रिय 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के रूप में उभर सकते हैं। हम इन महलों और किलों को 'वैवाहिक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित करने जा रहे हैं, ताकि लोग प्रेम की अटूट गाथा के गवाह स्थलों पर वैवाहिक बंधन में बंध सकें।÷ एक अधिकारी ने बताया, ÷राजस्थान में नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच लगभग 40 हजार 'डेस्टिनेशन वेडिंग' हुई। प्रदेश में एक सत्र में इस तरह की शादियों से औसतन 2,500 करोड़ रुपये का कारोबार होता था, जो कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुआ था। हालांकि, अब यह धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है।÷ पर्यटन विभाग का आकलन है कि बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए आगरा और वाराणसी आते रहे हैं, लेकिन कोविड-19 की दस्तक के बाद से प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की आमद कम हो गई है और 'डेस्टिनेशन वेडिंग' का आकर्षण भी घटा है। प्रमुख सचिव ने बताया, ÷अब स्थिति सामान्य हो रही है। ऐसे में विभाग ने राज्य में 100 स्थानों को 'वैवाहिक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। हालांकि, अगले साल तक मुख्य रूप से मिर्जापुर के चुनार किला, लखनऊ की छत्तर मंजिल, बरसाना के जल महल और झांसी के बरुआ सागर समेत 10 ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों पर 'डेस्टिनेशन वेडिंग' की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।÷ मेश्राम ने कहा, ÷हम मंत्रिमंडल के समक्ष यह प्रस्ताव पेश करने के लिए तैयार हैं। पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) आधारित इस प्रस्ताव के तहत, उपेक्षा के कारण खंडहर में तब्दील हो रहे किलों, महलों और धरोहरों की मूल वास्तुकला में किसी भी तरह का बदलाव किए उन्हें 'वैवाहिक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित किया जाएगा।÷ मेश्राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश, खासतौर से बुंदेलखंड की धरोहरों को संरक्षित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था में उनका योगदान बढ़ाने की है। पर्यटन विभाग के एक उप-निदेशक ने बताया, ÷सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी कई वैवाहिक पर्यटन स्थल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मिसाल के तौर पर मध्य प्रदेश के ओरछा में किलों और महलों में खूब शादियां होती हैं। कई बार मनचाही तारीख पर बुकिंग न मिलने पर जोड़े निकटवर्ती बरुआसागर किला को भी 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के लिए चुनते हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷झांसी-खजुराहो मार्ग पर करीब साढ़े सात एकड़ में फैले बरुआसागर किले के बारे में बताया जाता है कि झांसी की रानी गर्मियों के दिनों में यहां अपना दरबार लगाती थीं। ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय कुमार ने प्रदेश सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य को 'वैवाहिक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित करने से परिवहन, फोटोग्राफी, ज्वेलरी, कपड़ा, हलवाई, बैंड-बाजा, टेंट, मैरिज लॉन, इवेंट मैनेजमेंट, सजावट, आर्केस्ट्रा, कैटरिंग और होटल आदि उद्योगों को न सिर्फ बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा।

# पार्क, तालाब समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हुए अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश में अवैध निर्माण को लेकर सख्त योगी सरकार अब नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि, पार्क, तालाब, पोखर समेत किसी भी सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने जा रही है। सरकार की ओर से सभी नगरीय निकायों को ऐसे अवैध निर्माण व अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नियमानुसार कार्रवाई के साथ ही इसकी जानकारी एंटी भूमाफिया पोर्टल पर भी दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अवैध निर्माण को लेकर प्रदेश सरकार पहले भी कड़े कदम उठा चुकी है। खासतौर पर भूमाफिया के चंगुल से प्रदेश में हजारों करोड़ रुपए की जमीन को मुक्त कराया जा चुका है। इसी क्रम में अब नगरीय निकाय में यह अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध निर्माण से मुक्त कराने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक नगरीय निकाय से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने निकाय में ऐसी सार्वजनिक भूमियों, पार्क, तालाब, पोखर इत्यादि को चिन्हित करेंगे। जिनका भूमाफिया या किसी के भी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। ऐसी सभी सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसको प्ळै पोर्टल (एंटी भूमाफिया पोर्टल) पर राजस्व विभाग के सहयोग से दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक नगरीय निकाय का यह दायित्व होगा कि वह अपने निकाय से संबंधित सूचना निदेशक, स्थानीय निकाय



निदेशालय को उपलब्ध कराएंगे। वहीं निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय इस सूचना को शासन को उपलब्ध कराएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने और अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराए जाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा एंटी भूमाफिया अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 2017 से प्रारंभ किया गया था। एंटी भू माफिया अभियान की समीक्षा के लिए 4 स्तरीय टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। इसमें राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर समीक्षा होती है। मुख्य सचिव दया शंकर मिश्रा राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के अध्यक्ष हैं, जबकि अन्य विभागों के साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग इस राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स के सदस्य हैं। समय-समय पर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव राजस्व विभाग द्वारा राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स कीसमीक्षा बैठक की जाती रहती है। हाल में संपन्न राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में पाया गया कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों एवं अवैध कब्जेदारों की सूचना एंटी भूमाफिया पोटर्ल पर नगण्य है। भविष्य में राज्य स्तरीय एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक उच्च स्तर पर होने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से यह कदम उठाया गया है।

# सपा, बसपा और कांग्रेस का जनता से सरोकार समाप्तः भूपेंद्र चौधरी

- भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर बनाये ट्रिपल इंजन की सरकार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सिर्फ बयानबाजी कर निकाय चुनाव लड़ रही है, इनका जनता से सरोकार समाप्त हो चुका है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद में जनसंवाद करते हुए कहा, नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजय का आशीर्वाद देकर नगरों के विकास की गति को निर्वाध बनाएरखिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों द्वारा नगर विकास की योजनाओं को भाजपा से चुने हुए जनप्रतिनिधि ही ईमानदारी से धरातल पर उतारकर सुन्दर, स्वच्छ व आधुनिक नगरों का निर्माण करेंगे। इसलिए विकास का तीसरा इंजन जोड़कर भाजपा प्रत्याशियों को विजय का आशीर्वाद दीजिए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने जनता की आशाओं पर खरे उतरते हुए विकास कार्य किए हैं और कर भी रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी संकल्पों को पूरा किया हैं। सरकार की सभी योजनाएं पारदर्शी रूप से संचालित हो रही हैं। भाजपा सरकार बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा सभी पर काम रही है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली हमारी प्राथमिकता में है। बिजली विकास का सशक्त माध्यम हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के बिजली वितरण हो रहा हैं जबकि पूर्व की सपा-बसपा सरकारों के कार्यकाल में बिजली के मामले में वीआईपी कल्चर लागू था, कुछ चयनित जिलों व क्षेत्रों में बिजली दी जाती थीं। भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली वितरण में पारदर्शी व्यवस्था लागू है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है सबको साथ लेकर चलना। भाजपा सभी को साथ लेकर चलने के लिए संकल्पित हैं।

## खबरें एक नजर में

### एकेटीयू के फार्मेसी संकाय में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण का प्रसारण एकेटीयू के फार्मेसी संकाय में सामूहिक रूप से किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विगत 3 अक्टूबर 2014 से विभिन्न मुद्दों पर अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से भारत के नागरिकों को संबोधित करते रहे हैं और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों और विचारों पर नागरिकों को सहभागी होने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। इसी क्रम में 30 अप्रैल 2023 को मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी में देशभर के 8 लाख स्थानों और विश्व स्तर पर भी कई स्थानों पर व्यापक रूप से भाग लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम सबसे अधिक भाग लेने वाला रेडियो कार्यक्रम होने और इसका गिनीस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. आलोक राय के निर्देशन में एकेटीयू परिसर में सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलसचिव ज्ञानपाल सिंह, उपकुलसचिव डॉ राजीव कुमार सिंह, सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, फार्मेसी संकाय के एसोसिएट डीन प्रो. आकाश वेद, सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार शर्मा, लाइब्रेरियन डॉ रामकुमार पाठक, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह के साथ फार्मेसी संकाय के शिक्षक नीलकंठ मणि पुजारी, जयबीर सिंह, विकास चौधरी, अंजलि सिंह और समस्त फार्मेसी छात्र उपस्थित रहे।

### पावर कारपोरेशन के लेखाधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी सस्पेंड

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने दो लापरवाही अधिकारियों के सस्पेंड कर दिया है। यूपीपीसीएल के लेखा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी निलंबित किये गए हैं। पावर कारपोरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक यूपीपीसीएल मुख्यालय में तैनात लेखा अधिकारी सुशील कुमार पांडेय निलंबित हुए हैं। वे बिना जानकारी के 6 माह लगातार ड्यूटी से गायब चल रहे थे। चेयरमैन ने लगातार बगैर विभाग की जानकारी में गैरहाजिर रहने के कारण एक्शन लिया है। वहीं पावर कारपोरेशन मुख्यालय में तैनात सहायक समीक्षा अधिकारी मदन सिंह को भी निलंबित किया गया है। चेयरमैन यूपीपीसीएल एम देवराज ने दोनों को निलंबित करते हुए साफ कहा कि अनियमितता और भ्रष्टाचार के लिये कोई गुंजाइश नहीं है।

### स्वामी मुकुंद दास जी का पर निर्माण महोत्सव शुरू

**लखनऊ।** मानव जीवन बार-बार नहीं मिलता मनुष्य का जीवन सत कर्मों के लिए मिला है। मात्र जीवन दैनिक आवश्यकता की पूर्ति व सांसारिक विषयों भोग विलास था में इसे व्यर्थ ना गवाएं। प्रभु के बताए हुए सद मार्ग पर चलकर इसे सार्थक करें। मलिहाबाद के मुंशीगंज स्थित श्री रामकृष्ण प्रणामी मंदिर में शनिवार से शुरू हुए स्वामी मुकुंद दास के 398 पर निर्माण महोत्सव के प्रथम दिन नौतन पुरी धाम गुजरात के कथावाचक राजीवलोचन महाराज ने भक्तों को कुछ इस तरह से सत मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### भाजपा ने बागी प्रत्याशी को निकाला

**लखनऊ।** इटौंजा पार्टी लाइन से हटकर चुनावी मैदान में उतरे भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों पर पार्टी ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इस क्रम में रविवार को भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष महोना अजय मिश्रा बाबा कार्यकर्ता संदीप शुक्ला को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी ने बताया कि अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा के बाद भी अजय मिश्रा बाबा मोहन मुहाना और संदीप शुक्ला इटौंजा से अध्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं। इसे देखते हुए दोनों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

## नगर निगम की 15 करोड़ की 25 बीघे भूमि कब्जा मुक्त, हटा अतिक्रमण

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेशानुसार नगर में चलाए जा रहे अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज एक बड़ी कार्यवाही संपादित की गई है। जिसके तहत नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से की गई प्लाटिंग व अवैध अतिक्रमण को पूर्ण रूप से हटवा कर भूमि को खाली करवा दिया गया है।आज प्रातः नगर निगम के जिम्मेदार अफसरों व कर्मचारियों के द्वारा अमौसी ग्राम के अन्तर्गत मौजूद नगर निगम की लगभग 25 बीघे जमीन जिसका अनुमानित मूल्य 15 करोड़ है, उसे कब्जा मुक्त कराया गया। भूमि पर लोगों ने अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग की हुई थी और अवैध अतिक्रमण भी उक्त भूमि पर व्याप्त था।

# भाजपा पर जमकर बरसे शिवपाल सिंह यादव

- समाजवादी पार्टी के लिए वोट की अपील की

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए समाजवादी राष्ट्रीय महासचिव ने मैदान में उतरकर हुकार भरते हुए समाजवादी पार्टी के लिए वोट की अपील करते हुए भाजपा पर जमकर बरसते हुए प्रत्यासी को जीतने की बात कही ।

रविवार को मलिहाबाद तहसील के सरांय ग्राउंड में पूर्व मंत्री इंसराम अली द्वारा आयोजित जनसभा में पहुँचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने सपा प्रत्याशी हुमैरा ख़ातून के पक्ष में





जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, उसके बाद भी नगर नगर पंचायतों में कोई भी विकास नहीं हुआ है। यहां तक समाजवादी पार्टी द्वारा कराये गये विकास कार्यो को भाजपा अपना बताती है। क्योकि भाजपा ने पिछले छह वर्षो में सिर्फ जोड़तोड़ की राजनीति करके जनता को विकास के मुद्दे से भटकाया है। समाजवादी पार्टी नगर निकाय चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ रही है और सपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। जो आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के काम करेगी। इसलिए नगर निकाय चुनाव में सभी प्रत्याशियों को जिताकर सपा को मजबूत करने का काम करे। अभी तक मलिहाबाद की जनता ने समाजवादी का चेयरमैन चुना है और इस बार भी हमे पूरा यकीन है कि मलिहाबाद की जनता पुनः सपा प्रत्याशी को जिताकर भारी मतों से नगर पंचायत का अध्यक्ष बनायेगी। इस मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया पूर्व प्रत्याशी राज बाला रावत फ़िरोज़ खां उर्फ शन्नू पूर्व जिला पंचायत सरोज यादव,अमान हसन खान,अमरोज़ हसन खां पूर्व लोक सभा प्रत्यशी सीएल वर्मा पूर्व,ब्लॉक प्रमुख खुदादाद खां पूर्व मंत्री इंसराम अली,पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम गोपाल मोहसिन खां,पूर्व ज़िला महासचिव राशिद अली ज़िला अध्यक्ष जय सिंह जयंत व सैकड़ो सपा कार्यकर्ता सहित हज़ारों की संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रही।

# जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी ने आयोजित किया मेगा ड्रा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**जुगल किशोर** ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी द्वारा आयोजित अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर 2 अप्रैल से 28 अप्रैल की सेल के दौरान अपने हजरतगंज और इंदिरानगर स्थित स्टोर्स के ग्राहकां को मिले लकी कूपन का आज मेगा ड्रा आयोजित किया। मेगा ड्रा जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी के श्री कमल किशोर रस्तोगी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस लकी ड्रा में मारुति इग्निस कार के विजेता के रूप महिंद्र सिंह के नाम की घोषणा की गई। वही लकी ड्रा में होंडा एक्टिवा के विजेता शशि सिंह बनीं और आईफोन के विजेता के रूप में मोहम्मद हैदर के नाम की घोषणा हुई। जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी के राजन रस्तोगी ने बताया कि अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर हम अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए आकर्षक योजना लेकर आए थे।



2 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 35000 रुपए या उससे अधिक के आभूषण खरीदने पर हमारे ग्राहकों को एक लकी कूपन दिया गया था। इसके माध्यम से प्रतिदिन 5 लकी ग्राहक हजारों के आकर्षक पुरुस्कार दिये गये। इसके अतिरिक किसी भी खरीद पर सभी ग्राहकों को एक विशेष स्क्रैच कार्ड मिला जिससे उन्हें उनकी खरीद पर एक निश्चित डिस्काउंट भी दिया गया था। साथ ही लकी कूपन के माध्यम से मेगा ड्रा का भी हिस्सा बन लकी ग्राहकों को कार, स्कूटी व आईफोन जीतने का अवसर मिला जिसका मेगा ड्रा आज सम्पन्न हुआ।

# सैनिक के घर चोरी, लखनऊ पुलिस बोली पत्नी से चुनाव चल रहा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**राजधानी** सहित पूरे उत्तर प्रदेश में ऐसे बहुत मामले देखने में आते हैं जहां पुलिस की लापरवाही से अपराधी ना केवल भागने में सफल हो जाते हैं बल्कि कार्यवाही ना होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ जाता है और अपराधों की बाढ़ आ जाती है। खास तौर पर चुनाव के समय यदि कोई घटना घट जाती है तो पुलिस के पास सीधा बहाना व्यस्तता का होता है लेकिन इस बार लखनऊ पुलिस ने लापरवाही की ऐसी हद पार कर दी कि भारतीय सेना के सिपाही का परिवार दर बदर ठोकरें खा रहा है। राजधानी के बिजनौर थानांतर्गत चंद्रावल की वन्दे भारत कॉलोनी में भारतीय सेना में हवलदार सत्यप्रकाश सिंह का मकान है जो इस समय असम में तैनात है। उनकी पत्नी ममता सिंह दो छोटे बच्चों के साथ यहां रहती है। गत 28 अप्रैल को वह दोपहर में परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने गई थी और जब रात में



लगभग दो बजे वापस लौटी तो पाया कि पीछे का दरवाजा खुला हुआ था और घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारियां खुली देखी तो पता चला कि घर से लगभग 4-5 लाख रुपए के कीमती गहने और मोबाइल फोन चोरी हो चुके थे। ममता सिंह ने बताया कि उन्होंने तुरंत 112 नम्बर डायल किया, पुलिस आई और स्थानीय बिजनौर थाने को सूचना दी गई। अगले दिन 29 अप्रैल को कुछ भूतपूर्व सैनिकों के साथ ममता सिंह बिजनौर थाने सुबह 10 पहुंची और बहुत हीलाहवाली के बाद लगभग दो बजे एफआईआर दर्ज हो सकी जबकि डेढ़ बजे तक उनका चोरी हुआ मोबाइल फोन ऑन था। ममता सिंह बताती है कि उन्हें पास के निर्माणाधीन घरों में काम कर रहे कुछ मजदूरों पर शक है जो अक्सर पानी पीने के बहाने आते थे और उनका नाम भी उन्होंने रिपोर्ट में लिखवाया है लेकिन बिजनौर पुलिस की लापरवाही से 30 अप्रैल तक कोई पूछताछ, मोबाइल सर्विलांस, फिंगरप्रिंट या गिरफ्तारी नहीं की गई है। ममता सिंह ने कहा कि उनके पति देश की रक्षा कर रहे हैं कि भारत सुरक्षित रहें लेकिन उनके घर की हिफाजत लखनऊ पुलिस नहीं कर पा रही है। ममता सिंह ने बताया कि जब वह रिपोर्ट दर्ज करवाने गई तब बिजनौर पुलिस ने उनसे कहा कि यूपी में नगर निकाय चुनाव चल रहा है और पुलिस केवल उनके चोर को पकड़ने के लिए ही खाली नहीं बैठी है। दो दिन बीतने के बाद भी थानाध्यक्ष मनोज कुमार भदौरिया या हलका इंचार्ज विवेक कुमार शुक्ला मौका मुआयना करने तक नहीं आए हैं। पड़ोसी भूतपूर्व सैनिक दिनेश सिंह ने कहा कि यहां आबादी बहुत कम है जिसका फायदा यहां रहने वाले मजदूर उठा रहें हैं। पहले भी चोरियां हो चुकी है लेकिन बिजनौर पुलिस के हाथ खाली है।

# यूपीकॉन के 50वें स्थापना दिवस पर उत्तर प्रदेश स्टार्ट-अप कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश** के लघु एवं मध्यम उद्योगों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता सेवा प्रदाता कंपनी यूपीकॉन के 50वें स्थापना दिवस पर यूनिकॉर्न स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टार्ट-अप वर्कशॉप-2023 का आयोजन किया गया। शनिवार को कॉन्क्लेव में यूपी के विभिन्न स्टार्ट-अप सहित कई उद्योग भागीदारों, सलाहकारों और इन्क्यूबेटरों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यूपीकॉन के प्रबंध निदेशक प्रवीण सिंह ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश अवसरों की अनंत संभावना है। डैडम् क्षेत्र में एक अग्रणी सलाहकार के रूप में हमने पिछले कुछ वर्षों में यूपी के विकास में काफी तेजी देखी है। पिछले छह वर्षों में योगी आदित्यनाथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी नीतियों के चलते राज्य में औद्योगिक विकास को नए पंख लगे हैं। अमित मोहन प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव-एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन, यूपी और अध्यक्ष यूपीकॉन ने अपनी प्रारंभिक उद्बोधन में उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति के विकास पर काफी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पालिसी के स्तर पर हम नियमित रूप से विकसित हो रहे हैं और संपूर्ण स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में डिजिटलीकरण और नए समय की तकनीक के उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिससे हमें इच्छित परिणाम प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। नरेंद्र भूषण प्रधान



सचिव आईटी और आईटीई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्टार्ट-अप कल्चर का केंद्र बनता जा रहा है। हमने पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप्स के रजिस्ट्रेशन में काफी बढ़ोत्तरी देखी है। हम नई नीतियों के निर्माण, विभिन्न पंजीकरण प्रक्रियाओं पर नए सिरे से काम करने, सिंगल विंडो सिस्टम, वित्त पोषण और सरकार की ओर से है संभव सहायता उपलब्ध करा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को स्टार्ट-अप का हिस्सा बनने और राज्य के भीतर रोजगार सृजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दिन भर चली इस कार्यशाला में कई दिग्गज उद्योगपतियों और शासन से जुड़े अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने स्टार्ट-अप संस्कृति और स्टार्ट-अप उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में विकास के अवसरों पर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की गई उनमें कृषि, शिक्षा और आईटी शामिल थे। एजु स्टार्ट-अप और शिक्षा क्षेत्र में विकास के अवसर पर चर्चा करते हुए दीपक कुमार, (एसीएस, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा यूपी) ने कहा कि हम युवा उद्यमियों विभिन्न नवाचारों से परिचित हो रहे हैं जो शिक्षा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी और डेटा के सही उपयोग के चलते गेम चेंजर साबित हो रहे हैं।

## पालीटेक्निक संस्थाओं में ऑनलाइन आवेदन की तिथि अब 15 मई

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद, उप्र, लखनऊ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश में स्थित विभिन्न राजकीय, अनुदानित, पीपीपी निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम ग्रुपों में प्रवेश हेतु वर्ष 2023 की आनलाइन, सी0बी0टी0 प्रवेश परीक्षायें 01 जून से 05 जून, 2023 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित कराई जा रही है। वर्तमान में एन0आई0सी0 के पोर्टल पर आनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन की अन्तिम तिथि 01 मई, 2023 निर्धारित थी। सचिव राम रतन ने बताया कि व्यापक लोकहित में आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 01 मई 2023 से बढ़ाते हुए 15 मई 2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आनलाइन आवेदन करना सम्भव नहीं होगा। प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारियाँ परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस, सपा, रालोद के कई नेता बीजेपी में हुए शामिल, बृजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश में पूर्ववर्ती अखिलेश सरकार में मंत्री रहीं अरुणा कोरी और कांग्रेस के निर्वतमान शहर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू समेत समाजवादी पार्टी कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल के कई दिग्गज नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में इन नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि श्रीमती कोरी कानपुर नगर की बिल्हौर विधानसभा सीट से विधायक रह चुकी हैं। इसके अलावा शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू, रालोद बिजनौर के पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी राहुल चौधरी, सपा से वांदा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवराज




गुप्ता ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उपमुख्यमंत्री ने सपा, कांग्रेस व रालोद के नेताओं व कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय पथ पर बढ़ते हुए गांव, गरीब, किसान, नौजवान की आर्थिक उन्नति से अंत्योदय लक्ष्य को प्राप्त कर रहें है।पाठक ने कहा कि वैभवशाली राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मूलमंत्र लेकर कार्य कर रही भाजपा सरकारों के कार्य तथा सबका-साथ, सबका-विकास व सबके के विश्वास की विचारधारा के साथ जुड़ते हुए बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं।

# चुन-चुनकर प्रदेश से अपराधियों का होगा खात्मा : डिप्टी सीएम

- पहले की सरकारों में होती थी लापरवाही : डिप्टी सीएम
- पड़ोसी देश में आटा के लिए हाहाकार, हमारे देश में फ्री में बांट जा रहा गेहूं : बृजेश पाठक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक रविवार को शहर के नगर पालिका मैदान में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि चुन-चुन कर अपराधियों को सजा दिलवाई जाएगी। पहले की सरकारों में अभियोजन की तरफ से लापरवाही की जाती थी, लेकिन बीजेपी सरकार में अपराधियों का खात्मा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ इटावा और सैफई में 24 घंटे बिजली मिलती थी। अब पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार को जन सभा के लिए श्रावस्ती पहुंचे। श्रावस्ती में उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इसके बाद वह हेलीकाप्टर पुलिस लाइन पहुंचे इसके बाद वहा से बहराइच के नगर पालिका सभागार में जन सभा को संबोधित करने पहुंचे। दोपहर एक बजे उप मुख्यमंत्री का जिले के सांसद व विधायकों और अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस शासनकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, जिससे देश के छवि पूरे विश्व में खराब हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री भ्रष्टाचार में जेल भेजे गए। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे रिश्तेदार पहले जब आते थे तो गांव और शहर में बिजली आपूर्ति के लिए रोस्टर की जानकारी लेते थे। सपा शासनकाल में सिर्फ इटावा और सैफई में 24 घंटे बिजली दी जाती थी। जबकि अब पूरे प्रदेश की जनता को 24 घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की करोड़ों जनता को सरकार फ्री में राशन दे रही है। जबकि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में आटा के लिए हाहाकार मचा हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश में जब से सरकार आई है, तब से विकास की गति काफी बढ़ा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में कोई गुंडा माफिया नहीं है, सबकी कमर योगी सरकार ने तोड़ दी है। बृजेश पाठक ने कहा कि बहराइच नगर क्षेत्र में जलभराव, सड़क, सफाई और सीवरेज की समस्या से निजात पाने के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधा टेकडीवाल को जीत दिलाएं। जिससे विकास कार्य में केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा। इससे पूर्व जनसभा को जिले के प्रभारी मंत्री संजय निषाद, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकडीवाल, एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, सांसद अछयवर लाल गौड़, महामंडलेश्वर रविगिरी जी महाराज ने भी संबोधित किया। इस दौरान पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, नानपारा रामनिवास वर्मा बलहा विधायक सरोज सोनकर, जिला प्रभारी नीरज सिंह, चुनाव प्रभारी तरुण त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, ब्लाक प्रमुख पति संजय जायसवाल समेत अन्य शामिल रहे।

### प्रदेश में कोई माफिया गिरोह नहीं है सभी के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा पहले बहन-बेटियां घर से बाहर निकलने से पहले डरती थी। बेटियों को गुंडे छेड़ते थे। आज एंटी रोमियों का गठन कर 25000 मुकदमें दर्ज कर गुंडो को सबको सबक सिखाया गया। आज अपराधी गले में पट्टी डालकर पहुंचते हैं और कहते हैं कि हम गुंडागर्दी नहीं करेंगे, हमें गिरफ्तार कर लो। आज मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि प्रदेश में कोई माफिया गिरोह नहीं है। सभी के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया है।माफियाओं के खिलाफ न्यायालय में पैरवी कर उन्हें लगातार सजा दिलाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है। इसीलिए मै आपके बीच आया हूं। बहराइच नगर पालिका को मॉडल के रुप में विकसित करने व केन्द्र और प्रदेश की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा प्रत्याशी का जीतना जरुरी है।

### भगवान परशुराम का लिया आशीर्वाद

चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए बहराइच पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का काफिला परशुराम चौक पर कुछ देर के लिए रुका। कार से उतरे डिप्टी सीएम ने चौराहे पर बनी भगवान परशुराम की प्रतिमा को नमन किया और उनका आशीर्वाद लिया।

### प्रदेश में लाइन ऑर्डर और मजबूत करेंगे

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा की प्रदेश में लाइन ऑर्डर और मजबूत करेंगे।और हर हालत में एक-एक अपराधी को अदालत के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे।

### निर्विरोध निर्वाचित सभासद को किया सम्मानित

शहर के नगर पालिका मैदान में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से निर्विरोध निर्वाचित हुए आशीष सिंह को सम्मानित किया। मालूम हो कि आशीष सिंह सभासद पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए, उनके सामने कोई दूसरा प्रतिनिधि खड़ा नहीं हुआ था।

# पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

दिनांक 28.04.2023 को थाना करनैलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत एक महिला का शव प्राप्त हुआ था। सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा तत्काल डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। वादी यूनुस अली पुत्र हुबदार नि0 कपूरपुर साई तकिया थाना करनैलगंज जनपद गोंडा की तहरीर पर थाना कर्नलगंज में सम्बन्धित धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु एसओजी व सर्विलांस टीम सहित प्र0नि0 को0 करनैलगंज को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त मैनुद्दीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे आलाकत्ल 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मैनुद्दीन द्वारा बताया गया कि मृतका मेरी पट्टीदार थी व गांव के अगल-बगल के कई लोगों से बात करती थी जो मुझे अच्छा नहीं लगता था इसी कारण मैंने दिनांक 28.04.2023 को सूफिया की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 करनैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# सूडान में फंसे व्यक्ति को प्रशासन ने सकुशल पहुंचाया घर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सूडान में छिड़े गृह युद्ध में जनपद गोण्डा के सदर तहसील अंतर्गत ग्राम सुहेलवा बजाज चीनी मिल के रहने वाले अजय गुप्ता कई दिनों से वहां फंसे हुए थे। भारत सरकार के सफल प्रयास से अजय को सकुशल भारत लाया गया है। अजय के सूड़ान से सही सलामत वापस आने के बाद परिवार में काफी खुशी का महौल है। वहीं अजय का कहना है कि वह भारत सरकार का और खास तौर पर पीएम मोदी का धन्यवाद करते हैं। वहीं बताते चलें कि जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार के निर्देशानुसार जिला आपदा विशेषक राजेश श्रीवास्तव ने उनका जनपद में स्वागत कर उनको सकुशल घर पहुंचाया।

### दरोगा सुनील सेवानिवृत्त



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को जनपद गोण्डा में नियुक्त उ.नि.ना.पु. सुनील कुमार पुलिस सेवा में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में उन्हें फूलमाला पहनाकर, अंग वस्त्र व धार्मिक पुस्तकें भेंट कर विदाई दी तथा भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

# कीचड़ में खिलता है कमल, सड़क पर दौड़ती है साइकिल और घर-घर में नाचता है लट्टू



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 4 मई 2023 को तीन नगर पालिका और 7 नगर पंचायतों का चुनाव होना निश्चित है जिसमें यदि हम बात करें गोंडा नगर पालिका परिषद के सीट की तो यहां नगर अध्यक्ष के लिए कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें से भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती लक्ष्मी रायचदानी ,समाजवादी पार्टी से श्रीमती उजमा राशिद तथा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में श्रीमती संध्या श्रीवास्तव पत्नी निर्मल श्रीवास्तव मैदान में मौजूद है यहां हम आपको चुनावी समीकरण के बारे में भी बताते चलें कि हिंदू मतदाताओं की संख्या 60.59% मुस्लिम मतदाता 37.81% ईसाई 0.5 5% सिख 0.36% बौद्ध 0.07 प्रतिशत जैन 002 प्रतिशत अन्य 0.01% तथा बिना धर्म वालों का 0.59 है और चूँकि भाजपा ने ऐसे प्रत्याशी को टिकट दिया जिसकी नगर की जनता में कोई पकड़ नहीं थी हां इतना जरूर है कि पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी की पुत्रवधू के रूप में श्रीमती लक्ष्मी रायचदानी की पहचान है उनकी अपनी कोई पहचान नहीं है वहीं समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर उजमा राशिद के ऊपर विश्वास जताते हुए उन्हें साइकिल चुनाव निशान से नवाजा है वही इनके ऊपर पीएफ घोटाला और शत्रु संपत्ति हड़पने का आरोप भी लग चुका है और क्योंकि पूर्व नगर अध्यक्ष स्वर्गीय कमरुद्दीन कमर की पुत्री के रूप में भी इनकी पहचान है अब यहां आज के समय में सबसे मजबूत दावेदारी के रूप में निर्दल प्रत्याशी जिन का चुनाव निशान लट्टू है वह है श्रीमती संध्या श्रीवास्तव पत्नी निर्मल श्रीवास्तव और 2012 के नगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं निर्मल भाई नगर की जनता में अच्छी पकड़ भी है लोग इन्हें तथा यह लोगों को भलीभांति पहचानते भी हैं और सब के सुख दुख में खड़े भी होते अब देखना यह है कि आगामी 4 मई को खिलता है कमल कि दौड़ेगी साइकिल या हर घर में नाचेगा लट्टू।

# किसानों ने देखा मन की बात कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आज दिनांक 30 अप्रैल 2023 दिन रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विजयशांति मणिपुर द्वारा कमल के रेशे से कपड़े बनाना, प्रदीप सांगवान द्वारा हिमालय में कूड़ा- कचरे की साफ-सफाई कर हिमालय को स्वच्छ बनाने, जल संरक्षण पर महत्वपूर्ण कार्य करने वाले आदि से बात की तथा उनका संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की । इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके शर्मा डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान, डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक, इंद्रभूषण सिंह कार्यालय अधीक्षक व लेखाकार, उत्कर्ष विजय सिंह कंप्यूटर सहायक, डा. दिनेश कुमार पांडेय प्रक्षेत्र प्रबंधक, विक्रम सिंह यादव चालक ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रगतिशील कृषकों श्रीप्रकाश पांडेय, महादेव यादव, राजेश कुमार तिवारी, राम सांवरे यादव, रामसागर वर्मा, मेलाराम यादव, मिश्रीलाल यादव, बालिका शर्मा, सुनीता यादव, गेंदा देवी, पूनम देवी आदि ने प्रतिभाग कर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश को सुना।

### भूमि विवाद की पैरवी करने तहसील आई महिला लापता

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली अन्तर्गत ग्राम नकहरा निवासी बेचूलाल ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि परिवार के भरण-पोषण के लिए वह राजस्थान में रहकर मजदूरी मेहनत करता है। उसकी पत्नी मंजू बच्चों के साथ घर पर रह रही थी। गांव के कुछ लोगों से उसका भूमि विवाद चल रहा है। बीते 25 अप्रैल को उसकी पत्नी मंजू तहसील कर्नलगंज मामले की पैरवी करने आई थी, लेकिन वापस घर नहीं गई। उसने पत्नी मंजू का अपहरण किए जाने की आशंका जाहिर की है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री ने पुलिस चौकी भंभुआ व कोतवाली कर्नलगंज में तहरीर दिया मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बेचूलाल की पुत्री खुशबू के तरफ से गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

- प्रदर्शन कर जतायी नाराजगी
- ग्राम प्रधान समेत अन्य पर प्रतिमा खंडित करने का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नौवनपुरवा गांव में स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी होते ही काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने ग्राम प्रधान समेत अन्य पर प्रतिमा में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम नौवन पुरवा के मजरा अरनवा में अंबेडकर पार्क स्थित है। पार्क में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर लगे चस्मा को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। इसकी जानकारी होने पर रविवार दोपहर को काफी संख्या में गांव के लोग पहुंच गए। सभी ने प्रतिमा खंडित किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। प्रतिमा से चश्मा तोड़े जाने की शिकायत थाने में दी गई। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके की जांच की। गांव निवासी जगजीवन, राम अवतार, मोहन, सत्रोहन, संजय, महेश अंबेडकर, राम आधार समेत अन्य ने संयुक्त रूप से तहरीर दी। जिसमें ग्राम प्रधान कृष्ण गोपाल, राम सरन, नीरज पर प्रतिमा खंडित करने का आरोप लगाया है। सभी ने प्रतिमा सही कराने और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। गांव में पुलिस बल को मुस्तैद कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में


### श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ

- अगर मन शांत है तो कोई भी अवगुण हमारे अंदर प्रवेश नहीं कर सकता : रमेश चंद्र



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ी के पाठक पट्टी गांव में शनिवार को कलशों की स्थापना के साथ सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक रमेश चंद्र मिश्र शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत पुराण महात्म की जानकारी देते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से हमारे एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश हो जाता है। यदि हमें आंतरिक शांति चाहिए तो अपने कर्तव्य का सदा ही शुद्ध मन से करने की चेष्टा बढ़ानी होगी। साथ ही उस परमात्मा को याद करने के लिए हमें कुछ समय अवश्य निकालना होगा, ताकि हमारे अंदर स्वच्छ विचारों का उदय हो सके। शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति के पास सुख सुविधाओं के बहुत साधन हो पर मन को शांति ना हो तो उसे कुछ अच्छा नहीं लगता और जिसके मन में शांति हो उसे किसी भौतिक वस्तु की जरूरत नहीं होती। अगर मन शांत है तो कोई भी अवगुण हमारे अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। मन में संतोष के भली-भांति प्रतिष्ठित हो जाने से जो सुख शांति की प्राप्ति होती है उससे बड़ा संसार में कुछ भी नहीं है। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा संपन्न हुई। इस मौके पर यजमान राजकिशोर द्विवेदी, नवल किशोर, अधिवक्ता रविनंदन द्विवेदी,सुरेंद्र तिवारी, चंदन, सुधाकर,सौरभ समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहें।

### आकाशीय बिजली से मृत किसान की मां को मुआवजे का चेक दिया



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम छानी अहीर में खेत में काम कर रहे किसान पर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई थी। उक्त मामले में दैवीय आपदा के तहत 4 लाख रुपये की धनराशि का मुआवजा दिए जाने को लेकर मृतक के परिजनों को तहसीलदार ने प्रमाण पत्र सौंपा। तहसील क्षेत्र के ग्राम छानी अहीर निवासी विजय दोहरे पुत्र गंगराम 28 अप्रैल की सुबह खेत में गेंहू एकत्रित करके कतराई करवाने की तैयारी कर रहा था। तभी अचानक मौसम बिगड़ गया और बादल गरजने के साथ ही आकाशीय बिजली चमकने लगी। इसी दौरान आकाशीय बिजली किसान विजय दोहरे पर गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खेती किसानी कर विजय अपने परिवार का भरण पोषण करता था। आकाशीय बिजली गिरने से विजय की मौत होने से परिवार के समक्ष भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, सूचना मिलने पर एसडीएम व तहसीलदार ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें मुआवजा दिलाने की घोषणा की थी। शनिवार की शाम तहसीलदार बलराम गुप्ता मृतक के परिजनों से मिले और उन्होंने मृतक की मां फूलमती को दैवीय आपदा के तहत 4 लाख रुपये मुआवजे का प्रमाण पत्र सौंपा।

# किशोरी की हत्या कर शव तालाब में फेका

- क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला शव, दो लोगों के विरुद्ध दी तहरीर
- 26 अप्रैल को घर से रहस्यमय हालत में गायब हो गई थी किशोरी



### भाई ने देखा तालाब में शव

रायपुर मुन्नापुरवा गांव निवासी मंगतू प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि रविवार को उसका बेटा दुर्गेश कुमार तालाब के निकट खरपतवार काटने जा रहा था। तभी उसने तालाब में बहन का शव देखा, इस पर रोते हुए परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी।

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**


जनपद के रायपुर ग्राम पंचायत के मुन्ना पुरवा गांव निवासी एक किशोरी 26 अप्रैल को रहस्यमय हालत में गायब हो गई थी। किशोरी का शव रविवार को तालाब में क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला है, शरीर पर चोटों के निशान भी है। मृतक के परिवार ने दो लोगों पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा मुन्नापुरवा निवासी 17 वर्षीय रिंकी 26 अप्रैल को खाना खाने के बाद घर से गायब हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी रिंकी का पता नहीं चला। जिस पर पिता मंगतू प्रसाद ने गांव निवासी कमलेश और जगदीश को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी थी। साथी बेटी के अपहरण का आरोप दोनों पर लगाया। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। परिवार के लोग रिंकी की खोज में लग गए। वहीं रविवार को नकाही तालाब में रिंकी का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। इस पर हड़कंप मच गया, गांव के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने मौके की जांच की। इसके बाद शव को तालाब से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं घटना की सूचना एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। साथ ही जल्द से जल्द हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व खुलासे का निर्देश दिया। पिता की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वहीं गांव में दुष्कर्म के बाद हत्या करने की चर्चाओं का बाजार भी गर्म रहा।

### लखनऊ में झुलसे युवक की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा धौकल मुस्तफाबाद गांव निवासी राजेंद्र निषाद (18) पुत्र केशव राम लखनऊ में अमेठी कालेज के पास ठेला लगाकर घर का खर्च चलाता था।भाई अखिलेश ने बताया कि 26 अप्रैल को राजेंद्र खाना बना रहा था। तभी गैस सिलेंडर के रेग्युलेटर में खामी के चलते आग लग गई थी। आग लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। उसका इलाज सिविल अस्पताल हजरतगंज लखनऊ में चल रहा था। झुलसे युवक की जिद पर परिवार के लोग उसे गांव ले आए। देर रात को युवक की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। रविवार को युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# फलदार पेड़ों की आई शामत, नहीं रुक रहा अवैध कटान

- वन माफिया कर रहे हैं अवैध रूप से बड़े पैमाने पर अवैध कटान




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

फलदार पेड़ो के साथ बहुमूल्य वृक्षो की शामत आयी हुई है। वन महकमे की मिलीभगत से वन माफियो की फलदार पेड़ो पर कुदृष्टि लगी हुई है। अब कलमी आम के साथ आँवले, सागौन, शीशम भी अवैध कटान की जद में आ गए हैं, और उन कटान पर वन महकमा अंकुश नही लगा पा रहा है। वन महकमा अब वन नाफ़ियाओ से गठजोड़ कर फलदार पेड़ो को खत्म करने पर तुल गया है। थाना रिसिया के उत्तमापुर गांव निवासी लल्लन नामक किसान ने अपने बाग में लगे कलमी आम व आँवला पेड़ के साथ सागौन व शीशम की कटान का ठेका वन माफिया को दे दिया। यह वन माफिया सफेद पोश नेताओ की परिक्रमा कर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर अवैध कटान रिसिया क्षेत्र में करने लगा,जबकि वह जनपद के दूसरे क्षेत्र का निवासी है।उसने आम के आधा दर्जन,आँवला व शीशम तथा सागौन पर बिना परमिट आरा चला दिया है।इसके अलावा इसके द्वारा आसपास के गांवों के कई फलदार पेड़ो पर आरा चला चुका है,और एक दर्जन पेड़ कटान की जद में खड़े है। बीते दिन भी इसने अवैध रूप से कटान किया है। परंतु वन महकमा उसको गोद मे उठाये घूम रहा है। रेंजर नानपारा राशिद जमील ने बताया कि जानकारी मिली है।मौके की जांच कराई जा रही है।

### प्रशिक्षण से अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए किसान पी.जी. कालेज में आयोजित मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायज़ा लेने पहुँचे जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का विवरण तैयार कर सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाय। डीएम ने प्रभारी अधिकारी कार्मिक को यह भी निर्देश दिया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध भी मौके पर ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की प्रचलित की जाए। डीएम ने स्पष्ट किया निर्वाचन जैसे कार्य में किसी भी कार्मिक की लापरवाही व उदासीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर पूरी तरह दक्ष हो लें : प्रेक्षक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रेक्षक अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल रण विजय यादव ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्व. ठाकुर हुकम सिंह किसान पी.जी. कालेज बहराइच के विभिन्न कक्षों में आयोजित किये गए प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंच कर प्रथम सत्र में पोलिंग पार्टियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण, डाक मतपत्र व्यवस्था तथा लेखन सामग्री वितरण स्थल का भ्रमण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए प्रेक्षक रण विजय यादव ने पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का आहवान्ह किया कि मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर पूरी तरह दक्ष हो लें। ताकि मतदान को सम्पन्न कराते समय कोई असुविधा न हो। रण विजय यादव ने यह भी कहा कि यदि किसी मतदान अधिकारी को कोई बात में समझ में नहीं आ रही है उसे बार-बार विशेषज्ञों से पूछे, प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ने से पूर्व मन की सभी जिज्ञासाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर्स से ज़रूर हासिल कर लें। प्रेक्षक ने बताया कि जनपद प्रवास के दौरान प्रेक्षक रण विजय यादव लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच के सूट नम्बर 01 में ठहरे हुए है। प्रेक्षक रण विजय यादव का मोबाइल नम्बर 9454416480 है। प्रेक्षक रण विजय यादव पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक निरीक्षण भवन में मुलाकात के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेक्षक के लाईज़निग आफिसर सहायक उपायुक्त श्रम सिद्धार्थ मोदियानी का मो.न. 9717279623 है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह, प्रभारी सीडीओ/डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, डीआईओएस जे.पी. सिंह, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीपीओ राज कपूर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स तथा पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान अधिकारी मौजूद रहे।

# 34 वार्ड में जनता के साथ प्रत्याशी ने सुना मन की बात

**सबका साथ हर वार्ड का विकास भारतीय जनता पार्टी के साथ : शालिनी कनौजिया**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच पहुंचकर सबका साथ सबका विकास का आश्वासन दिया।

नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शालिनी कनौजिया, लोकसभा प्रभारी राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी,राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और प्रांतीय नेता पियूष मिश्रा ने जनता के बीच पहुंचकर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के संदेश को पहुंचाया। रायबरेली लोकसभा प्रभारी व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है रायबरेली में शालिनी कनौजिया की जीत के बाद भाजपा उनके नेतृत्व में शहर के विकास की आधारशिला रखेगी उस आधारशिला में कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता का सहयोग शामिल होगा जिसकी मिसाल पूरा उत्तर प्रदेश देखेगा। 34 वार्ड के 70 जगहों में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे सुनने के लिए फिरोज गांधी कॉलोनी में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह,दिनेश तिवारी, मोहित अग्रवाल, अखिलेश तिवारी, कृष्णा चौधरी, इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव,मयंक पांडे और सुमित पांडे के साथ मौजूद रहे। वार्ड नंबर 24 तिलिया कोर्ट में राम जानकी मंदिर पहुंचकर प्रत्याशी शालिनी कनौजिया ने मन की बात कार्यक्रम को सुना उन्होंने प्रधानमंत्री की बात को सुनने के बाद मौजूद स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि रायबरेली को नागपुर और पुणे की तरह सजाने और संवारने की जिम्मेदारी उनके ऊपर होगी उन्होंने बताया कि पुणे और नागपुर में जिस तरह से नालियों को बंद रखा गया है जल निकासी की व्यवस्था की गई है पार्किंग की व्यवस्था की गई है साथ ही फुटपाथ के दुकानदारों को छोटी दुकानें बनाकर उन्हें व्यवस्थित किया गया है उसी प्रकार शहर को सजाया और संवारा जाएगा क्योंकि सबका साथ हर वार्ड का का विकास संगठन का लक्ष्य है।

## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुईं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर सलोन क्षेत्र पहुंची ।जहां उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को ग्रामीण महिलाओं के साथ सुना। सलोन विधानसभा क्षेत्र के परशदेपुर स्थित माता मेढुरिन मंदिर परिसर में एक दिवसीय दौरे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम में पहुंची। जहां पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री की बात को ग्रामीण महिलाओं के साथ सुना ।इस दौरान उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देती हूं कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हैं ।जिनसे संपर्क हो ना पहले दुर्लभ हुआ करता था। प्रधानमंत्री के सौवे एपिसोड में महिला सशक्तिकरण से शुरुआत की जिसके लिए उन्हें धन्यवाद देती हूँ ।इस बार नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। इस दौरान आई शिकायतों को सुना और निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पीएम ने मन की बात में हर क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को याद किया : वीरेंद्र



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुवात विजयादशमी के दिन तीन अक्टूबर 2014 से की थी तब से अनवरत प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को देशवासियों से मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संवाद कर रहे है, इसी कड़ी में आज 100वें मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने हम सभी देश के नागरिकों से संवाद किया, मन की बात कार्यक्रम एक पर्व बन गया है जो हर महीने आता है, इसमें सकारात्मकता और लोगों की पार्टिसिपेशन को सेलीब्रेट करते हैं, देशवासियों को नई सफलताओं की जानकारी इसमें मिलती है, इस कार्यक्रम से देश के कोने-कोने से हर आयु वर्ग के लोग जुड़े है। उक्त बातें यूपी0सी0एल0डी0एफ0 दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व रायबरेली लोकसभा के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने रायबरेली जिले के नगर पालिका क्षेत्र के प्रकाश नगर वार्ड में मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि मन की बात का 100वां एपिसोड था, 100वें एपिसोड पर बधाई के सच्चे पात्र सभी श्रोता हैं, मन की बात जिस विषय से जुड़ी वो जन आंदोलन बन गई, जब मोदी ने तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मन की बात की तो इसकी चर्चा दुनिया में हुई, मन की बात कार्यक्रम नहीं यह एक आस्था,पूजा, व्रत व अध्यात्मिक यात्रा बन गया है, अहम से वयम की यात्रा है। श्री तिवारी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने हर क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को याद किया, कल्पना करिए कि कोई देशवासी 40-40 साल से निर्जन जमीन पर पेड़ लगा रहा है, कोई 30 साल से जल संरक्षण के लिए बावड़ी बना रहा है,।कोई निर्धन बच्चों को पढ़ा रहा है, कोई गरीबों की इलाज में मदद कर रहा है, कितनी ही बार मन की बात में इनका जिक्र करते वक्त मोदी जी भावुक हो गए।

## खबरें एक नजर में

### आखिर कहां से स्वच्छ होगा भारत!



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जहां एक और केंद्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार व सभी मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत को साकार करने में लगे हुए हैं, और ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा घर, शौचालय एवं मूत्रालयो निर्माण कराया जा रहा है, और स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। लेकिन भारत के कुछ नागरिक सरकार की ऐसी योजनाओं और जागरूकता अभियानों से परे दिखाई दे रहा है। जिसे गंदगी में रहने की आदत सी हो गई है। एक ऐसा ही मामला तब देखने को मिला जब एक महानुभाव बछरावां रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बगल में बने मूत्रालय का उपयोग न करके मूत्रालय की दीवार पर लघुशंका करते हुए नजर आए। अपनी वेशभूषा एवं कद काठी से शिक्षित दिख रहे यह महानुभाव लघु शंका करने के पश्चात ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी संवाददाता ने उनके द्वारा प्लेटफार्म पर की गई क्रिया को लेकर जब उनसे सवाल- जवाब किया तो वह स्वच्छता के विजन को न समझते हुए संवाददाता के प्रश्नों से बचते हुए नजर आए। ऐसे ही शिक्षित महानुभाव की क्रियाओं को देखकर अन्य देशों के नागरिकों के मन में भारत के नागरिक के प्रति घटिया मानसिकता उत्पन्न करते हैं। और आखिर कहां से स्वच्छ हो भारत जैसी कहावत को भी जन्म देते हैं।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त हुए चार पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दिया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र श्री मद भागवत गीता व साल देकर सम्मानित किया साथ ही साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना भी किया ।सेवानिवृत हो चुके पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक राम कुमार पुलिस लाइन, उप निरीक्षक भान प्रताप सिंह थाना महराजगंज , उप निरीक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र थाना सलोन, आरक्षी रघुनाथ सिंह शामिल रहे ।विदाई समारोह में मुख्य रूप से अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार महराजगंज समेत सभी पुलिस अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित गहिरा गांव के पास रविवार सुबह ट्रक के स्कूटी में टक्कर मारने से पिता की मौत और बेटा जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पर एंबुलेंस चालक ने दोनों को जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के कटियामऊ डल्हा मोहल्ला के रहने वाले अधेड़ शंकर कानपुर के थाना नौबस्ता के बर्रा में किराए का मकान लेकर कपड़ों में प्रेस करने का काम करते थे। 4 दिन पहले वह गांव स्थित पैतृक मकान को बनवाने के लिए परिवार के साथ सफीपुर स्थित गांव आए हुए थे। काम-काज निपटाने के बाद रविवार सुबह वह अपने सबसे बड़े बेटे महेंद्र के साथ स्कूटी से कानपुर जा रहे थे। इसी दरमियान हाईवे स्थित गहिरा गांव के पास ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र जख्मी हो गए। हादसे में स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से भाग निकला। हादसे के समय स्कूटी पिता चला रहा था। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस चालक दिवाकर ने घायलों को जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पिता शंकर को मृत घोषित कर दिया और बेटे महेंद्र को प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की खबर मिलने पर पत्नी सावित्री व चार बेटे व दो बेटियां रो-रोकर बेहाल होते रहे।

# सत्ता नहीं गरीबों के लिए संघर्ष ही हमारी राजनीति : शोभनाथ

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत महराजगंज से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य ने वार्ड नं 6 रुद्र नगर ( स्टेट बैंक ) के सामने नुक्कड़ सभा का किया आयोजन।

चुनावी नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल शिवगणेश लोधी विधायक हरचंदपुर व श्याम सुंदर भारतीय विधायक बछरावां शामिल हुए। समर्थकों की उमड़ी भारी भीड़। भारी संख्या में मौजूद रहें पार्टी कार्यकर्ता। सपा प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य को मिला जनता से भरपूर समर्थन। तेज किया जनसंपर्क। नगर निकाय चुनाव में इस समय प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ जनता को रिझाने में लगे हुए है। महराजगंज से सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य ने झोंकी ताकत, डोर टू डोर जाकर जनता से मांग रहें समर्थन, जनता से रूबरू होते हुए जनता के बीच में कहा सत्ता नहीं गरीबों के लिए संघर्ष करना ही हमारी राजनीति है। साथ ही साथ महराजगंज की जनता से समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट मांगने की अपील की। वहीं शोभनाथ वैश्य ने महराजगंज नगर पंचायत में समाजवादी पार्टी का परचम लहराने का प्रण लिया। महराजगंज नगर पंचायत की जनता ने जीत दिलाने का अवश्वाशन दिया।

# नुक्कड़ सभा में सरला साहू को मिल रहा जनता का समर्थन



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू पत्नी प्रभात साहू ने तेज किया जनसंपर्क। प्रभात साहू ने नुक्कड़ जनसभा कार्यक्रम को वार्ड नं. 7 प्रकाश नगर व वार्ड नंबर 5 वारसी नगर में जनता जनार्दन के बीच में जाकर जो लगातार तेजी से अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क कर जनता के बीच जाकर विगत 15 वर्षों के समुचित विकास कार्य को आगे बढ़ाने की अपील व जनसमर्थन मांगा जिसके फलस्वरूप महाराजगंज की देवतुल्य जनता ने अपना स्नेह, प्यार, विश्वास आशीर्वाद के रूप में 4 तारीख चौथा खाना कमल निशान पे मुहर लगाकर फिर से श्रीमती सरला साहू को नगर पंचायत अध्यक्ष बनाने का जनसमर्थन व आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का हार्दिक आभार भारी मतों से जिताने की अपील कर रहे हैं और जनता का भी काफी समर्थन मिल रहा हैं। प्रभात साहू ने कहा एकबार जनता ने मौका दिया तो विकास के साथ सबको हमेशा सम्मान देने का काम किया हैं हमेशा करेंगे।

## नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु कंचन वर्मा प्रेक्षक के पद पर तैनात

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद रायबरेली के नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में प्रथम चरण के मतदान 04 मई 2023 एवं मतगणना 13 मई 2023 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कंचन वर्मा, महानिरीक्षक, रजिस्ट्रेशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेक्षक के पद पर तैनात किया गया है। नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के सामान्य निर्वाचन 2023 में आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक द्वारा आज जनपद रायबरेली में प्रेक्षक का अवस्थान इंडियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज, रायबरेली के वीवीआईपी गेस्ट हाउस नं0-1 में है तथा प्रेक्षक के अवस्थान के समय उनका मोबाइल नम्बर-8175840487 तथा दूरभाष नम्बर 0535-2971307 है।

# बनते बिगड़ते समीकरणों से चुनाव हुवा रोचक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

निकाय चुनाव दिन प्रति दिन रोचक होता जा रहा है। बनते बिगड़ते चुनावी समीकरणों ने प्रत्याशियों की नींदे हराम कर दी है। सभी निर्दलीय वा दलीय उम्मीदवार एक दूसरे की वोट बैंक पर नज़रे गड़ाये है। जहाँ एक तरफ कस्बे की 60 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग से है।

इस बहुसंख्यक वर्ग से 4 उम्मीदवार मैदान में है और सभी उम्मीदवार 50 प्रतिशत वोट अपने समाज से पाने का दावा कर रहे है। पिछड़े समाज के वोट बैंक की अगर बात की जाये तो उसमें, मुस्लिम, साहू, गुप्ता, यादव, कुर्मी, सोनार, लोध,नाई आदि जातियां प्रमुख है। जिसमे कुर्मी व मुस्लिम वोटर सबसे ज़्यादा है। मुस्लिम बिरादरी से एक प्रत्याशी और दो प्रत्याशी कुर्मी बिरादरी से है वही एक उम्मीदवार साहू समाज से है। प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी इसी वोट बैंक को मद्देनज़र रखते हुए 4 पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। जिसमे भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस प्रमुख है। सामान्य वर्ग का मत प्रतिशत करीब 15 से 20 प्रतिशत का है।

इस वर्ग से कोई उम्मीदवार न होने से सभी उम्मीदवारों की नज़र इस वोट बैंक पर है। बीतें कुछ दिनों से कस्बे में दबी जबान यह ख़बरे फैली की सामान्य वर्ग का वोटर इस बार किसी दूसरे राजनीतिक दल की तरफ झुक रहा है, अगर कही यह परिस्थियां बनती है तो बड़े बड़े गणितज्ञओं के गणित फेल हो सकते है। फिलहाल बनते बिगड़ते चुनावी समीकरण चुनाव को और रोचक बनाते जा रहे है।

## चुनावी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान ने महिला पर किया जानलेवा हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरपुर हल्ला गांव का है जहां चुनावी रंजिश को लेकर पियारा पत्नी स्व राम लखन उम्र 75 वर्ष पर पूर्व प्रधान शिव दर्शन सिंह ने अपने आधा दर्जन दबंग साथियों के साथ बुजुर्ग महिला पियारा देवी व उसके बेटे राम नारायण पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया दबंगों के हमले में बुजुर्ग महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं हमलावरों का मन जब इतने से भी नहीं भरा तो गांव के किनारे छोटा सा होटल व किराने की दुकान चला कर अपना जीवन यापन करने वाली बुजुर्ग महिला की दुकान में आग लगा दी और घटना को अंजाम देते हुए मौके से फरार हो गए पूर्व प्रधान व उसके साथियों के द्वारा हमले में घायल बुजुर्ग महिला को गंभीर हालत में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर बनी हुई है वह पीड़ित महिला के परिजनों के पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है।

# जुआं खेलते हुए पांच जुआड़ी गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण/वाहन चेकिंग के दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 05 अभियुक्तों को 1830/- रूपये नगद(माल फड़) 910/-रुपये नगद जामा तलाशी ,52 अदद ताश के पत्ते ,01 अदद रुमाल सहित थाना क्षेत्र के कन्धरपुर रेलवे लाइन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरूद्ध थाना डलमऊ पर मुकदमा अपराध संख्या-105/2023 धारा-13 सार्वजनिक जुआं अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

## 70 लीटर अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार



**हरचंदपुर।** थाना पुलिस ने 5 लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। जिसमें पूर्णमासी पुत्र स्वर्गीय भगवती निवासी कठवारा नरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीपाल सिंह निवासी पुरे मौहारी मजरे गुल्लू पुर मिथिलेश कुमार पुत्र स्वर्गीय महादेव निवासी छतैया सोनू सिंह पुत्र शिवचरण सिंह निवासी पुरे मौहारी मजरे गुल्लू पुर मुन्ना पुत्र स्वर्गीय रघुनंदन निवासी ग्राम म्हारी मजरे गुल्लू पुर थाना हरचंदपुर रायबरेली को 70 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े, महिला घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में भूमि विवाद के चलते दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ ही मारपीट हो गयी जिसमें एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पवई गांव निवासी सुशीला पत्नी प्रकाशनाथ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह अपने पुत्र के साथ खेत पर काम कर रही थी तभी गांव के ही निवासी शिवकिशोर, अनुराग उर्फ पुरूषोत्तम, अगोचर उर्फ भरत व अलख खेत पर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे जब विरोध किया तो मारपीट करने लगे पुलिस को आता देख अवैध तमंचा लहराते हुए मौके से भाग निकले। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रामआसरे चौधरी ने बताया कि दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई है। पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लाचार पुलिस बेखौफ बदमाश

**बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यवसायी को मारपीट कर लूटा**

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा व्यवसाई को बाइक सवार बदमाशों ने मार पीटकर नकदी लूट ली। लाखों के जेवरात लूट कर लुटेरे आराम से फरार हो गये। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एनएच 232 हाईवे के जनता बाजार गांव के पास का है जहां लालगंज कस्बे के तिकोना पार्क मोहल्ला निवासी राजेश सोनी उर्फ गुड्डू की गंगागंज में सराफा की दुकान है देर शाम दुकान बंद करके राजेश सोनी स्कूटी से अपने घर जा रहे थे तभी कस्बे से थोड़ी दूर स्थित जनता बाजार के पास बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक करके रोक लिया जब तक सर्राफा व्यवसाई कुछ समझ पाता तब तक बदमाशों ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया और उसके स्कूटी की चाबी छीन ली उसके बाद बदमाशों ने स्कूटी की डिग्गी खोलकर उसमें रखा करीब 35 ग्राम सोने के जेवरात, 400 ग्राम चांदी, 35000 नकदी और गले की 10 ग्राम की चेन लूटकर फतेहपुर की ओर फरार हो गए लूटे गए माल की कीमत लगभग 6.50 लाख के आसपास बताई जा रही है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

# ब्रम्हहत्या करने वाला सदैव दण्ड का पात्र : कथा व्यास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



भगवान कृष्ण ने अर्जुन से कहा ब्राह्मण कैसा भी हो वह अवध्य होता है किंतु ब्रह्म हत्या करने वाला अपना हो अथवा पराया सदैव दंड का पात्र होता है।

उक्त बातें फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम लोनारपुर में चल रही शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत पुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक माता भुवनेश्वरी सत्य के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने कही। भागवत कथा के दूसरे दिन महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद पांडवों ने जब अश्वत्थामा को बंदी बना लिया तो भगवान कृष्ण अर्जुन को अश्वत्थामा का वध करने से यह कहते हुए रोक दिया कि शास्त्रों के अनुसार ब्राह्मण कैसा भी हो वह अवध्य है किन्तु किंतु ब्रह्म हत्या करने वाला सदैव दंड का पात्र होता है। कथा वाचक ने कथा के भक्तो को दूसरे दिन सृष्टि वर्णन रेवती कपिल संवाद एवं परीक्षित संवाद की कथा का श्रवण कराया। वही आचार्य शिवम द्विवेदी अरविन्द द्विवेदी एवं विनय कृष्ण तिवारी ने रविवार को दूसरे दिन शतचंडी यज्ञ का पूजन अर्चन एवं यज्ञआहूति कराने के साथ ही आगामी 2 मई को होने वाली मूर्ति स्थापना की मूर्तियों के पूजन कार्य का शुभारंभ कराया।

# सड़क दुर्घटना में घायल होमगार्ड की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर 26 अप्रैल को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार होमगार्ड को टक्कर मारते हुए निकल गया। लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान होमगार्ड की मौत हो गई।

दयालपुर गांव निवासी राम सिंह (52) हसनगंज कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात था। 26 अप्रैल सुबह बाइक से महुआ चौराहे जाते समय मियागंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार बाइक में टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो ने लखनऊ जिले के एरा अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार को इलाज के दौरान होमगार्ड की मौत हो गई।

मृतक के तीन लड़के जिनमें एक छोटे बेटे सचिन की आठ अप्रैल को सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। बड़ा लड़का मनोज छोटा लड़का करन सहित पत्नी प्रेमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि होमगार्ड रामसिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के भेजा गया है।

# बागी कार्यकर्ताओं को भाजपा ने किया निष्कासित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जिले में निकाय चुनाव में खुद या पत्नी को अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड़ाने वालों पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व खफा है। समझाने-बुझाने के बाद भी बागियों के न मानने पर जिला मंत्री, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, दो महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सहित छह लोगों को पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने प्रदेश नेतृत्व से मिली स्वीकृति के बाद कार्रवाई की है। बांगरमऊ में भाजपा के अधिकृत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के सामने चुनाव लड़ रहे जिला मंत्री रामजी गुप्ता को पार्टी ने निष्कासित किया है। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सौरभ बाजपेई की पत्नी भी सफीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव टिकट न मिलने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ रही हैं। पार्टी ने सौरभ को भी छह वर्ष के लिए बाहर किया है। वहीं सफीपुर की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कंचन गुप्ता भी सफीपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी हैं। इसी तरह बदरका मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष राजरानी लोधी भी अचलगंज नगर पंचायत में अधिकृत प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ रही हैं। दोनो महिला नेत्रियों को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। गंगाघाट नगर पालिका में अपनी पत्नी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ा रहे एनजीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक संदीप पाण्डेय भी भाजपा से बाहर किए गए हैं। वहीं, नबाबगंज नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप लश्करी का टिकट भाजपा ने काट दिया था। जिसके बाद वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर पार्टी के प्रत्याशी को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। दिलीप अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री भी हैं। पार्टी ने उन्हें भी निष्कासित किया है।

## भीतरघात करने वालों पर भी हो सकती कार्रवाई

भाजपा निकाय चुनाव को लोकसभा का सेमीफ़ाइनल मान रही है। ऐसे में इस चुनाव में ज्यादातर सीट जीतने की राह में कई जगह अपने ही रोड़ा बने हुए हैं। पार्टी ऐसे भीतरघातियों पर भी नजर रख रही है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी ऐसे लोगों को चिन्हित कर चुनाव बाद कार्रवाई कर सकती है।

# निर्दलीय प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

▸ मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा भी भाजपा प्रत्याशी के लिए हो रही बेअसर



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर इरा श्रीवास्तव ने किया रोड शो, शहर की मुख्य सड़कों पर निकाला रोड शो, रोड शो में जनता का मिल रहा भारी समर्थन, इस दौरान हजारों की संख्या में डॉ इरा के समर्थक मौजूद भाजपा में खलबली।

नगरपालिका लखीमपुर खीरी की सीट पर नगरपालिका अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर शहर में जनता ने अपना रूख बदल दिया है। आज आज शहर में निकले निर्दलीय प्रत्याशी ईरा श्रीवास्तव के रोड शो में काफी जनसैलाब उमड़ा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी पुष्पा सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया था। किंतु बाबा जी की चुनावी जनसभा जनता को रिझाने में नाकाम नजर आ रही है। भाजपा प्रत्याशी को विरोधी पार्टियों के प्रत्याशियों का सामना करना इतना आसान न होगा। निर्दलीय प्रत्याशी डॉ इरा श्रीवास्तव, बसपा प्रत्याशी अंजू मिश्रा की जबरदस्त लड़ाई से भाजपा का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। जबकि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व से लेकर जिला स्तरीय,व क्षेत्रीय नेता व कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे हैं फिर भी भाजपा खेमे में विरोधी प्रत्याशियों का सामना करने में खलबली मची हुई है। आखिर मुख्यमंत्री से लेकर शीर्ष नेतृत्व पूरी ताकत झोंक रहा है फिर भी भाजपा खेमे में खलबली क्यों मची हुई है।

## खीरी पहुंचें निकाय चुनाव के प्रेक्षक बने शाहिद मंजर अब्बास रिजवी

### पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रातः 11 से 12 तक मिलेंगे, फोन नंबर जारी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज 30 अप्रैल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 सकुशल, शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए मा. राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ द्वारा नियुक्त मा. प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवी सचिव, वित्त विभाग, उप्र शासन, लखनऊ का आगमन जनपद में 29 अप्रैल को हो गया है। मा0 प्रेक्षक का प्रवास लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, निकट कलेक्ट्रेट, लखीमपुर खीरी में है। मा. प्रेक्षक से मोबाइल नं0-9555826148 पर सम्पर्क किया जा सकता है। मा. प्रेक्षक पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, निकट कलेक्ट्रेट, लखीमपुर-खीरी में कक्ष संख्या 2 में मिलेंगे।

# एसीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ अनुपस्थित आशा व आंगनबाड़ी सहित सीएचओ की अनुपस्थित पर दिए कार्यवाही के निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौराहरा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसैया और रंजीतगंज पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के क्रम में एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि मेला दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सिसैया और रंजीतगंज में संचालित था और मरीजों को देखा जा रहा था। पीएचसी सिसैया में सीएचओ खुशबू अनुपस्थित पाई गई और दोनों ही जगह पर आशा और आंगनबाड़ी भी अनुपस्थित थीं। इस कारण क्षेत्र में स्थानीय भ्रमण नहीं किया गया था और मरीजों की संख्या भी कम थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला को अनुपस्थित कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला शासन की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जानी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने दोनों ही जगह पर वितरित की जा रही औषधियों को भी देखा।

## खबरें एक नजर में

### चुनाव मैदान में उतरीं मां, नानी की गोद में खेल रहे बच्चे

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने को प्रत्याशी ही नहीं उनके समर्थक और परिजन भी दिन रात एक किए हैं। इस बार सीतापुर में नगर पालिका अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित है। यूं तो कई निर्दलीय भी चुनाव दमदार होने का दावा करते हैं लेकिन फिलहाल मुख्य लड़ाई सपा और भाजपा में सिमटती नजर आ रही है। भाजपा और सपा प्रत्याशी दिन रात मेहनत कर रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों के बच्चे अभी छोटे हैं और इनकी देखभाल भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से प्रत्याशियों की मां पार पा रही हैं। मासूम बच्चों की मां चुनाव मैदान में हैं तो बच्चे घर पर नानी की गोद में। सपा से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रश्मि जायसवाल हैं। वह एक बार पहले भी नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी हैं। रश्मि के दो पुत्र हैं। 11 साल का तेजस और आठ साल का माधव। रश्मि सुबह से ही प्रचार पर निकल जाती हैं तो पति सचिन और ससुर राधेश्याम भी सुबह से ही प्रचार कार्य की कमान संभाल लेते हैं। ऐसे में रश्मि के दोनों बेटों को नानी निशा संभाल रही हैं। बेटी की मदद के लिए मां निशा कानपुर से आकर यहां डेरा डाले हैं। दिन भर वही प्रत्याशी के बच्चों की देखभाल करती हैं।

### पोलिंग पर रवानगी के एक दिन पूर्व कार्मिकों के तय होंगे बूथ

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** निकाय चुनाव में पारदर्शिता और निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए कार्मिकों की निकायवार मतदेय स्थलों पर तैनाती में गोपनीयता बरती जाएगी। इसके लिए पोलिंग पार्टी रवानगी से एक दिन पूर्व निकायवार बूथों पर कार्मिकों की तैनाती इलेक्ट्रॉनिक विधि (रेंडमाइजेशन) से की जाएगी। जिससे किसी उम्मीदवार या अन्य को कार्मिकों के तैनाती स्थल की जानकारी न हो सके।11 निकायों के अध्यक्ष और सभासद पदों के चुनाव के लिए चार मई को मतदान होगा। इसके लिए 542 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर किस कार्मिक की नियुक्ति की गई है, इसकी जानकारी गोपनीय है। मतदान के लिए तीन मई को मिलिट्री ग्रॉस फार्म से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। पोलिंग पार्टियों के रवानगी से पूर्व सुबह कार्मिकों को ड्यूटी आदेश दिया जाएगा। इसमें निकायवार मतदेय स्थल और केंद्र अंकित किया जाएगा। यह ड्यूटी आदेश दो मई को एनआईसी से जारी किए जाएंगे। इसके लिए निकायवार बूथों पर कार्मिकों की तैनाती इलेक्ट्रॉनिक विधि (रेंडमाइजेशन) से की जाएगी। यह कार्य प्रेक्षक और डीएम अपनी निगरानी में कराएंगे। जिससे आदेश की जानकारी किसी को न हो सके। 602 पोलिंग पार्टियों को चुनाव कराने का प्रशिक्षण दिया गया है।

### दबंग बंद कर रहे रास्ता पीड़िता को नहीं मिल रहा न्याय

**महोली (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** महोली कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महेवा निवासिनी अर्चना सिंह पत्नी राम किशोर सिंह ने विगत 16 मार्च को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर रास्ता बंद करने वाले इसी गांव के निवासी रामे सिंह पुत्र द्रगज शिंह, महेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह, व रामेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी थी मौके पर राजस्व व पुलिस बल के संयुक्त टीम द्वारा दोनों पक्षों के सहमति के आधार पर यह तय किया गया था कि विवादित रास्ते पर अर्चना सिंह के द्वारा कोई खड़ंजा नहीं लगवाया जाएगा। तथा रास्ते में आवागमन को लेकर विपक्षी राम सिंह के द्वारा किसी को नहीं रोका जाएगा । इसके दोनों पक्ष में सहमत भी हो गई थी। जिसके बाद भी विपक्षी अपने गुंडई और दबंगई के चलते अर्चना सिंह के रास्ते को रोक रहे हैं और विवाद भी कर रहे हैं। अर्चना सिंह ने बताया की रास्ता अवरुद्ध किए हुए हैं रास्ते से निकलने नही दे रहे हैं। घर के पुरुष वर्ग के गैर मौजूदगी में सार्वजनिक रास्ते में निकलने पर विपक्षी लोगों के द्वारा अभद्र गालियां जेनेवा मरने मारने को तैयार हो जाते हैं। साथ ही धार दार हथियार लेकर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। जिससे परेशान होकर अर्चना सिंह ने 27 अप्रैल को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अवरुद्ध मार्ग को खुलवाए जाने की मांग की है। लेकिन अभी तक कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाई।

# प्रेक्षक ने ली बैठक, निष्पक्ष चुनाव कराने का दिया निर्देश

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**



नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को लेकर रविवार को मा. प्रेक्षक शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह सहित चुनाव से जुड़े अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक ली। कहा कि निष्पक्ष चुनाव को लेकर सब लोग सचेत रहें। समान कार्रवाई करें। कहीं किसी चूक की गुंजाइश न रहने दें। बैठक की शुरुआत में प्रेक्षक ने मौजूद अफसरों से उनका परिचय, चुनाव में उनका दायित्व जाना। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में 12 नगरीय निकायों के चुनाव में 116 मतदान केंद्र एवं 480 बूथ हैं। भीरा व निघासन नवसृजित नगर पंचायत हैं। चुनाव को संपन्न कराने के लिए 2140 पोलिंग ऑफीसर (दस फीसदी रिजर्व शामिल) लगाए गए है। प्रत्येक नगरीय निकाय में एक-एक पिंक बूथ बनेंगे, जिनमें महिला पोलिंग पर्सन्स की तैनाती है। सीडीओ ने बताया कि कार्मिकों का प्रथम एवं द्वितीय रेंडमाइजेशन हो चुका है। प्रथम चरण की ट्रेनिंग संपन्न हो चुकी, द्वितीय चरण की ट्रेनिंग गतिमान है। एसपी ने पुलिस व्यवस्था के संबंध में जरूरी जानकारी दी। प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव कार्मिकों को मतदान बूथ पर बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते रहें। सब सुविधाएं समय से मुहैया करा दें। कहा कि सभी कार्रवाई निष्पक्ष होनी चाहिए। प्रेक्षक ने चुनाव को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं ताकि इससे संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि एसडीएम मतदाता पर्ची के वितरण का स्वयं रिव्यू करें। सुनिश्चित कराएं कि 02 मई तक सभी पर्चियां अनिवार्य रूप से बट जाएं। उन्होंने बूथों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी के विषय में एसडीएम से जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि बूथो का स्थलीय निरीक्षण कर सभी मुकम्मल व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करा लिया गया है। जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी से निरंतर समन्वय रखकर पूरी चुनाव प्रक्रिया का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे। वही सभी मतदान स्थलों पर कृत्रिम प्रकाश, इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे। पार्टी रवानगी, वापसी स्थल पर चिकित्सकों के साथ एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता बनी रहे। प्रेक्षक ने कहा कि प्रशासन की निकाय चुनाव की तैयारियां मुकम्मल हैं। हमें उम्मीद है कि बेहतर चुनाव संपन्न कराएंगा। इसके लिए पूरे प्रशासन को शुभकामनाएं है। बैठक के अंत में प्रेक्षक के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए डीएम ने कहा कि मा. प्रेक्षक की निगरानी, मार्गदर्शन में प्रशासन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से निकाय चुनाव को संपन्न कराएगा। बैठक में समस्त निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बसपा प्रत्याशी अंजू मिश्रा ने जारी किया संकल्प पत्र

▸ कहा, एक पैसा कमीशन नहीं लूंगी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

नगरपालिका परिषद लखीमपुर अध्यक्ष पद की बीएसपी प्रत्याशी अंजू मिश्रा ने आज जिला बीएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता की। कहा एक पैसा कमीशन लिए बिना नगर पालिका का विकास करना मेरा लक्ष्य है। जलभराव की समस्या खत्म होगी।

गरीब कन्याओं के लिए बारात घर बनेंगें। पार्किंग की समुचित व्यवस्था, बिजली की भूमिगत लाइन होगी। यातायात की समस्या खत्म होगी। सभी संविदा कर्मी नियमित होंगे। गरीब जनता का हाउस व वाटर टैक्स माफ होगा। टॉलफ्री नंबर दिया जाएगा, पटरी दुकानदारों को जगह, सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। आवारा पशु शहर से बाहर होंगे। डस्टबिन की सुरक्षा होगी।कांशीराम कालोनियों का जीर्णोद्धार होगा।

उत्तम स्ट्रीट लाइट, प्रार्थमिक विद्यालय दिल्ली की तर्ज पर बनेंगे। भ्रष्टाचार समाप्त होगा। हीरालाल क्रासिंग खुलवाने का प्रयास होगा। सिंगिल विंडो प्रणाली होगी। निशुल्क वाटर कूलर लगेंगें, हर 200 मीटर पर यूरेनल बनेगा। फ्री वाई फाई सुविधा होगी। पुस्तकालय,पुस्तके व फ्री इंटरनेट मिलेगा। दाखिल खारिज सरलता से होगा। पार्कों का सुंदरी करण होगा।प्रेस वार्ता में पार्टी पदाधिकारी व अंजू मिश्रा के डॉ सुबोध मिश्र भी मौजूद थे।

# मौसम के बदलाव ने भरा प्रत्याशी समर्थकों में उत्साह जनसंपर्क मुहिम हुई तेज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बीती शाम से ही यकायक मौसम में हुई तब्दीली ने जहां एक और गर्मी और तपन से लोगों को राहत दी है तो वहीं रविवार की सुबह हुई बूंदाबांदी के बाद बदली मौसम की नजाकत चुनावी जनसंपर्क में लगे प्रत्याशी और उनके समर्थकों के लिए तो वरदान साबित हो रही है। लोग हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के बाद भी अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने और उनके मत को पाने की चाह में जुटे हुए हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद 2 दिन से मौसम में खासा बदलाव देखा जा रहा है बीती शाम के बाद आसमान में बादलों के बीच हल्की फुल्की बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है जो लोग गर्मी से परेशान थे उन्हें खासी राहत मिल गई है बात यहां चुनाव संपर्क में जुटे लोगों की करें तो उनके लिए तो यह मौसम वरदान साबित हो रहा है क्योंकि मतदान की तिथि अब बेहद करीब है और प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने और उन्हें अपने पक्ष में मत करने के लिए मनाते नजर आ रहे हैं।

नगर के अधिकांश वार्डों में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और उनके समर्थक जनसंपर्क करते नजर आते हैं फ़िलहाल अब चुनावी माहौल तेजी से गर्म आता जा रहा है। रविवार को बूंदाबांदी होने के बावजूद भी कार्यकर्ताओं का जोश बरकरार है।

# निकाय चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष तरीके से करायें पूर्ण : प्रियदर्शी

▸ मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण में दिये गये आवश्यक टिप्स

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




रविवार को प्रेक्षक, गौरी शंकर प्रियदर्शी (आईएएस) व जिला निर्वाचन अधिकारी चांदनी सिंह ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र निष्पक्ष एंव पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से समस्त मतदान कार्मिकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रेक्षक गौरी शंकर प्रियदर्शी ने समस्त मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सकुशल नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को भलीभांति अध्ययन कर लें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी चाँदनी सिंह ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न तभी कराया जा सकेगा जब आप प्रशिक्षण को भली भांति समझ लेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक ग्रहण करें किसी भी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनर से शंका को दूर करें। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक किसी का भी आतिथ्य स्वीकार न करें निष्पक्ष व पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने में मतदान कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराने में मतदान कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है सभी लोग निडर होकर पूरी पारदर्शिता एवं आनंद उत्साह के साथ निर्वाचन ड्यूटी करें तभी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पुराने कार्मिक कई बार चुनाव संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई है फिर भी प्रत्येक चुनाव अपने आप में एक अलग चुनौतियां लेकर आता है इसलिए चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को भली-भांति अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण में बताए जा रहे बिंदुओं को ध्यान पूर्वक सुने ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न आने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## जेई से अभद्रता करने वालों पर पुलिस ने की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बिजली चेकिंग के दौरान जेई के साथ अभद्रता के मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां में 33/11 विद्युत उपकेंद्र उदोतपुरा में तैनात जेई सुमित सनौरिया शनिवार को बकायेदारों की चौकिंग कर रहे थे। जहां धनौरा कलां निवासी अतुल राठौर पावर कनेक्शन लेकर चक्की चला रहे थे। लेकिन उनका तीन माह का बिल जमा नहीं था। जिस पर जेई ने उनकी डोरी कटवा दी। जिससे नाराज होकर अतुल राठौर व मनोज राठौर निवासी हरदोई राजा ने पावर हाउस आकर जेई के साथ गाली, गलौज कर अभद्रता कर दी थी। उक्त मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के

# मन की बात का सीधा प्रसारण सुनने को बेताब दिखे भाजपाई

▸ भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के कार्यालय पर दिखा जोश और उत्साह

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




निकाय चुनाव मतगणना की तिथि जैसे-जैसे करीब आती जा रही है वैसे-वैसे पालिका सभासद प्रत्याशी और उनके समर्थकों का उत्साह भी परवान चढ़ने लगा है आज रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सौवें मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुनने को जहां एक ओर टीवी पर लोग जमे नजर आए तो वही भाजपा प्रत्याशियों ने भी अपने कार्यालयों में अपने समर्थकों के साथ इसे सुना। इस दौरान प्रत्याशी सहित कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह नजर आया। निकाय चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रातः 11 बजे जैसे ही शुरू हुआ भाजपा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के कार्यालयों में बड़ी संख्या में लोग जुटना शुरू हो गए इसी क्रम में बताते चलें कि नगर के वार्ड नंबर 3 सभासद प्रत्याशी दीपक पटेल के कार्यालय में तो विधिवत इस आयोजन पर खासा उत्साह है का माहौल देखने को मिला जब उनके समर्थक लैपटॉप के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उदगार को सुनते दिखाई दिए रिमझिम रिमझिम बूंदाबांदी के बीच बहुत से समर्थक सड़क पर भीगते हुए भी उदगार सुनते दिखाई दिए अधिक से अधिक लोगों तक प्रधानमंत्री मोदी के उद्गार पहुंच सके इसके लिए वहां लाउडस्पीकर लगाए गया था ताकि चलते-फिरते लोग भी इस आयोजन का लाभ ले सके। इस मौके पर डी सी डी एफ अध्यक्ष शैलेंद्र पांडे भाजपा नेत्री मीनू गोस्वामी हरिदत्त द्विवेदी डॉक्टर एनपी सिंह अनूप कुमार मिश्रा राहुल तिवारी मयंक यादव अनिल वर्मा प्रदीप श्रीवास राज पटेल संतोष कुमार विक्रम भदौरिया शैलेंद्र श्रीवास्तव श्रीवास्तव दिनेश कुमार वर्मा सत्येंद्र मोहन संतोष श्रीवास मुकेश गजेंद्र अखिलेश बाथम रत्नाकर त्रिपाठी धर्मेंद्र अनुरागी संदीप प्रजापति बृजेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग

# कैलाशी ने जुलूस निकाल किया नगर भ्रमण

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



निर्दलीय प्रत्याशी कैलाशी गुलाब जाटव का जुलूस जब नगर भ्रमण करते हुए नगर की सड़कों पर उतरा तो चारों ओर उनके ही नाम की गूंज सुनाई दे रही थी। जुलूस को सभी वर्ग के लोगों का साथ मिला। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कैलाशी गुलाब जाटव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। हालांकि उन्हें किसी दल का साथ नहीं मिला है लेकिन जब नगर की सड़कों पर उनका रोड शो हुआ तो वह दर्शा गया कि भले ही कोई दल उनके साथ न हो लेकिन लोकप्रियता उनके ही साथ है। जुलूस में जिस प्रकार समाज के सभी वर्गों के लोग हजारों की संख्या में उनके साथ नगर की सड़कों पर निकले तो बस चारों ओर लोगों का ही हुजूम दिख रहा था। यह जुलूस नगर में कैलाशी देवी और उनके पति गुलाब सिंह की लोकप्रियता को दर्शा गया। जुलूस को मिल रहे जनसमर्थन को देखकर राजनैतिक दलों के उम्मीदवार भी अपनी रणनीति पर विचार करने को मजबूर हो गए। इलाहाबाद बैंक के पास से शुरू हुआ जुलूस झंडा चौराहा, तकिया मैदान, नत्थू चौराहा, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, पुरानी नझाई, तहसील रोड, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड से बस स्टैंड से पुनः उनके चुनाव कार्यालय पर आकर समाप्त हुआ। उनके जुलूस का मतदाताओं ने जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मंसब खां, दीपू गुर्जर दमां, महेंद्र साहू, इमरान अंसारी, सोमिल याज्ञिक, सिद्धार्थ तिवारी, मधुर गुप्ता, आशू राजावत, अभिराज गुर्जर, लालखां, रिंकू प्रधान, मोहन सिंह कुशवाहा, मोंटी सोनी, चंद्रभान कुशवाहा, रिंकू वर्मा, राहुल डेंगरे, इरशाद खान, सरताज खां, रमाकांत निरंजन, लालजी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नेहा के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, भगवामय हुआ नगर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा। जहां तक नजर पहुंचे वहां चारों ओर जुलूस में भगवा रंग ही नजर आ रहा था।

भाजपा के समर्थन से नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतरी नेहा पुनीत मित्तल जुलूस व रोड शो के माध्यम से नगर की सड़कों पर वोट मांगने के लिए उतरी। इस जुलूस ने नगर में उनके कद को दिखा दिया। जुलूस में हजारों की संख्या में जिस प्रकार से सभी वर्गों के लोग पहुंचे उससे लगा कि इस बार भी अध्यक्ष पद की कुर्सी भगवा रंग में रंगने वाली है। तो वहीं, विरोधी दल भी जुलूस में पहुंची नगर की जनता को देखकर हक्के बक्के नजर आए। क्योंकि चारों ओर नेहा पुनीत मित्तल के नाम की ही गूंज सुनाई दे रही थी। नेहा पुनीत मित्तल को मिल रहे समर्थन को देखकर अन्य दल अपनी चुनावी रणनीति में फेरबदल करने में लग गए हैं। द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ जुलूस झंडा चौराहा, तकिया मैदान, दीपक मित्तल के आवास से होकर छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, पुरानी नझाई, तहसील रोड, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड से बस स्टैंड एवं भाजपा के चुनाव कार्यालय पर आकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल सैंकड़ों की संख्या में महिलाऐं एवं हजारों की संख्या में युवा व बड़े बुजुर्ग भाजपा के झंडे लेकर नेहा पुनीत मित्तल को समर्थन देते हुए चल रहे थे। जुलूस के दौरान सड़कों पर एकत्रित हुए मतदाता न केवल उनकी आगवानी कर रहे थे बल्कि फूल, मालाओं से लादकर व तिलक लगाकर उनका स्वागत भी कर रहे थे। जुलूस में केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, सतीश सिंह सेंगर, राजा सिंह सेंगर गधेला, अनिल याज्ञिक, विजय कक्का, गिरीश गुप्ता, आदि शामिल रहे।

# व्यक्तित्व विकास और वर्ग पर टिके चुनावी परिणामो के समीकरण

**संजय शर्मा, उरई (जालौन)।**

**निकाय चुनाव 2023**

▸ नई पीढ़ी के मतदाताओं का रुझान मूल्यांकन आधारित

▸ मतदान में दिख सकता है अप्रत्याशित परिणाम का नजारा

लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका चुनाव के परिणामों को तय करती है निकाय चुनावों में तो जो स्थितियां बनती हैं वह विधानसभा और लोकसभा के चुनावों से इतर होती हैं यहां तो मतदाता का रुझान किस तरफ है इसे समझ पाना आसान नहीं फिर भी जिस तरह के हालात बने हुए हैं उन पर नजर डाली जाए तो जो तस्वीर उभरकर सामने आती है वह प्रत्याशी के व्यक्तित्व विकास के संकल्प और वर्ग जाति आधारित परिणामों के समीकरणों को स्पष्ट करती हैं नई पीढ़ी के मतदाताओं का रुझान मूल्यांकन आधारित है जबकि परंपरागत वोटों में सेंधमारी हो सकती है फ़िलहाल उरई पालिका के चुनावों पर अप्रत्याशित परिणामों का नजारा देखने को मिल सकता है। पिछले कुछ चुनावों पर नजर डालें तो यहां मतदाताओं की स्थिति आमतौर पर वर्ग व जातिगत आधारित मतदान से जुड़ी देखी गई है लेकिन इधर कुछ वर्षो के दौरान राजनीतिक परिपेक्ष में बहुत कुछ बदला सा दिखलाई दे रहा है बात निकाय चुनावों की करें तो यहां परंपराएं टूटती नजर आ रही हैं मतदाता किस तरफ और कैसे करवट बदलेगा इसे आसान तरीके से नहीं समझा जा सकता लेकिन इतना साफ है कि मतदाताओं के भी अलग-अलग 3 वर्ग स्पष्ट रूप से देखे जा सकते है। जिसमें एक वर्ग वह है जो प्रत्याशी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसे अपना मत देने की मन स्थिति में दिखलाई देता है तो वही अन्य वर्ग विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए ही अपना मतदान करता है जबकि तीसरा वर्ग जातिगत आधारित मतदान से जुड़ा है। इस तरह से देखा जाए तो जो मतदाता परंपरागत ढंग से अपने मतदान का इस्तेमाल करता आया है उससे इतर नई पीढ़ी के मतदाता की सोच बिल्कुल अलग है जोकि चुनावी परिणाम को अप्रत्याशित रूप दे सकती हैं कमोबेश एक बड़ा तबका भी बदली हुई सोच का परिचय देने लगा है कुल मिलाकर चुनावी समीकरणों की स्थितियां प्रत्याशी के व्यक्तित्व विकास कार्य के संकल्प और वर्ग तथा जातिगत समीकरणों पर टिकी है। यह उरई नगर पालिका के संदर्भ में बात करें तो परिणामों की स्थितियां चौंकाने वाली रह सकती हैं अप्रत्याशित परिणामों से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सपा की जीत से नगर की खुशहाली का खुलेगा रास्ता

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत से नगर की खुशहाली का रास्ता खुलेगा नगर में विकास की गंगा बहेगी। उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने दशहराबाग, दीनदयाल, नगर विजयनगर आज मोहल्लों में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा के लिए वोट और समर्थन के लिए व्यापक जनसंपर्क किया जनसंपर्क के उपरांत राजेश यादव बबलू के आवास पर अरविंद वर्मा भुल्लन की अध्यक्षता में आयोजित नुक्कड़ सभा मे उपस्थित मोहल्ला वासियों से कहें। पूर्व मंत्री ने कॉलोनी वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा आपके वार्ड का विकास युद्ध स्तर पर किया जाएगा, हर वार्ड की गलियां विकास की कहानी खुद बयां करेगी। नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा ने आज अपने जनसंपर्क की शुरुआत धनोखर चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर मैं दर्शन करने के उपरांत समाजवादी पुरोधा स्वर्गीय रामसेवक यादव जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के शुरू किया सपा प्रत्याशी में सर्वप्रथम रसूलपुर वार्ड से अपने जनसंपर्क की शुरुआत करते हुए सत्यप्रेमी नगर, सरावगी आदि वार्ड मे घर घर जाकर वोट और समर्थन की अपील की। जनसंपर्क की इसी कड़ी में सदर के विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव एवं पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने भी सपा प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा के लिए मोहल्ला गुलिस्ता ने शेर एवं पीरबतावान मे व्यापक जनसंपर्क करते हुए शोता पर स्थित कनौजिया समाज के मंदिर में आयोजित भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया और कनौजिया समाज से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए मत और समर्थन की अपील की। आज के जनसंपर्क में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद, पूर्व प्रधान भवानी चौधरी, माता प्रसाद कनौजिया, धीरज दत्त, सत्रोहन कनौजिया, पूर्व सभासद गोविंद वर्मा मन्नू, संजय कनौजिया, रिजवान संजय, सरवन कनौजिया, ओमकार विश्वकर्मा, अशोक कनौजिया, राजेंद्र वर्मा पप्पू, मनोज कनौजिया, सुभाष वर्मा, संदीप वर्मा, लवली रावत,हिमांशु यादव,जितिन गुप्ता, केसव शुक्ला, रितेश जायसवाल, सुभाष जायसवाल, नरेश गुप्ता,दीपक गुप्ता, रामशंकर लोहार, पालु सेठ,दिनेश शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता,सलमान सल्लू,तौकीर भाई,संतोष जायसवाल, धीरेंद्र जी,लब्बू यादव ,रस्मी वैश्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने मांगे शीला सिंह के लिए वोट

# जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी ने आयोजित किया मेगा ड्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

## महेंद्र सिंह को मिलेगी मारुति इग्निस कार, शशि सिंह को मिली होंडा एक्टिवा की विजेता, मोहम्मद हैदर ने जीता आईफोन

जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी द्वारा आयोजित अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर 2 अप्रैल से 28 अप्रैल की सेल के दौरान अपने हजरतगंज और इंदिरानगर स्थित स्टोर्स के ग्राहकां को मिले लकी कूपन का आज मेगा ड्रा आयोजित किया। मेगा ड्रा जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी के श्री कमल किशोर रस्तोगी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

इस लकी ड्रा में मारुति इग्निस कार के विजेता के रूप महिंद्र सिंह के नाम की घोषणा की गई। वही लकी ड्रा में होंडा एक्टिवा के विजेता शशि सिंह बनीं और आईफोन के विजेता के रूप में मोहम्मद हैदर के नाम की घोषणा हुई। जुगल किशोर ज्वैलर्स बॉय राजन रस्तोगी के राजन रस्तोगी ने बताया कि अक्षय तृतीया और ईद के अवसर पर हम अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए आकर्षक योजना लेकर आए थे। 2 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 35000 रुपए या उससे अधिक के आभूषण खरीदने पर हमारे ग्राहकों को एक लकी कूपन दिया गया था।

इसके माध्यम से प्रतिदिन 5 लकी ग्राहक हजारों के आकर्षक पुरुस्कार दिये गये। इसके अतिरिक किसी भी खरीद पर सभी ग्राहकों को एक विशेष स्क्रैच कार्ड मिला जिससे उन्हें उनकी खरीद पर एक निश्चित डिस्काउंट भी दिया गया था।

# अज्ञात वाहन से दम्पत्ति हुआ घायल, ट्रामा सेंटर रिफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हैदरगढ़ से पत्नी का इलाज कराकर घर के लिए वापस लौट रहे बाइक सवार दंपति अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों द्वारा एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए गए घायलो में से गंभीर घायल एक युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया। स्थानीय कोतवाली के शिवराजपुर गांव निवासी 28 वर्षीय दीपक पुत्र प्रेम नारायण तिवारी आज दोपहर बाद लगभग 3 बजे अपनी पत्नी का उपचार करा कर हैदरगढ़ से घर को लौट रहा था जब उसकी मोटरसाइकिल हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निकट सराय चौबे मोड पर पहुंची कि तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से पति- पत्नी एवं बच्ची घायल हो गए तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी व बच्चे को छुट्टी दे दी गई वहीं गंभीर घायल युवक को ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया।

# पप्पू सिद्दीकी ने तेज किया जनसम्पर्क

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत हैदरगढ़ से अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार समाजसेवी पप्पू सिद्दीकी ÷महिंद्रा÷ अपने तमाम समर्थकों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद का पहली बार चुनाव लड़ रहे पप्पू सिद्दीकी ने इतने कम समय में अपनी प्रतिभा व व्यवहार से हैदरगढ़ की सम्मानित जनता के बीच अपना वर्चस्व कायम किया है। जिससे अन्य प्रत्याशियों के खेमे में खलबली सी मच गई है। श्री सिद्दीकी ने कहा कि यदि इस बार हैदरगढ़ की आवाम ने सेवा करने का अवसर दिया तो पीछे नहीं हटूंगा नगर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। पप्पू सिद्दीकी अपने तमाम समर्थकों के साथ नगर के पुरे मितई वार्ड एवं लिल्हौरा वार्ड मैं घर घर जाकर चुनाव निशान रिक्शा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस अवसर पर राकेश गिरी नसीम होंडा तय्यब भाई नसरुद्दीन राजकरण राजेंद्र शफीक वसीम कमलेश संतोष रामू अजय आयुष नन्हे अभिषेक जितेंद्र सुमित त्रिपाठी मोनू अभिषेक यादव अभिषेक गौतम उनके साथ मौजूद रहे।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी ने किया ताबड़तोड़ जनसंपर्क व उद्घाटन

**अयोध्या।** भाजपा मेयर प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने रविवार को अयोध्या के मऊ शिवाला के यदुवंशपुर,शाह वदी व चांदपुर हरवंश में जनसम्पर्क किया।उन्होने यहां पार्षद प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन भी किया।महंत श्री त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है,जिससे रोजगार सृजन की सम्भावनाओं को सम्बल मिला है।जल्द ही अयोध्या देश के प्रमुख व्यापारिक केन्द्रों में एक होगा। जिसका लाभ अयोध्या की जनता को मिलेगा और यहां निवेश भी बढ़ेगा।भाजपा नेता नीरज कन्नौजिया ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिला है,जिससे आम जनता में उत्साह का माहौल है।महापौर चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है।गरीबों को आवास,शौचालय तथा गैस व विद्युत कनेक्शन मिला है।प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने झारखण्डी वार्ड पार्षद प्रत्याशी बृजेन्द्र सिंह के समर्थन में तथा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने जय प्रकाश नारायन वार्ड में पार्षद प्रत्याशी अनिल सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

यूपी को ग्रोथ इंजन बनाने के लिए निकाय चुनाव अहम...कमलेश मिश्रा।

# चुनाव संचालन समिति की बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की समीक्षा

बाराबंकी।भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने के लिए शहरी जीवन को बेहतर करना,शहरीकरण को बढ़ावा देना,रोजगार व विकास के साथ शिक्षा के अच्छे केंद्र विकसित करना होगा।कहा कि इन सभी से उत्तर प्रदेश जुड़ रहा है।मगर डबल इंजन की सरकार के साथ जरूरी है कि स्थानीय निकाय के माध्यम से विकास का रथ चलता रहे।इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है।इससे विकास की रफ्तार बुलेट ट्रेन की गति से चलेगी और यूपी देश का ग्रोथ इंजन बनेगा।क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा की निकाय चुनाव की जिला संचालन समिति को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।सुमित्रा लॉन में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी नगर निकायों के प्रभारियों से चुनाव की हकीकत जानी। चुनाव में शिथिलता बरतने वालों के पेंच कसे साथ ही बेहतर कार्य करने वालों की पीठ भी थपथपाई।निकाय चुनाव भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है इसको रेखांकित करते हुए उन्होंने जीत के लिए टिप्स भी दिए। मतदाता वोटर पर्ची घर - घर पहुंचाने के निर्देश दिए। बताया कि मतदाता सूची की पांच सदस्यीय पेज समिति तथा बूथ के कार्यकर्ताओं की सक्रियता के बलबूते भाजपा निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश, सांसद उपेंद्र सिंह रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी, रचना श्रीवास्तव,रंजीत बहादुर श्रीवास्तव, मनोज त्रिवेदी,संदीप गुप्ता,अरविंद मौर्य,विजय आनंद बाजपेई,शील रत्न मिहिर,पवन सिंह रिंकू,गुरुशरण लोधी,डॉक्टर राम कुमारी मौर्य मौजूद रहे।

# मन की बात के मुद्दे जन आंदोलन बन गए : उपेंद्र सिंह रावत

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड को जनपद में लोगों ने बढ़ चढ़ कर सुना। रविवार को %मन की बात% के लिए सिद्धौर के बूथ संख्या 413 पर एलईडी लगा कर हजारों लोगों के साथ सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने लाइव प्रसारण सुना। जनपद के सभी 339 शक्ति केंद्रों एवम 2047 बूथों पर भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधियों ,पदाधिकारियों एवम समर्थकों ने इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के उपरांत सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा की पीएम मोदी ने चरैवेति चरैवेति यानी चलते रहो-चलते रहो की बात कह कर आम नागरिकों का हौसला बढ़ाया है। बताया कि हर एपिसोड में देशवासियों के सेवा और सामर्थ्य के किस्से सुनाकर पीएम ने दूसरों को प्रेरणा दी है।उन्होंने कहा कि %मन की बात' कार्यक्रम ने हमेशा सद्भावना, सेवा-भावना और कर्तव्य-भावना को आगे बढ़ा है।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में कहे गए स्वच्छता अभियान एवम अमृत महोत्सव जैसे अभियान जन आंदोलन बन गए। प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने बंकी नगर पंचायत,राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने दरियाबाद में,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने फतेहपुर नगर पंचायत में,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने शहर में,पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने रामनगर नगर पंचायत में तथा जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने देवा में मन की बात सुनी।




# आप ने बढ़ाई सक्रियता तेज़ किया चुनाव प्रचार



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

निकाय चुनाव नजदीक आते देख आम आदमी पार्टी ने जिले में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है।इसी क्रम में रविवार को पार्टी पदाधिकारियों ने अश्वनी पुरम वार्ड की उम्मीदवार राधा मौर्या,जयप्रकाश नारायण वार्ड उम्मीदवार संतोष कोरी,संत रविदास वार्ड के उम्मीदवार अब्दुल अहद और परमहंस रामचंद्र वार्ड उम्मीदवार अमित निषाद के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।प्रचार की कमान पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व जिला प्रभारी संजीव निगम तथा जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने संयुक्त रूप से संभाल ली है।जिला प्रभारी श्री निगम ने बताया कि आम आदमी पार्टी से मेयर पद के उम्मीदवार ई.कुलभूषण साहू एक पढ़े-लिखे व शिक्षित युवा होने कारण स्थानीय लोगो की पसंद बनते जा रहे है।श्री निगम ने बताया कि यदि यदि ई.साहू मेयर चुने जाते है तो सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जिन लोगो की दुकानें या घर तोड़ दिए गए है,उन सभी को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत स्थापित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रजापति ने बताया कि प्रत्येक दिन पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की अलग अलग टीम अलग अलग वार्डो में जाकर दिल्ली और पंजाब सरकार के कार्यो के साथ साथ हाल ही में दूसरी बार दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी का मेयर चुने जाने की बारे में लोगो को बता रहे है और अब अयोध्या में भी आम आदमी पार्टी का मेयर चुना जाएगा।नगर निगम प्रभारी जुल्फकार अली उर्फ सूरज प्रधान ने सभी वार्डो के पार्षद उम्मीदवारों और मेयर उम्मीदवार ई.साहू के साथ समन्वय स्थापित कर प्रचार का कार्यक्रम बनाते है और स्वयं ज्यादातर जगह मौजूद रहते है।

# सड़क दुर्घटना में किसान की मौत, चार लोग घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



रविवार की भोर लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई दुर्घटना मे एक किसान की मौत हो गयी वही विक्रम हाफ डाला चालक सहित चार किसान घायल हो गये सभी को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया हैं। सभी किसान हाफ डाला मे टमाटर लाद कर बाराबंकी सब्जी मंडी जा रहे थे। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर धनेठी के किसान रविवार की सुबह करीब 4 बजे विक्रम हाफडाला नंबर यूपी 42 ए टी 5731 मे टमाटर लादकर बाराबंकी मंडी जा रहे थे लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसौली ओवरब्रिज से पहले पीछे से तेज रफ्तार मे आ रहे ट्रक नंबर एच आर 69 सी 4031 ने जोरदार टक्कर मारते हुए असुंतलित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए हाइवे के किनारे खाई मे चला गया। दुर्घटना मे विक्रम हाफडाला मे सवार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर धनेठी निवासी 45 वर्षीय राजेश वर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद, इंधौलिया निवासी 18 वर्षीय अंकित कुमार पुत्र तेजराम , रामानंद पुत्र सत्यनाम, शिवा पुत्र केशव राम, हाफडाला चालक सुनील गुप्ता पुत्र नंद किशोर निवासी सफदरगंज घायल हो गये जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

# सपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का है निकाय चुनाव : गोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



निकाय चुनाव ईमानदारी वफादारी से पार्टी के लिए लड़ने के लिए और कर्तव्यनिष्ठ मेहनती कार्यकर्ता के मान सम्मान को बनाए रखने का चुनाव है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में नगर पंचायत हैदरगढ़ से अध्यक्ष पद के समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अय्यूब कुरैशी के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं नगर पंचायत हैदरगढ़ के सम्मानित नगर वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सिद्धांत पर चलते हुए समाजवादी पार्टी ने कार्यकर्ताओं एवं जनता में लोकप्रिय कार्यकर्ता अयूब कुरैशी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसलिए हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए संघर्षशील कार्यकर्ता के हौसले को बनाए रखने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से इस चुनाव में उसकी सहायता और मदद करते हुए यह साबित कर दे कि ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है और रहेगा। इसलिए मैं आप सबसे अपील और प्रार्थना करते हुए यही कहूंगा कि आप सब कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष एवं सभासद के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीता कर नगर पंचायत हैदरगढ़ पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराने का काम करें, मैं आपसे वादा करता हूं किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

# मजबूत लोकतंत्र में भागीदारी के लिए वोट देना जरूरी है

**सोनभद्र।** भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्ण जयंती चौराहे रावटसगंज सोनभद्र पर बुद्धिजीवी एवम् समाजसेवियों द्वारा नगर निकाय चुनाव पर विचार विमर्श किया गया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट ने कहा कि ने बताया कि मतदान करना हर नागरिक का सर्वप्रथम कर्तव्य है। हर भारतीय नागरिक को अपना यह कर्तव्य अपनी इच्छा अनुसार सभी को निभाना चाहिए। जाति भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र एवं देश हित के लिए मतदान करना अति आवश्यक है। मतदान करने से देश के विकास एवं राष्ट्र हित जुड़ा होता है।

# राज्यमंत्री ने पदाधिकारियों के साथ सुनी पीएम के मन की बात

**सिद्धौर बाराबंकी।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर रविवार को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड को सुनने की खातिर भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से बूथों पर विशेष व्यवस्था की गई थी ।तीन बूथों को मिलाकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ।प्रत्येक कार्यक्रम के लिए पार्टी के पदाधिकारियों को प्रभारी के रूप में नामित किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बूथ के कार्यकर्ताओं और विशिष्टजनों की उपस्थिति रही।दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के मंडल देवीगंज में कुल 27 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए । सिल्हौर बूथ पर प्रदेश के खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना ।कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने कार्यकर्ताओं और विशिष्ट जनों से संवाद स्थापित कर सरकार की उपलब्धियों का बखान किया ।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ललिता सिंह , जितेंद्र सिंह रिंकू और जवाहर तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में जरौली में बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक के आवास पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण को सुना। तत्पश्चात उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने लोगों को असली भारत से परिचय कराया।

# प्रत्याशियों को जिताने के लिए घर घर दस्तक दे रहे सपा कार्यकर्ता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय व मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडेय दीपू के साथ नगर निगम के बड़ी देवकाली व महात्मा गांधी वार्ड क्षेत्र के प्रत्येक घर घर जाकर मेयर प्रत्याशी डॉ पांडेय,वार्ड के प्रत्याशी सरबजीत यादव व महात्मा गांधी वार्ड की प्रत्याशी संगीता यादव को जिताने के लिए वोट मांगने का कार्य किया।इस मौके पर वार्ड के नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया।महात्मा गांधी वार्ड की प्रत्याशी संगीता यादव ने वार्ड के सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि आज अयोध्या की जनता,अयोध्या के व्यापारी और सड़क पर अपना ठेला लगाकर जीवन यापन करने वाले गरीब व्यापारी सभी परेशान हैं क्योंकि दुकानों के टूट जाने से इनकी आय का जरिया खत्म हो चुका है और जनता इसका जवाब होने वाले नगर निगम के चुनाव में देगी।इस मौके पर मेयर पद प्रत्याशी डॉ पांडेय ने कहा कि पूरे नगर निगम के क्षेत्र में सड़के और नालियां टूटी पड़ी है और लोग परेशान हैं।

# मन की बात का 100वां संस्करण भारी संख्या में लोगों ने सुनी

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र चोपन गांव वार्ड नंबर दो में प्रधानमंत्री मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 100 वां संस्करण भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सुना । कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामसकल जी ने अपने संबोधन में कहा कि पहली बार कोई प्रधानमंत्री प्रत्येक महीने अपनी जनता से बात कर उनसे जुड़े रहना चाहते हैं। मोदी जी ने मन की बात में कहा कि प्रधानमंत्री बनाने के बाद जनता से जुड़ने का माध्यम प्रसाद के रूप में है मन की बात कार्यक्रम देशभर में स्वच्छता जागरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्किल डेवलपमेंट एवं नए अवसरों को प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम है । आगे उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भारतीय जनता पार्टी, निषाद पार्टी व अपना दल एस गठबंधन के प्रत्याशी उस्मान अली एवं चोपन नगर के सभी वार्डो के भाजपा सभासदों को विजई बनाने का अपील किया । मन की बात कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रत्याशी उस्मान अली ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया और विस्तारित क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि आप सभी अपना आशीर्वाद दें जिससे कि पूरे नगर मे चहुंमुखी विकास कर सकें । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत जुगैल प्रतिनिधि वार्ड प्रभारी संजीव त्रिपाठी, विशाल पाण्डेय, पूर्व प्रधान लवकुश भारती, नगर संयोजक डॉ सत्येंद्र आर्य, प्रदीप अग्रवाल,घनश्याम चौधरी, धर्मेंद्र जायसवाल, पिंटू मिश्रा, हिमांशु सूर्य, सभासद प्रत्याशी मोहन जायसवाल, आशा रानी चौबे , छोटेलाल चेरो, श्रीश्याम उपाध्याय, रामविलास, शबनम मिश्रा विकास सिंह उर्फ छोटकू सहित सैकड़ों ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रहरी ने किया।

# आलोक तिवारी के समर्थन में व्यापार मंडल ने किसी कमर, जनसम्पर्क किया तेज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

भाजपा नेता एवं तहसील बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री प्रशासन व पूर्व सभासद निर्दलीय प्रत्याशी आलोक तिवारी के समर्थन में जहां अब तक अधिवक्ता वा व्यापार मंडल के पदाधिकारी अपना समर्थन जताते हुए घर घर जनसंपर्क अभियान में उतर चुके हैं वही अब महिलाओं ने भी श्री तिवारी की पत्नी शीतम तिवारी के नेतृत्व में घर घर पहुंच जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया। श्री तिवारी कि पत्नी के नेतृत्व में महिलाओं के बीच पहुंच रही टीम द्वारा अध्यक्ष पद के लिए सबसे योग्य वह तेजतर्रार प्रत्याशी बताते हुए नगर के विकास के साथ-साथ जनता के मान सम्मान की रक्षा के लिए आलोक तिवारी के पक्ष में चुनाव निशान अनार पर मुहर लगाने की लोगों से अपील कर रही हैं । आज श्री तिवारी की पत्नी के साथ फला फला लोगों ने लिल्हौरा वार्ड पूरे मितई वार्ड, ठाकुरद्वारा वार्ड में घर घर पहुंच कर चुनाव निशान अनार पर मोहर लगाने की अपील की।



# भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के रंग में भंग डालने का किया काम

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

नगर पंचायत रामनगर मे जब प्रधानमंत्री के मन की बात को लोग सुनने की तैयारी मे लगे हुये थे कि उसी समय थाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष और पुलिस के मध्य हुये विवाद के कारण भाजपा नेताओ के रंग मे भंग पड गया। यह प्रकरण फरियादियो और मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों की दबी जुबान से निकलने वाले शब्दो की बदौलत समूचे क्षेत्र मे चर्चित हो गया।पुलिस क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्र के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुचकर मामले की तहकीकात भी शुरु कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार राम नगर मे भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ल अपनी भाषा और अमर्यादित व्यवहार के कारण हमेशा बुर्खियो मे बने रहते है।आज वह अशोक पुर चाचू सराय के किसी व्यक्ति की नोटिस प्राप्ति को लेकर एक बार फिर चर्चा का विषय बन गये।वह आये दिन कभी आम जन कभी व्यापारी कभी भाजपा कार्यकर्ता ही इनके कोप का शिकार बनता है।सत्तासीन सरकार के संगठन से जुड़े होने के कारण दबाव में कोई कुछ बोलना नही चाहता लेकिन अध्यक्ष जी के कार्य व्यवहार से कार्यकर्ता ही नही आम जन भी काफी व्यथित है।पुलिस की आज की कार्यवाही की दबे जुबान सभी तारीफ कर रहे है।क्षेत्र मे भाजपा की निरन्तर जग हसाई करा रहे मंडल अध्यक्ष एक बार फिर पुलिस केत्रं कोप भाजन का शिकार बने।प्रत्यक्ष दर्शियो के मुताविक मंडल अध्यक्ष महादेवा शैलेन्द्र प्रताप सिह भाजपा किसान मोर्चा के नेता अजीत वर्मा गुड्डू मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार शुक्ला के साथ थे।इन लोगो ने पुलिस से हुये विवाद की जानकारी जिलाध्यक्ष शशांक कुसुमेश को दी उन्होने इसके बाद पुलिस कप्तान से बात की जिसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्र मौके पर पहुच गये।प्रत्यक्ष दर्शियो के मुताविक मंडल अध्यक्ष महादेवा शैलेन्द्र प्रताप सिह भाजपा किसान मोर्चा के नेता अजीत वर्मा गुड्डू मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार शुक्ला के साथ थे।इन लोगो ने पुलिस से हुये विवाद की जानकारी जिलाध्यक्ष शशांक कुसुमेश को दी उन्होने इसके बाद पुलिस कप्तान से बात की जिसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्र मौके पर पहुच गये।वह जाच पडताल कर हे थे लेकिन उसी समय जिले से अपर पुलिस अधीक्षक रामनगर थाने आ गये।क्षेत्र मे पुलिस और मंडल अध्यक्ष के मध्य हुये विवाद की सूचना समूचे क्षेत्र मे आग की तरह क्षेत्र भर मे फैल गयी।पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायण सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता स्थानीय डाक बंगले पर बैठक कर विवाद की समीक्षा करते हुये अग्रिम रणनीति पर विचार विमर्श किया।बताते चले चर्चित मंडल अध्यक्ष का पुलिस से होने वाला यह विवाद कोई नया नही है।योगी जी के विगत शासन मे यहा तैनात रहे एस एस आई धर्मेन्द नाथ मिश्रा से हुये अर्मयादित व्यवहार के कारण इन्हे लादकर लाकप मे डाल दिया गया था।शीर्ष नेताओ के हस्तक्षेप के बाद यह विवाद रफा दफा हो गया था रविवार को हुये विवाद के सम्बंध मे कोतवाल शिवनरायण सिंह का कहना था कि ऐसी कोई बात नही है कुछ एक मामले को लेकर के विवाद था उसको हल कर लिया जायेगा।कोई मामला सामने आता है तो उसमें मिल बैठकर के उसको तय कर लिया जाएगा।

# चरखारी विधानसभा में 105 जगहों पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज**

**देश के** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ÷मन की बात÷ कार्यक्रम की शुरुवात विजयादशमी के दिन तीन अक्टूबर 2014 से की थी तब से अनवरत प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को देशवासियों से ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के माध्यम से संवाद कर रहे है, इसी कड़ी में इस? रविवार 100वें मन की बात कार्यक्रम में मोदी जी ने सभी देश के नागरिकों से संवाद किया, मन की बात कार्यक्रम एक पर्व बन गया है जो हर महीने आता है, इसमें सकारात्मकता और लोगों की सहभागिता को सेलीब्रेट करते हैं, देशवासियों को नई सफलताओं की जानकारी इसमें मिलती है, इस कार्यक्रम से देश के कोने-कोने से हर आयु वर्ग के लोग जुड़े है।

चरखारी विधानसभा के मन की बात संयोजक श्री प्रकाश अनुरागी ने बताया कि चरखारी विधानसभा में 105 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया चरखारी में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सेंगर कुलपहाड में चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत, ज़िला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, ब्लॉक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत उपस्थित रहे तो वहीं पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी श्रीमती अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी,की उपस्थिति में ब्लाक सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया किल्हुआ में मंडल अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा तथा पनवाड़ी सचिवालय में ग्राम प्रधान पनवाड़ी संजय द्विवेदी नौगाँव फ़दना में नीरज द्विवेदी महोबकंठ में वीरेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा प्रदीप मिश्रा सहित सम्मानित जिले और मंडल के पदाधिकारी अलग अलग स्थानों पर उपस्थित रहे।






## सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की उपस्थिति में सुना गया प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम

महोबा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम को नगर पालिका परिषद के सभी 25 वार्डो में टेंट एवं एलईडी लगाकर सुनावा दिखा गया! भाजपा संगठन के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर जी निर्देशन में पूरे जिले के सभी 728 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम संपन्न हुआ, विशेष तौर से महोबा नगर के सभी वार्डो में सम्मानित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना वा देखा, लगभग सभी वादों के पंडालों पर प्रधानमंत्री जी को सुनने 200 से 500 तक की संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे, उन्होंने पत्रकारों से मोदी जी के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की सराहना की! सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बड़ी हाट एवं हवेली दरवाजा वार्ड वासियों के साथ कार्यक्रम को सुना व देखा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने चरखारी नगर के वार्ड में भागीदारी की, सदर विधायक राकेश गोस्वामी छजमन पूरा वार्ड में, चक्रपाणि त्रिपाठी ने रायकोट, जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी ने बजरंग वार्ड, रमेश यादव ने सिंह भवानी वार्ड में कार्यकर्ताओं वार्ड वासियों के साथ कार्यक्रम को सुना व देखा!

# बसपा प्रत्याशी गुलनाज ने महिलाओं की टोली के साथ सर्वसमाज से मांगा आशीर्वाद

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**बहुजन** समाज पार्टी की इटावा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी गुलनाज और पूर्व सभासद इदरीस अंसारी ने आज शहर के विभिन्न मोहल्लों में जनसमूह के साथ जनसम्पर्क किया जहां सर्व समाज के मतदाताओं ने उनका पुष्प वर्षा व मालाओं से लादकर जोशीला स्वागत किया। बसपा की चेयरमैन पद की प्रत्याशी गुलनाज ने महिलाओं की टोली के साथ मोहल्ला पथवरिया, बेरुन टोला आदि में जनसम्पर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। मतदाताओं ने बसपा प्रत्याशी गुलनाज का स्वागत कर जीत का आशीर्वाद दिया। इसी क्रम में गुलनाज के समर्थन में आज बसपा नेता पूर्व सभासद इदरीस अंसारी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ मढैया शिव नारायण, पक्का बाग, लालपुरा, गाड़ीपुरा, विशुन बाग आदि मोहल्लों में जनसम्पर्क के दौरान मतदाताओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सपा ने मेरे साथ विश्वासघात किया लेकिन हमने जनता की सेवा का प्रण लेकर बसपा के बैनर से चुनाव लड़ने का फ़ैसला लिया, अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो बिना भेदभाव के शहर की जनता को वह सुविधाएं मुहैया कराएंगे जो जनता को मिलनी चाहिए। जनसम्पर्क के दौरान लालपुरा से बसपा के सभासद प्रत्याशी राकेश चक, मढैया शिव नारायण से बसपा के सभासद प्रत्याशी सुरेंद्र राठौर, आसिफ अंसारी, बसपा कोषाध्यक्ष मोहम्मद निजाम, पूर्व महासचिव इमरान अहमद, विस अध्यक्ष प्रदीप जाटव, अरविंद जाटव, वीपी मौर्या, दौलतराम, नरेंद्र जाटव, संजीव जाटव, शबाना, फरजाना, गोमा, हुस्ना, फ़ातिमा, राज कुमारी, इरशाद पहलवान, मो. इलियास अंसारी, नजीर अहमद अंसारी, मुमताज अंसारी, हबीबुल्ला, सहित सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### निर्दलीय सभासद की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत



**चरखारी महोबा।** चरखारी के मुहाल तुर्कियाना निवासी निर्दलीय सभासद के उम्मीदवार सिराज पुत्र शकील का सभासद बनने का ख्वाब पूरा नहीं हो सका अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। सिराज 3 से 4 वार मोहल्ला तुर्कियाना से सभासद निर्दलीय का चुनाव लड़ चुके हैं अचानक तबीयत खराब होने के कारण समुदाय स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले जाया गया जहां से महोबा रिफर कर दिया गया था। महोबा जाते समय रास्ते में सिराज की मृत्यु हो गई जैसे ही मोहल्ले वासियों को पता चला उनके घर पर लोग एकत्र हो गए।

### नारायन कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का हुआ आयोजन

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स आलमपुर हौज, इटावा में वेट डिजिटल टेक्नोलॉजीस द्वारा एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन हुआ।सेमिनार का शुभारम्भ नारायन कॉलेज के वाइस चेयरमैन इं.अंकित तिवारी,निदेशक डॉ.श्रेता तिवारी एवं वेट डिजिटल टेक्नोलॉजीस की सीईओ सुमित्रा तिवारी, वेट डिजिटल टेक्नोलॉजीस हैड कन्हैया बाथम, वेट डिजिटल टेक्नोलॉजीस सीटीओ प्राची द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। वेट डिजिटल टेक्नोलॉजी से आये सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एक्सपर्ट इं. शैलेन्द्र पाण्डे ने सभी छात्र छात्राओं को बताया कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के बाद टेस्टिंग का कार्य प्रारम्भ होता है सभी छात्र टेस्टिंग के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं।डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर एक्सपर्ट इं.राजीव ने ऑरेकल के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुये कहा कि किसी भी सॉफ्टवेयर में फ्रंटएण्ड एवं बैकएण्ड होते हैं और बैकएण्ड डाटाबेस की अहम भूमिका होती है और इस क्षेत्र में भी आप विभिन्न कोर्स करके अपना कैरियर चुन सकते हैं।जावा एक्सपर्ट इं.अर्पित दुबे ने बताया कि जावा एक सुरक्षित लैंग्वेज है और इस पर सॉफ्टवेयर डिजाइन करना बहुत आसान है।पायथन एक्सपर्ट इं.आशुतोष ने पायथन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि रोबोटिक्स की प्रोग्रामिंग एवं डाटा साइंस में पायथन लैंग्वेज अहम है।एचआर रिक्रूटमेंट वेट डिजिटल टेक्नोलॉजी मिस ज्योती ने कंपनी में एचआर के रोल्स एवं रिस्पोन्सिबिलिटी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया और प्लेसमेंट सम्बन्धी आवश्यक टिप्स दिये। संस्था की निदेशक डॉ.श्रेता तिवारी ने कहा कि नारायन कॉलेज छात्र-छात्राओं के चहुमुखी विकास के लिये इस प्रकार के सेमिनार कराने के लिये कटिबद्ध है।संस्था के प्राचार्य योगेश कुमार ने सभी अतिथिगण का अभिवादन किया।सेमिनार में बीसीए एचओडी राहुल पाल,बीबीए एचओडी दुर्वेश यादव व शैलेश कुमार उपस्थित रहे।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 170 मरीजों का परीक्षण हुआ, 33 के होंगे ऑपरेशन

**इटावा।** स्व. प्रेम नारायण दीक्षित एवं स्व. कृष्णा देवी की स्मृति में श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर द्वारा ग्राम ददोरा स्थित प्राइमरी पाठशाला में निशुल्क नेत्र चिकत्सा शिविर लगाया गया जिसमें 170 लोगों का चिकित्सीय परीक्षण हुआ जिनमें 33 लोग ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महेवा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता अशोक चौबे ने आयोजक दीक्षित परिवार तथा श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय संस्थान से जुड़े सभी सेवावृतियों का साधुवाद करते हुए कहा कि यह शिविर लगाकर उन्होंने इस ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों पर चिकित्सीय उपकार किया है। पूर्वजों का स्मरण सदैव कल्याणकारी होता है क्योंकि ईश्वर भी उन पर कृपा करता है। चिकित्सालय संस्थान की ओर से डॉ. विद्याकांत तिवारी, निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित एवं शिविर संयोजक डा. आशीष दीक्षित ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए स्व. प्रेम नारायण दीक्षित एवं श्रीमती कृष्णा दीक्षित के परमार्थी व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डा. आरकेएस भदौरिया ने द्वारा अपनी चिकित्सीय टीम केसाथ लोगों के सभी तरह के नेत्र संबंधी रोगों का निशुल्क परीक्षण किया तथा चश्मे की जांच व दवाइयों का वितरण भी निशुल्क हुआ । शिविर में 33 मरीज मोतियाबिंद के आपरेशन हेतु चिन्हित किए गए , उनके ऑपरेशन भी राहतपुर स्थित अस्पताल में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा. राहुल सिंह एवं डा. आरकेसी गुप्ता द्वारा निशुल्क किए जायेंगे। इससे पूर्व दीक्षित परिवार की ओर से नीरज दीक्षित ने सभी का स्वागत किया। शिविर को सफल बनाने में महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, विनोद त्रिपाठी, केके त्रिपाठी, हरिदत्त दीक्षित, घनश्याम तिवारी, रविंद्र दुबे, संजीव दीक्षित, चंद्रमोहन तिवारी, सुशील राजपूत भूपेंद्र भदौरिया, अनिल पाल, अमित राजपूत, रिंकू राजपूत, अवनीश तिवारी, कमलेश पाल का विशेष सहयोग रहा।

### इकदिल में पीएम के मन की बात सुनी गई

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात इकदिल के सभी वार्डो में सुनी गयी। वार्ड नम्बर 12 गोपालदास नगर में भाजपा के पधाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व वार्ड वासियों ने मोदी जी की 100 वें एपीसोड में मन की बात को सुना। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष/ पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवप्रताप राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष/ शासन द्वारा मनोनीत सभासद डॉ.सुशील सम्राट, मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, प्रियांशु सिंह, सभासद पद के प्रत्याशी विनय प्रताप सिंह, देशराज राजपूत, अजय राजपूत सहित लगभग एक सैकडा लोग उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक को दी विदाई

**इटावा।** पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर ने सम्मान देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी। पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम व क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर अतुल प्रधान द्वारा स्मृति चिन्ह , प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# मुकुंद फाउंडेशन द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**रविवार** के दिन पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार ( रामालय ) में एक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मुकुंद फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसका उद्घाटन नवरस बुंदेली लोक समिति के अध्यक्ष संगीतज्ञ अबोध सोनी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सुनील कुमार सरोज, आदर्श पांडेय, सतीश कुमार, जीतेंद्र, अंसार मंसूरी, अभिषेक मिश्रा, अनिल सोनी, मनीष कुमार चौरसिया, संदीप अग्रवाल, पंचू रैकवार, रामस्वरूप द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता मलकपुरा सहकारी समिति के अध्यक्ष इंजीनियर



मनोज तिवारी, रेड क्रॉस समिति के सभापति डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, रेड क्रॉस प्रबंध समिति के सदस्य अंचल सोनी, उमाकांत द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय से रक्तदान कराने आई टीम में डॉक्टर राजेश भट्ट, डॉक्टर वरुण, डॉक्टर शरदचंद्र, लैब टेक्नीशियन नदीम, संदीप गुप्ता, शैलेंद्र, रोहित, गयादीन, पवन कुमार, आदि शामिल रहे।

## विद्युत लाइन का तार टूटने से नीचे लगी चक्की में आग

**इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम विलहटी के मजरा नगला रामसिंह में 11 हजार की विद्युत लाइन का तार टूटने से नीचे लगी चक्की में आग लगने से दो किटें आयशर इंजन व कुटी मशीन, चकिया समेत 10 कुन्तल अनाज जलकर राख हुआ। ग्रामीणों व रिमझिम बारिश की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। इस सम्बंध में ग्राम पंचायत विलहटी के मजरा नगला राम सिंह निवासी रामप्रकाश पुत्र रघुवंशी ने बताया कि वह अपने खेत में आटा चक्की लगाकर जीवकोपार्जन करता है। रविवार की दोपहर अचानक चक्की के ऊपर से निकली 11 हजार विधुत केवीए लाइन का तार टूटकर चक्की के टीनशैड छप्पर पर आकर गिर गया जिसमें चक्की में रखे दो आयशर किट इंजन व चक्की, कुटी मशीन व पिसने के लिए रखे ग्राहकों का 10 कुन्तल गैंहू भी धू धू कर जलने लगा जिसे देख आसपास के लोगों ने हैडपम्प नलों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके बाद रिमझिम बारिश होने के चलते आग पर काबू पाया गया।

## जनपद के उपायुक्त स्वतः रोज़गार को मिला प्रशस्ति पत्र

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**उत्तर** प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित समूह की महिलाओं द्वारा कैंटीन संचालन का किया जा रहा है। कैंटीन के खुलने से मरीज़, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को अब बाहर नहीं जाना पड़ता है। जनपद के 8 स्वास्थ्य केंद्रों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन मरीजों को परोसा जाता है। इससे प्रसन्न होकर सी. इन्दुमती, मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ ने शौकत अली, उपायुक्त स्व- रोजगार को प्रशस्ति पत्र जारी कर प्रशंसा की। प्रणता ऐश्वर्या मुख्य विकास अधिकारी ने खुशी जाहिर करते हुए जनपद का नाम गौरवान्वित करने के लिए उपायुक्त को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में गरीबी से उबरने की अपार क्षमता है। जनपद की महिलाओं ने बेमौसम सब्जी, स्ट्रॉबेरी, रेडलेडी पपीता, प्रेरणा कैंटीन, थाई अमरूद सहित कई क्षेत्रों में नवाचार कर प्रदेश स्तर पर नई कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे हम गौरवान्वित है। सीएचसी में कैंटीन खोले जाने से महिलाओं को आर्थिक लाभ के साथ साथ सामाजिक पहचान भी मिली है। उपायुक्त स्वतः रोज़गार शौक़त अली ने बताया कि जनपद में 92 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ चुकी है। सभी को नए-नए आजीविका गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे अधिकारियों व कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के प्रत्येक वार्ड में सुना गया

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**देश** के विकास का कोई पहलू प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से नहीं छोड़ा आज आम जनमानस में यह चर्चा है कि भारत से भारत का परिचय प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए कराया है। उपरोक्त उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने चुनाव कार्यालय कुमार वाटिका मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 एपिसोड मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद उपस्थित जनसमूह के समक्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज के कार्यक्रम में उपनिषदों का एक मूल मंत्र चलते रहो चलते रहो निरंतर बढ़ते रहो का संस्कृत में जिक्र किया तो कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भाव विभोर होकर तालियों से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए जिन जिन मुद्दों को उठाया उन्हें देश की जनता ने हाथों-हाथ लिया और सामूहिक रूप से छोटे-छोटे प्रयास से बड़े बड़े बदलाव संभव किए है जिसका जीता जागता उदाहरण हम सबके मन मस्तिष्क में सबसे पहले आ जाता है वह भारतीय रेलवे का स्वच्छ करण माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता से स्वच्छ भारत अभियान में रेलवे को साफ सुथरा रखने का जो आवाहन किया था वह आज हम सब देख रहे हैं कि भारतीय रेल की रेल की पटरी ऊपर जो गंदगी फैली रहती थी आज स्वच्छ रूप से हम सबके सामने हैं ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं जिनका हम सब आदरणीय प्रधानमंत्री जी के बताए रास्ते पर चलकर अनुकरण कर रहे हैं कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका परिषद इटावा की प्रत्याशी कुसुम दुबे ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज भारत के हर राष्ट्र भक्त के मन मस्तिष्क में अपनी जगह तो बनाई चुका है साथ ही आज विदेशों में भी इस कार्यक्रम की लोकप्रियता कम नहीं है।

# अगर कुरान दिलों में होता तो कोई मजलूमों का हक नहीं मारता : मौलाना कम्बर

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय** घटिया अजमत अली पर स्व. बिलकीस रिज़वी की बरसी पर मो. इबाद रिज़वी की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ सलीम रज़ा व जहूर नक़वी ने किया।

मजलिस में तकरीर करते हुए कानपुर से आये मौलाना कम्बर हुसैन ने कहा कि कुरान को रमजान में पढ़ा जाता है इसके बाद कुरान को रख दिया जाता है। कुरान दिलों में नहीं है अगर कुरान दिलों में होता तो कोई मजलूमों का हक नहीं मारता, और हक रास्ते पर चलते। मुसलमानों ने किसी नबी को नहीं देखा लेकिन जब रसूल अल्लाह ने बताया तो सब ने मान लिया और जब ग़दीर के मैदान रसूल अल्लाह ने मौला अली को दिखाया और पहचनवाया तो उन्हें क्यों नहीं माना गया। उन्होंने कहा मौला अली की हुकूमत में कोई इंसान



भूखा नहीं सोया और न ही किसी मजलूम का हक मारा गया। रसूल अल्लाह की बेटी फ़ातिमा ज़हरा पर पहले जुल्म ढाये गए फिर जन्नतुल बक़ी में उनकी कब्र की तौहीन की गई और आज उनकी कब्र को बनने नहीं दिया जा रहा है। मजलिस में मौलवी ताबिश रिज़वी, सलमान रिज़वी ने कलाम पेश किए। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, मो. अब्बास, मो. मियां, तहसीन रज़ा, मोहम्मद आज़म, शोऐब रिज़वी, अली साबिर,जुनैद, शौजब रिज़वी, जावेद, परवेज हसनैन, अयाज हुसैन, हसन अब्बास, आले रज़ा नक़वी, राजा, शब्बर अक़ील, आरिफ, शादाब हसन, मिन्हाज, मो. अहमद, राशिद, ताबिश, शानू, हम्माद, शारिब सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# एसएसपी ने विद्यार्थियों साइबर क्राइम के प्रति किया सचेत

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद कर विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए अच्छा व्यवहार करने की सीख दी गयी तथा कानून का सम्मान, कानून से जीवन आसान का पाठ पढ़ाया गया।

पाठशाला के दौरान एसएसपी द्वारा छात्राओं का मनोबल बढ़ाकर उनको सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने की अपील की गयी तथा साइबर क्राइम के प्रति भी विद्यार्थियों को सचेत किया। साथ ही बताया कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासित रहकर अपने चरित्र को ठीक रखा तो आपकी तरक्की को कोई नहीं रोक सकता । इसके साथ ही किताबें पढ़ने पर जोर दिया गया बताया कि किताबें पढ़ने से विद्यार्थियों को जो




ज्ञान मिलेगा, वह सोशल मीडिया से नहीं मिल सकता है। विद्यार्थियों को सोशल मडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी तथा नई टेक्नोलॉजी के दुष्परिणामों के बारे में भी अवगत कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर- 1090, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 181, यूपी 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संस्थान प्रांगण में वृक्षारोपण कर वातावरण को शुद्ध रखने की अपील की गयी।

## भा.कि.यू. किसान की पंचायत में किसानों ने दिखाये तेवर

किशनी। जनपद में निकाय चुनावों की वहार चल रही है। चेयरमैन पद के प्रत्याशी हों अथवा सभासद पद के उम्मीदवार,घर जाकर मतदाताओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड रहे है। वहीं भारतीय किसान यूनियन (किसान) ने भी आकस्मिक बैठक कर अपने मंसूबों से सभी को अवगत करा दिया है। शनिवार को भा.कि.यू.किसान के जिलाध्यक्ष अनुरूद्ध दुबे ने अपने आवास पर यूनियन के पदाधिकारियों की आकस्मिक बैठक बुलाकर पदाधिकारियों से चुनाव से सम्बन्धित सलाह मसविरा कर सभी की बात सुनी। सभी किसानों का कहना था चुनाव सर पर हैं पर अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने अपने अजेंडे की घोषणा नहीं की। किसानों ने जिलाध्यक्ष से कहा कि नगरपंचायत में बनाये गये सात बारातघरों में सिर्फ एक का काम पूरा हुआ बाकी अधूरे पडे खण्डहर हो रहे है। कस्बे से काशीराम आवास,कस्बे से नगला मंगद तथा जटपुरा चौराहे से नगला रमू तक विद्युतीकरण नगरपंचायत के पैसे से कराया गया है। पर आज उनमें वल्ब तक नहीं है। गलियों में अंधेरा है तथा गंदगी अटी पडी है। सफाईकर्मी कहीं और व्यस्त रहते है। गौशाला में गायों की दुर्दशा है। गलियां तथा सदर बाजार की सडक टूटी पडी है। सार्वजनिक शौचालय गंदे हैं। हरीसिंगपुर में गंदा पानी निकालने के लिये नाला नहीं बना है। इन समस्याओं पर कोई प्रत्याशी बात तक करने को तैयार नहीं है। प्रत्याशियों को सिर्फ वोट चाहिये। जनता की सुबिधाओं के बारे में किसी को कुछ नहीं कहना है। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि प्रत्याशी अपनी मंशा से किसानों को अवगत नहीं करायेंगे तो किसान भी अपनी मर्जी से मतदान करने के लिये स्वतन्त्र है।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

- पालिका में सभासद प्रत्याशियों की बैठक में दिए निर्देश

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज


पालिका परिसर में सभासदों के साथ बैठक करते एसडीएम — समृद्धि न्यूज

**सभासद** के प्रत्याशियों के अधिकतम खर्च की राशि 2 लाख रूपये होगी। सभी प्रत्याशी बिना परमिशन के सार्वजनिक स्थानों पर मीटिंग अथवा घरों में पोस्टर, बैनर, झंडे न लगाएं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने से बचें। क्योंकि सोशल मीडिया सेल एक्टिव हो चुकी है। विवादित पोस्ट पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। प्रत्याशी परमिशन के बाद ही प्रचार वाहन एवं सीमित प्रचार सामग्री का प्रयोग करें। लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित है। यह निर्देश रविवार को स्थानीय पालिका परिसर में आयोजित नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद सभासद प्रत्याशियों की बैठक में छिबरामऊ उप जिलाधिकारी अशोक कुमार ने दिए। इस दौरान उन्होंने सभासद प्रत्याशियों से सुझाव मांगे। जिस पर कुछ प्रत्याशियों ने वोट कटने की शिकायत की। जिस पर उप जिलाधिकारी ने अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो जाने की बात कही। इसके उपरांत उन्होंने समस्त प्रत्याशियों से चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किए जाने की अपील करने के उपरांत कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्यवाही की जाएगी। प्रचार वाहन की अनुमति के संबंध बताया कि अनुमति प्राप्त करने हेतु वाहन से संबंधित कागजात साथ अवश्य लाये। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने के लिए पालिका प्रशासन तत्पर है। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, अशोक शर्मा, मनोज तिवारी, जगदीश सिंह, वीर सिंह, गौरव मिश्रा, जनार्दन मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# गंगा दूतों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरुक

- प्रधानमंत्री के 100 वें एपिसोड 'घाट पर मन की बात' का अनुश्रवण भी किया

कन्नौज,समृद्धि न्यूज


स्वच्छता के प्रति जागरुक करते गंगा दूत — समृद्धि न्यूज

**नेहरू** युवा केंद्र एवं नमामि गंगे परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सदर विकासखंड के गंगा घाट यासीनपुर में गंगा दूतों ने साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरुक किया। वहीं प्रधानमंत्री के 100 वें एपिसोड ÷घाट पर मन की बात÷ का अनुश्रवण भी किया। रविवार को जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे के निर्देशन में नेहरू युवा केंद्र एवं नमामि गंगे परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में सदर विकासखंड के गंगा घाट यासीनपुर में स्पीयरहेड टीम राजेंद्र कुमार और गंगा घाट दाईपुर के स्पीयरहेड टीम मेंबर अर्चना कश्यप तथा गंगा घाट मेहंदीपुर के स्पीयर हेड टीम मेंबर गोपाल तिवारी के साथ संबंधित गंगा दूतों ने प्रधानमंत्री के 100 वें एपिसोड ÷घाट पर मन की बात÷ का अनुश्रवण किया, तथा गंगा घाट पर मौजूद लोगों को गंगा की साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अवैध शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर एक युवक के पास से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। शनिवार की देर शाम हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे जसोदा चौकी प्रभारी आशीष सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम महेशपुर मोड़ के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 45 क्वार्टर देसी शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम गौरव पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम सगरा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते युवक के साथ मोहल्ले के ही दो युवकों ने अभद्रता व मारपीट कर ना सिर्फघायल कर दिया। बल्कि धमकी दी थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा समान के मोहल्ला गांधी नगर निवासी उम्मीद हसन पुत्र मुन्ने खां द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की सुबह वह व्यक्तिगत कार्य से जा रहा था। तभी मोहल्ले के ही उसीम एवं वसीम ने रास्ते में घेर कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## युवक की जेब काट पार किए हजारों रुपए

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बस में यात्रा कर रहे युवक की अज्ञात युवक ने जेब काटकर हजारों रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी राजकिशोर पुत्र राम शंकर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की दोपहर वह बस में सवार होकर कन्नौज की ओर जा रहा था। जैसे ही नगर के पूर्वी क्रॉसिंग के आगे पहुंचा। तभी पास में बैठे अज्ञात युवक ने उसकी जेब काटकर 4000 रूपये पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम मझपुरवा निवासी गुलशाना बेगम पत्नी अनीश खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 27 अप्रैल की दोपहर वह घर की ओर जा रही थी। तभी गांव के ही नाजिम, आमिर, जैनुल, बदरुल ने रास्ते में घेरकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## रंजिश के चलते युवक को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही 3 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नौरंगपुर चौराहा निवासी विनोद पुत्र सूरज प्रसाद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 22 अप्रैल की शाम घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही श्याम सिंह, संजीव कुमार, सीमा ने रास्ते में घेरकर गाली गलौज करते हुए लातघूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** किसी बात को लेकर युवक के साथ गांव के ही 3 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम भज्जापुरवा निवासी रामसेवक पुत्र राजबहादुर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की सुबह व्यक्तिगत कार्य से जा रहा था। तभी गांव के ही विजयपाल, सोनी, विमला ने रास्ते में घेरकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लातघूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मां बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते मां बेटे के साथ 3 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद मैनपुरी एक थाना एलाऊ के ग्राम मंझना निवासी पूनम दुबे पुत्री सिद्ध सरन द्वारा कोतवाली में दी तहरीर में कहा गया है कि रविवार को वह ग्राम अनौगी के मजरा भवानीपुर स्थित रिश्तेदारी में गई थी। तभी गांव के ही आलोक त्रिपाठी, रितिक त्रिपाठी, मोनू सिंह उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पुत्र रूद्र दुबे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बकरियां चराते विकलांग को पीटा, मामला दर्ज

**किशनी।** मनीश कुमार पुत्र पुत्तूलाल निवासी नगला कले कुरसण्डा ने तहरीर देकर बताया कि वह शारीरिक तौर पर बिकलांग है। वह खेतों में बकरियां चरा रहा था। तभी उनके गांव मनू पुत्र श्रीकृष्ण तथा श्रीकृष्ण पुत्र कल्याण सिंह उनके पारस आये और उनपर आरोप लगाया कि वह उनके खेत में घुसा है। पीडित ने बताया कि इसी बात पर उक्त दोनों ने उनको गालियां देते हुये मारपीट की। जिससे उनको चोटें आगई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

# सूफी संत बाबा मुस्ताक के वार्षिक भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

- जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने लिया आशीर्वाद


बाबा का आशीर्वाद लेते उनके अनुयायी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर पंचायत समधन में सूफी संत बाबा मुश्ताक शाह द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रांतों सहित दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

रविवार को कस्बा समधन स्थित बाबा मुस्ताक शाह के आश्रम में आयोजित वार्षिक भंडारा कार्यक्रम में दिल्ली, अलीगढ़, कानपुर, मुंबई एवं कई प्रांतों के लोगों ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वही अकीदतमन्दों ने बाबा के दरबार में जानकारी देते हुए बताया कि बाबा के आशीर्वाद से गंभीर बीमारियों, रूहानी ताकतों सहित अन्य समस्याओं में लाभ मिला। मौजूद लोगों ने बताया कि बाबा जी किसी भी प्रकार का सुविधा शुल्क नहीं लेते हैं। बल्कि उनके दरबार में दुआएं दी जाती है। इसी से अनुयायियों को लाभ मिलता है। बाबा के दरबार में सभी धर्म के लोग पहुंचते हैं। किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। यहां पर गंगा जमुनी तहजीब के साथ भाईचारा व मानवता का नाता जुड़ा हुआ दिखाई देता है। यहां छोटा हो, गरीब हो, अमीर हो सभी बाबा के दरबार में एक समान भक्तों के रूप में दिखाई देते हैं। समस्याएं व बीमारियां बाबा जी को बताते ही उनकी दुआओं से लाभ पहुंचता है। जिससे उनके अनुयाई उनकी प्रशंसा करने में कोई गुरेज नहीं रखते। इस मौके पर सूफी संत के पुत्र मौलाना आसिफ अली भी उपस्थित रहे।

# विद्यालय के संस्थापक की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** विद्यालय के संस्थापक की द्वितीय पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को क्षेत्र के जेल रोड स्थित मां शीतला देवी इंटर कॉलेज डिगसरा में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय सत्य प्रकाश राजपूत की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। संस्थापक की धर्मपत्नी सुमन देवी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर सभी अध्यापकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि दी। तथा उनके किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए याद किया। उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर विचार करते हुए उनके द्वारा बताए गए तथा दिखाए गए पथ पर चलने और अनुसरण करने का प्रण लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनुज राजपूत, सुरजन लाल राजपूत, सर्वेश कुमार पाल, हिमांचल शर्मा, नारायण कुमार राम कुमार बाथम, मुनीम यादव, उमेश यादव, प्रमोद राजपूत, अवनीश पाल श्लोक, सौरभ कुशवाहा, रामसेवक समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# अनौगी विद्यालय को कभी नहीं भूल पाऊंगा: डॉ भगवान सिंह

- प्राचार्य के स्थानांतरण पर संपन्न हुआ विदाई समारोह



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में मेरी आत्मा बसती है। मैं जहां भी रहूंगा नवोदय विद्यालय और स्टाफको कभी नहीं भूल पाऊंगा। यह बात विदाई समारोह में प्राचार्य डॉ भगवान सिंह ने कही। अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ.भगवान सिंह का स्थानांतरण नवोदय विद्यालय हाथरस एवं उनकी पत्नी पुष्पा सिंह का यू.डी.सी से प्रोमोशन कार्यालय अधीक्षक के पद पर नवोदय हाथरस में हुआ है। प्राचार्य के स्थानांतरण पर समस्त स्टाफ के द्वारा विद्यालय सभागार में भव्य विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ.भगवान सिंह के द्वारा किए गए कार्यों और दृष्टिकोण पर लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्टाफ़ द्वारा कहा गया कि अपनी योजना और भिन्न दृष्टिकोण से जवाहर नवोदय विद्यालय हाथरस को भी लाभान्वित कर जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी कन्नौज की तरह शिखर पर पहुंचाएंगे। विद्यालय के समस्त स्टॉप ने उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा की। साथ ही साथ उनके जाने पर उदास दिखाई दे रहे थे। विदाई समारोह में स्टाफ के द्वारा प्राचार्य डॉ भगवान सिंह को गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट की। और कहा कि आप जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी को कभी न भूलिएगा इससे अपना संबंध बनाए रखिएगा। प्राचार्य ने कहा कि आप सबके सहयोग से ही यह विद्यालय आज जनपद में और क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की दृष्टि में उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में स्थापित हुआ है। प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मई के प्रथम सप्ताह में जवाहर नवोदय विद्यालय हाथरस के प्राचार्य का पदभार ग्रहण करेंगे। इस मौके पर एस.के सिंह, गुरुप्रसाद, विपिन, बृजमंगल, शिखा मिश्रा, एकता, शालिनी समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पाउडर मिलाकर युवती से किया दुष्कर्म

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- आरोपी युवक ने बनाया अश्लील वीडीओ, वायरल करने की दे रहा धमकी, पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को दिया शिकायती पत्र
- मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**एक** मकान में किराए पर रह रही युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पाउडर मिलाकर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडीओ बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने उक्त युवक के खिलाफ कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरु कर दी है।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया है कि वह अपने मां के साथ एक मकान में किराए पर रहती है। बताया कि मकान मालिक के भाई के पुत्र ने उसको कोल्ड ड्रिंक में नशीला पाउडर पिला दिया, जिसके कुछ देर बाद वह बेहोश हो गई, जिसके बाद युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीड़िता ने बताया कि दो दिन बाद युवक ने उक्त अश्लील वीडियो उसे दिखाया और दोबारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि उक्त युवक ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। डरी सहमी युवती ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर युवक के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले को लेकर सीओ दीपक दुबे ने कहा कि युवती के परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी पे सीनाजोरी करने पर पुलिस ने पांच नामजद 15 अज्ञात के खिलाफ किया मुकद्दमा दर्ज

**किशनी।** खेत की फसल को पशुओं से बचाने के लिये तारबन्दी को तोडने तथा उस पर एतराज करने पर खेत मालिक के साथ जमकर मारपीट करने पर पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। क्षेत्र के गांव जवापुर निवासी विमलादेवी पत्नी दिनेश चन्द्र शाक्य ने तहरीर दी कि शनिवार की शाम वह अपने पति दिनेश पुत्र लीलाधर,बेटा अंकित के साथ खेत में खुदी पडी लहसुन की फसल को एकत्र कर रही थी। उनके खेत के चारों ओर सुरक्षा के लिये तारबन्दी की हुई है। वहीं से होकर अक्षयप्रताप उर्फगोलू पुत्र नागेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी बुढोली अपना ट्रेक्टर निकाल रहा था। जिससे तीन खम्बे टूट गये तथा खेत में लगी टमाटर की फसल का भी नुकसान होगया। उनके टोकने पर अक्षय ने उनको धमकाया और फोन कर नागेन्द्रपाल पुत्र नरसिंहपाल,प्रवेन्द्र पुत्र नागेन्द्र,धनन्जय पुत्र अनूप तथा धनन्जय के जीजा अभिषेक पुत्र नामालूम निवासी रामनगर तथा 10 ध् 15 अज्ञात लोगों को बुला लिया।

# एससी-एसटी की जमीन लेने के लिए डीएम की अनुमति को समाप्त न किया जाए

- भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**उत्तर** प्रदेश टाउनशिप नीति 2023 के द्वारा एससी/एसटी की भूमि अधिग्रहण के लिए डीएम की अनुमति एवं अन्य शर्तों को यथावत रखने को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने कलेक्टेड्ट पहुंचकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

रविवार को भारत मुक्ति मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेश बौद्ध की अगुवाई में मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवनन्दन सविता, दिलीप, दशरथ आदि पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति 2023 के द्वारा एससी/एसटी की भूमि अधिग्रहण के लिए डीएम की अनुमति एवं अन्य शर्तों को यथावत रखने को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत में एससी/एसटी की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति किसी से छुपी नहीं है। सामाजिक रूप से दबंग जातियां आज भी इनकी जमीनों पर दबाव के भिन्न-भिन्न तरीके इस्तेमाल कर हथिया ले रही हैं। इनके पास वैसे भी नाम मात्र की जमीने है, ज्यादातर तो भूमिहीन है, इसलिए इनकी जमीने अधिग्रहित ना हो सके। इसके लिए डीएम से इजाजत लेने का प्रावधान था। जिलाधिकारी परिवार की अर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही परमीशन देता था। पूर्व में ÷उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन व भूमिसुधार अधिनियम 1950 एवं भारतीय संविधान का अनुच्छेद 42, एससी/एसटी को जमीन का मालिक बनाने और उनकी जमीनों की रक्षा के लिए प्रावधानित है। किंतु योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ÷उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति 2023÷ के द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की जमीन खरीदने के लिए जिलाधिकारी के परमिशन की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए 16 मार्च 2023 को इस नीति को कैबिनेट में पेश किया है, जो पूर्णतया एससी/एसटी जन विरोधी नियम है। इस नियम के अनुसार होने से सामाजिक अन्याय और बढ़ेगा और रसूख वाले बाहुबली लोग इनकी जमीनों को जबरन कब्जा कर लेंगे। भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति से अनुरोध करते हुए कहा है कि उक्त प्रकरण में हस्क्षेप कर एससी/एसटी के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के दृष्टिगत ÷उत्तर प्रदेश टाउनशिप नीति-2023÷ के द्वारा एससी/एसटी की जमीन लेने के लिए डीएम की अनुमति को समाप्त न किया जाए।

# मां से विवाद होने पर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मां से विवाद होने पर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव श्रंगीरामपुर निवासी 22 वर्षीय विजय पांडे पुत्र स्वर्गीय श्याम नारायण पांडेय का बीती रात 9 बजे के लगभग मां राधा देवी से पैसे मांगने पर विवाद हो गया। जिसके बाद में घर में कमरे में रस्सी से विजय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद मां राधा उसके कमरे में किसी काम से गई तो पुत्र को फांसी के फंदे पर लटके देखा तो चीखपुकार शुरु कर दी। शोर शराब सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गये।



मृतक का फाइल फोटो

परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता पुलिस में नौकरी करते थे। जिनकी 18 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक विजय तीन भाइयों में छोटा था। बड़े भाई-भाभी पुलिस में है, तथा दूसरा भाई दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा है। मृतक अपनी मां-दादी के साथ रहता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

## मारपीट के मामले में दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर अन्तर्गत मोहल्ला तलैया फजल इमाम निवासी सुनील सिंह पुत्र रुप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ले के ही निवासी आलोक दीक्षित व उनके दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध गली-गलौज कर मारपीट कर ने व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# डीएम व एसपी ने जिला व केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

- बंदियों ने अधिकारियों को बतायीं समस्यायें
- साफ-सफाई रखने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने संयुक्त रूप से केन्द्रीय कारागार व जिला कारागार का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था परखी। उन्होंने बंदियों के रख-रखाव, उनके स्वास्थ्य, खान-पान, सफाई व्यवस्था आदि को परखा और उनकी समस्याओं को सुना तथा जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान यथासम्भव कराये।

रविवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जिला जेल पहुंचे। जहां जेल के अधिकारियों से जेल की व्यवस्था के बारे में जानकारी की। इसके बाद बैरिकों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। जेल की पाकशाला देखकर संतुष्टी जाहिर की। यहां चल रहे बल्ब आदि के निर्माणों को परखा व जानकारी की। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत करके उनकी समस्यायें पूछी। इसके बाद अधिकारी केंद्रीय कारागार पहुंचे। वहां साफ-सफाई व्यवस्था को परखा। खान व्यवस्था देखी व जहां भी कमी देखी उसे रेखांकित कर दुरुस्त करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर दोनों ही जेलों में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




केंद्रीय कारागार का निरीक्षण कर वापस लौटते डीएम व एसपी

## मजदूरी का गेहूं एवं बटाई ना देने पर पुलिस को दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कल्लू नगला निवासी सर्वेश पुत्र रामस्वरूप ने तहरीर देकर बताया कि उसने 30 बीघा खेत उगाई पर लिया था। साझेदार सतपाल उर्फ धनगढ़ी पुत्र रामगोपाल ने अपने साथ खेती के लिए लागत के 42000 लगवा लिए और गेहूं तैयार होने पर लागत एवं बटाई देने को कहा।

जिस पर पीड़ित ने 3 मजदूर लेकर गेहूं की कटाई करवाई। शिवकुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी कल्लू नगला, रघुवीर पुत्र रामस्वरूप निवासी कल्लू नगला, रमेश पुत्र रामविलास को पीड़ित ने मजदूरी का कार्य करवाने हेतु गेहूं मजदूरी के रूप में नहीं दिया और लागत का आधा भाग गेहूं भी नहीं दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने को कहा।

# चुनाव के चलते वाहनों की सघन चेकिंग, कई के चालान, दी चेतावनी



कार की डिग्गी की तलाशी लेती पुलिस व बाइक पर सवार तीन लोगों को हड़काती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय चुनावों के चलते प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ हर तरफ निगाह बनाये हुए है। इसी के चलते एसपी के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किये गये। निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता लागू है। वहीं शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए धारा 144 भी लगी है। चुनाव के चलते बाहर से जनपद में प्रवेश करने वाले चार पहिया वाहन

- पुलिस के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

व बाहर से आने वाले सभी वाहनों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। आचार संहिता के चलते किसी भी व्यक्ति को बड़ी मात्रा में नगदी या आभूषण आदि मिलने पर उससे संबंधित धनराशि या धातु के साक्ष्य दिखाने होंगे। ऐसा न होने पर धनराशि जब्त की जायेगी। तलाशी के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि कोई व्यक्ति आचार संहिता व धारा 144 का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। बाहर से आने वाले वाहनों पर पुलिस सख्ती से अभियान चला रही है।

# नेहरु युवा केंद्र के तत्वावधान में गंगा घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



गंगा स्वच्छता की शपथ दिलातीं निहारिका पटेल

- लोगों को पम्पलेट व पोस्टर वितरित कर किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा घाट पांचाल घाट पर गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में गंगादूतों ने मिलकर गंगा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं अन्य लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा गंगा की विशेषता एवं महत्व के बारे में अवगत कराते हुए गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त गंगा संरक्षण के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षणए, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता अभियान आदि कार्यों के बारे में भी बताया गया। गंगा के किनारे रहने वाले लोगों के साथ स्थानीय रोजगार के बारे में चर्चा की गई। जिससे गंगा के किनारे निवास करने वाले लोग गंगा को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ अपने रोजगार के साधन भी प्राप्त कर सके। इस अवसर पर लोगों को पंपलेट, पोस्टर बांटकर जागरूक किया गया। सभी को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अभियान के अंतर्गत उपस्थित युवाओं को गंगा संरक्षण से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री व वीडियो भी दिखाई गई। जिसके द्वारा गंगा को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ उनकी धार्मिक, आर्थिक व सामाजिक महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर गंगा दूत निशू कटियार, राम रहीस एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

# युवती को हिरासत में थाने लाना पुलिस को पड़ गया भारी

- पूरे थाने को सस्पेंड कराने की धमकी देकर पुलिस पर बनाया दबाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस को युवती को थाने लाना उस समय भारी पड़ गया जब थाने में घुसते ही युवती ने सारे थाने को आड़े हाथों ले लिया। ऐसा कोई नहीं बचा जिसको युवती ने खरी-खोटी न सुनाई हो। यहां तक की कालीदास मार्ग लखनऊ से पूरे थाने को सस्पेंड करवा देने की बात कह डाली। थाना कादरीगेट में लगभग आधी रात तक युवती का हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। आखिरकार पुलिस ने युवती को मानसिक रुप से बीमार बताकर उसे घर भिजवा दिया और अपना पिंड छुड़ाया। इस घटना को जिन लोगों ने देखा तिराहे-चौराहे पर चर्चा करते दिखायी दे रहे है कि कैसे एक युवती पूरे थाने पर भारी पड़ गयी?

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अंतर्गत देवरामपुर क्रांसिंग के निकट से पुलिस युवती को




हिरासत में लेकर थाना कादरीगेट ले आयी। जहां कार से उतरते ही युवती ने अचानक गाली-गलौज शुरु कर दिया। थानाध्यक्ष, दरोगा, दीवान, सिपाही, होमगार्ड, मुंशी सभी को आड़े हाथों लिया और कहा कि लखनऊ पहुंचकर पूरे थाने को सस्पेंड करा दूंगी। युवती का अंदाज देख एक बार पुलिस कर्मी हैरत में पड़ गये कि आखिर बला क्या है। पुलिस जब तक थाने में रही तब तक पूरे फिल्मी अंदाज में पुलिस कर्मियों को हड़काती रही। इस संदर्भ में पुलिस के आलाधिकारियों ने कोई बयान अभी तक जारी नहीं किया है।

# सपा लोकसभा प्रभारी ने चादरपोशी कर मांगी अमन चैन की दुआ



दरगाह पर चादरपोशी करते डॉ0 नबल किशोर व इलियास आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद के अलेपुर रोड पर हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक मीर अजीजुल्लह शाह मक्की के सालाना उर्स में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रभारी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने चादर चढ़ाकर देश में अमन चैन और सभी के स्वास्थ्य रहने की दुआ की। उर्स कमेटी की ओर से डॉ0 नवल किशोर शाक्य को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर साजिद अली, कामरान अजीज, जलालुद्दीन सिद्दीकी, वकार खां, अकील खां, महफूज खां, जिला मीडिया प्रभारी इलियास मंसूरी, अनिल अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

## 07 मई को आयेंगे सपा प्रदेश अध्यक्ष



**फर्रुखाबाद (सं.)।** नगर निकाय चुनावों की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। जिसके चलते समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का प्रदेश में भ्रमण कार्यक्रम लगाया गया। जिसके तहत प्रदेश अध्यक्ष 07 मई को यहां आयेंगे और सपा प्रत्याशियों को जनसंपर्क कर जिताने की अपील करेंगे। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अरविन्द कुमार सिंह ने अवगत कराया कि 25 अप्रैल से लेकर 08 मई तक प्रदेश अध्यक्ष के अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम लगे हैं। इसी के तहत 07 मई को प्रदेश अध्यक्ष जिले में रहेंगे।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर लोगों का बदला जीवन: राजकिशोर




प्रधानमंत्री के मन की बात कार्याक्रम को देखते प्रधानाचार्य व ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सौवें एपीसोड को सुनने के लिए एक दिन पूर्व ही व्यापक व्यवस्था की गयी थी। राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि मन की बात सुनकर लोगों का जीवन ही बदल गया जिसमें बालिकाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और छात्रों को बहुत लाभ पहुंचा है। क्षेत्रीय रोजगार को बढ़ावा मिलने से लोगों का जीवन स्तर ही बदल गया। चार वर्ष पूर्व इस विद्यालय में तैनात राजकिशोर शुक्ल ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनाकर लोगों की कार्यशैली ही बदल डाली। गांव में पहले अवैध असलहों का निर्माण, शराब की भट्ठियां धधकती थी। दारु पीना, जुआ खेलना, चोरी आदि की घटनाएं होती रहती थी। प्रधानाध्यापक के प्रयास से शराब बंदी, चोरी, बाल विवाह, धूम्रपान आदि रोकने में सफलता मिली। अब ग्रामवासी शिक्षा के महत्व को देखते हुए बच्चों की शिक्षा के लिए जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश तरक्की कर रहा है। कार्यक्रम में खेतल सिंह, जयवीर, कृपाल सिंह, प्रदीप कुमार, माताराम, लक्ष्मण आदि लोगों ने भाग लिया।

# दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी को घर से निकाला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दूसरी शादी कर लेने का विरोध करने पर पति ने पत्नी को गाली-गलौजकर घर से निकाल दिया व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज निवासी शिव कुमारी पुत्री रामनरेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका विवाह 35 वर्ष पूर्व अरविंद कुमार पुत्र महेश चंद्र निवासी सनोड़ी थाना सिकंदरपुर जनपद कासगंज के साथ हुआ था। शादी के बाद कुछ समय तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा। बाद में पति उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगा। 27 जून 2022 को उसके पति ने पूनम पुत्री विनोद कुमार निवासी ग्राम सकवाई से विवाह कर लिया। विवाह के उपरांत आरोपी पति महिला को घर ले आया। विरोध करने पर उसने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## शांतिभंग में चार लोगों का चालान

**कमालगंज (सं.)।** लड़ाई झगड़ा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को कमालगंज थाना क्षेत्र के सचिन पुत्र किशनपाल, पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी पूरनपुर, मानवेन्द्र पुत्र ओमकार निवासी मेंहदिया, गंगासरन पुत्र रामदुलारे निवासी गड़ाखेड़ा थाना जहानगंज को अलग-अलग मामलों में लड़ाई झगड़ा करने के आरोप में थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया।

# डॉ0 नवनीत संस्कार भारती के अध्यक्ष व दिलीप बने सचिव

- नये सत्र का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती साधारण सभा की बैठक नटराज भवन में हुई। जिसमें नये पदाधिकारियों का मनोनयन कर कार्यकारिणी गठित की गयी। डाक्टर नवनीत गुप्ता अध्यक्ष बने व दिलीप कश्यप कलमकार को सर्वसम्मति से सचिव बनाया गया। इसके अलावा बैठक में पुरानी कार्यवाही की पुष्टि की गयी व पूरे सत्र का आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसे थोड़ी सी बहस के बाद ओम ध्वनि के साथ पारित किया गया।

रविवार को नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित साधारण सभा की बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय सह महामंत्री धनंजय सिंह, प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना, जिला सचिव अरविंद दीक्षित, विभाग संयोजक ओम दत्त शर्मा, अनुभव सारस्वत ने भगवान नटराज के चित्र




बैठक को संबोधित करते नवनीत गुप्ता

पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष नवीन मिश्र नब्बू, उपाध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, अरविन्द दीक्षित, भारती मिश्रा, कोषाध्यक्ष अर्पण शाक्य, सह सचिव प्रवेश वर्मा, प्रीतू एवं सौरभ शर्मा को मनोनीत किया गया। विधा संयोजक राम मोहन शुक्ला साहित्य, गौरव मिश्रा बंटी संगीत, राज गौरव पाण्डेय नाट्य, नेहा सक्सेना चित्रकला, शशिकांत पाण्डेय लोककला, रजनी लौंगवानी नृत्य, भूपेंद्र प्रताप सिंह प्राचीन कला, हेमलता श्रीवास्तव भूअलंकरण, अनुराग पाण्डेय को कला कुंज प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। आगामी गुरुपूर्णिमा पर आयोजित होने वाले कला साधक सम्मान समारोह के संयोजन की जिम्मेदारी महेश पाल सिंह उपकारी को सौंपी गयी। कार्यकारणी गठन से पूर्व बैठक में सचिव अरविंद दीक्षित ने पूर्व में हुए कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। कोषाध्यक्ष अनुभव सारस्वत ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बांदा से आए कार्यटक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय सह महामंत्री धनंजय सिंह ने कहा कला साधक एक दीपक की तरह खुद जलकर समाज में रोशनी फैलाने का कार्य करता है। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा संस्था पूरे देश में कला, साहित्य और संगीत के लिए कार्य कर रही है। बैठक की अध्यक्षता दीपक रंजन सक्सेना व संचालन अरविंद दीक्षित ने किया। बैठक में साधना श्रीवास्तव, डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव, अर्पण शाक्य, अनुभव सारस्वत, रघुनाथ बिहारी सक्सेना, भारती मिश्रा, राम अवतार शर्मा इंदु, राम मोहन शुक्ल, गौरव मिश्रा बंटी, नवीन मिश्रा, आदेश अवस्थी, समरेंद्र शुक्ल कवि, सुरेंद्र पाण्डेय, रविंद्र भदौरिया, नेहा सक्सेना, स्वेता सक्सेना, रजनी लौंगवानी, अनिल प्रताप सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अर्पण शाक्य, राम मोहन शुक्ल, निमिष टंडन, उपकार मणि, सौरभ शर्मा, प्रीति तिवारी मौजूद रहे।

## अवैध रुप से पेट्रोल बेचने वाले दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जिला पूर्ति निरीक्षक इंद्रजीत सिंह यादव की तहरीर पर गांव कोटिया चौराहे निवासी सूरज के खिलाफ धारा 3/7 का मुकदमा दर्ज किया गया हैष सूरज के पास 15 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया। उस पेट्रोल को रजीपुर के पास एक पम्प रखा गया है। पूछताछ में सूरज ने पेट्रोल की रशीद कागजात मांगने पर कुछ नहीं दिखा पाया। आरोपी सूरज को पुलिस के हवाले कर दिया गया था। पुलिस ने उसका शांति भग में चालान कर दिया था। पूर्ति निरीक्षक द्वारा कार्यवाही करने की जिला अधिकारी के आदेश पर मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है। बताते चलें कि ग्रामीण इलाकों में परचून आदि के दुकानदार फुटकर अधिक मूल्य पर पेट्रोल डीजल बेचने का काम कर रहे हैं। कमालगज के जहानगंज, दरियागंज रोड पर रजीपुर से श्रंगीरामपुर, जरारी रोड पर अधिकतर लिंक रोडों पर धड़ल्ले से पेट्रोल बेचा जाता है। यह लोग 120 रुपये लीटर पेट्रोल बेचते हैं।

# दिव्यांगजनों के बीच बैठकर सुनी पीएम के मन की बात

- आने वाले समय में दिव्यांगों के लिए और अच्छी योजनायें चलायी जायेंगी: अभिषेक त्रिवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ के मूक बधिर विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रविवार को मन की बात के 100वें संस्करण को मूक बधिर दिव्यांग बंधुओं ने सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा लोकल फॉर वोकल पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। जिससे आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न साकार होते हुए दिखाई दे रहा है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश के सह संयोजक व राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने दिव्यांग बच्चों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के उपरांत उनसे जुड़ी हुई समस्याओं पर विचार विमर्श किया। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा प्रधानमंत्री



पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मूकबधिर दिव्यांगजन

जब से देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने दिव्यांगों के प्रति जो संवेदना दिखाई है उससे साबित होता है कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज कलयुग में नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। जिनका एकमात्र ध्येय है कि नर सेवा नारायण सेवा है। आने वाले समय में दिव्यांगजनों के लिए और भी अच्छी-अच्छी योजनाओं को लागू किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल कुमार चंद्र ने दिव्यांगों की शिक्षा एवं उनकी देखभाल के लिए चलाए जा रहे हैं सरकारी अभियानों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशीष दुबे, नमामि गंगे के क्षेत्रीय सह संयोजक धीरेंद्र कुमार वर्मा, उपांशु मिश्रा सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





# लोहिया के आयुष विंग स्टोर में लगी आग

- लाखों की दवायें व फर्नीचर जला
- दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर पाया काबू



आयुष विंग स्टोर में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल के आयुष विंग के स्टोर में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना सीएमएस व दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों की दवायें व फर्नीचर जलकर राख हो चुका था। सूचना पर थानाध्यक्ष कादरीगेट पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और जांच पड़ताल की। रविवार सुबह लोहिया अस्पताल के आयुष विंग में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि स्टोर रुम में रखा फ्रीज फट गया और छत पर लगे पंखे नीचे आकर गिरे। घटना की सूचना सीएमएस डा0 राजकुमार गुप्ता को दी गई। आनन-फानन में पहुंचे सीएमएस ने आयुष विंग में तैनात होम्योपैथिक डा0 रुपेश गुप्ता को मौके पर बुलाया और सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों की दवायें व फर्नीचर जलकर राख हो गया। डा0 रुपेश गुप्ता ने तीन लाख से अधिक का नुकसान होना बताया है। सूत्रों की माने तो आयुष विंग में पांच कमरे है, जिसमें दो कमरे कोविड के व तीन कमरे आयुष विंग में आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक दवाओं के स्टोर के है। सूचना पर कादरीगेट थानाध्यक्ष राजेश राय मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## गृहकलह से क्षुब्ध महिला ने पिया कीटनाशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गृहकलह से क्षुब्ध महिला ने घर में रखा जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के क्षेत्र ग्राम सत्तार नगर निवासी 22 वर्षीय खुशनुमा पत्नी ताजिमा ने रविवार को गृहकलह के क्षुब्ध होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लाकर भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं परिजनों का कहना है कि उसका पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते उसने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# पुलिस ने पांच दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में पकड़े गये वारंटी

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे आपरेशन धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 24 घंटे में जिले भर से पांच दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी वारंटियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। वारंटियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कमालगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव रानू खेड़ा निवासी रामबहादुर पुत्र रामस्वरूप, संजीव पुत्र नरवीर तथा पीथूपुर मेंहदिया निवासी अमरपाल पुत्र हरिभान चंद्र, महेंद्र पुत्र रामसेवक निवासी नगला खेम रैंगाई के मजरा फतेह नगला व बादाम सिंह पुत्र विशाल सिंह निवासी भूलनपुर को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार से पुलिस ने फतेहगढ़ में 4, फर्रुखाबाद में 8, थाना मऊदरवाजा क्षेत्र से 3, कम्पिल से 6, मेरापुर से 4, मोहम्मदाबाद से 1, कायमगंज से 4, शमशाबाद से 4, नवाबगंज से 4, जहानगंज से 3, कमालगंज से 5, राजेपुर से 5, अमृतपुर से 6 व थाना कादरीगेट क्षेत्र से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

# निर्दलीय प्रत्याशी को मतदाताओं ने लिया हाथों हाथ


मतदाताओं से जनसंपर्क करते राकेश कुमार

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** नवगठित नगर पंचायत संकिसा के वार्ड अवन्तीवाई नगर के पूर्व प्रधान राकेश कुमार ने अपनी पत्नी किताबश्री को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में मैदान में उतारा है।

रविवार को चुनावी के सम्पर्क के दौरान मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और चुनाव जिताने का आश्वासन दिया। रविवार को राकेश कुमार (मुनीम जी) ने समर्थकों के साथ नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर क्षेत्र के विषारी देवी नगर, बौद्ध नगर, महारानी लक्ष्मीबाई नगर, श्याम नगर, शास्त्री नगर आदि में जन सम्पर्क किया और मतदाताओं से आशीर्वाद लिया।

मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और चुनाव जिताने का आश्वासन दिया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में समर्थक उनके साथ मौजूद रहे।

## लोकल फार वोकल पीएम का संदेश: मुकेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात 100वें एपीसोड को सुनने के लिए बजरिया निहाल चन्द्र स्थित एक गेस्ट हाउस में बड़ी तादात में कार्यकर्ता एकत्र हुए। सांसद मुकेश राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर पीएम के मन की बात सुनी। भाजपा नेता विश्वास गुप्ता ने मौजूद रहकर व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकल वार वोकल पर जोर दिया है। हमारे यहां के लोग अपनी प्रतिभा का प्रयोग अपने यही रहकर करें। बाहर न जाये। उन्होंने कहा कि जो लोग भ्रमण करने के लिए जाते है वो लोग अपने जिले के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण करें और अपने इतिहास को संरक्षित रखने का काम करें। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, पुरुषोत्तम वर्मा, विकास पाण्डेय, यीशु गुप्ता, विवेक मिश्रा सहित सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ता व नागरिक आदि लोग मौजद रहे।

# नगर पालिका सदर पर त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

- बसपा, सपा व भाजपा प्रत्याशी झोंक रहे ताकत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अब जब की नगर निकाय चुनाव मतदान में केवल 11 दिन बचें है, लेकिन अभी तक चुनावी तस्वीर साफ होकर सामने नहीं आयी है। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के नामांकन धुंआधार चुनाव प्रचार के बावजूद भी जनता मौन साधे हुए है। हालांकि समीकरणों को देखते हुए नगर पालिका सदर की सीट त्रिकोणीय संघर्ष में दिखायी दे रही है। बसपा, सपा और भाजपा प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर होने की संभावनाओं के चलते मतदाता अपना मन बनाने में जुटे है। वहीं सभी प्रत्याशी अपनी रणनीतियों के अनुसार चुनाव को दिशा देने के प्रयास में लगे हुए है।




बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर अपने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल की पत्नी पूर्व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल को हाथी के चुनाव चिन्ह पर लड़ने के लिए उतारा है। विगत 15 सालों में शहर में कराये गये विकास कार्यों और पूर्व एमएलसी द्वारा की जा रहे समाजसेवी कार्यों के आधार पर वत्सला पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने नेता की जगह संगठन को टिकट देते हुए जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां सुषमा गुप्ता को मैदान में उतारा है। 75 वर्षीय बुजुर्ग मां के चुनाव की कमान जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के साथ ही पूरा संगठन संभाले हुए है। सत्ता और संगठन के बल पर भाजपा चुनावी जंग को फतह करने की भूमिका बना रही है। संगठन टीमों में बंटकर चुनाव प्रचार में लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक विजय सिंह के पुत्र अविनाश सिंह विक्की की पत्नी एकता को साइकिल पर सवार करके एक बार फिर टाउनहाल पर नाले का परचम लहराने की भूमिका बनायी है। पूर्व विधायक विजय सिंह एवं भूतपूर्व चेयरमैन दमयंती सिंह की गुडविल पर एकता चुनाव मैदान में है। उनका चुनाव मुस्लिम ध्रुवीकरण पर निर्भर करेगा, ऐसा समझा जा रहा है। सपा के दिग्गज एकता के चुनाव में एकजुट होकर ताकत झोकने में लगे हुए है। अब देखना है कि आने वाले सप्ताह में कौन अपने चुनाव को कितना उठा ले जाता है। भाजपा के पास स्टार प्रचारकों की कमी नहीं है। वहीं सपा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम भी मिल गया है। उधर बसपा प्रत्याशी जमीनी कार्य के आधार पर चुनाव जीतने की भूमिका बनाने में जुटी हैं। आम आदमी पार्टी ने व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव की मां राधा श्रीवास्तव को टिकट दी है। अंकुर अपनी टीम के साथ जन सम्पर्क करने में जुटे हुए है। कांग्रेस प्रत्याशी मुमताज बेगम भी पार्टी के निर्धारित वोट बैंक के बल पर चुनाव मैदान में है। वह कितना वोट लेगी यह समय के गर्व में है।

# खबरें चलते-चलते

## चार का शांतिभंग में चालान

**कमालगंज (सं.)** पुलिस ने अशांति फैलाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के सचिन पुत्र किशनपाल, पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी पूरनपुर, मानवेन्द्र पुत्र ओमकार निवासी मेंहदिया, गंगासरन पुत्र रामदुलारे निवासी गड़ाखेरा थाना जहानगंज को अलग-अलग मामलों में लड़ाई झगड़ा करते पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया।

## अवैध सम्बंधों का विरोध करने पर विवाहिता को पीटा

**नवाबगंज(सं.)।** नवविवाहिता ने पति पर जेठानी के साथ नाजायज सम्बन्ध का आरोप लगाया तो पति ने उसका उत्पीड़न शुरु कर दिया। नवविवाहिता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। नव विवाहिता व उसकी सास के बीच जमकर कहासुनी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम त्योरी इस्माइलपुर निवासी विवेक कुमार की शादी मऊदरवाजाथाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर गांव से अर्चना के साथ 2 माह पूर्व हुई है। पीड़िता अर्चना ने बताया कि शादी के पहले दिन से ही पति उसके साथ मारपीट करता रहा। अर्चना ने कहा कि उसने पति के जेठानी के साथ नाजायज सम्बन्धों का विरोध किया तो पति उसके साथ आये दिन मारपीट करने लगा। रविवार को अर्चना अपनी मां के साथ नवाबगंज थाने पहुंची और पति जेठानी पर गंभीर आरोप लगाये तो थाने में मौजूद सास व अर्चना के बीच जमकर तकरार हुई। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने दोनों पक्षों की बात सुनी और तहरीर लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक अचेत

**फर्रुखाबाद (सं.)।** निर्माणाधीन मकान में आ रहे करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल क्षेत्र के कम्पिल निवासी 22 वर्षीय गगन पुत्र राम अवतार का निर्माणाधीन मकान है। रविवार को उसके विद्युत करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में अचेतावस्था में उपचार के लिए नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

## युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**फर्रुखाबाद (सं.)।** युवक की हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंआं खेडा बजीर आलम निवासी 19 वर्षीय अफजाल पुत्र मोहम्मद हसन की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डाक्टर विपिन सिंह ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**नवाबगंज (सं.)।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। रविवार को सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार अपने हमराहों के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम इंद्रेश कुमार उर्फपप्पू निवासी नगला दमू बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सैकड़ों लीटर कच्ची शराब सहित पांच गिरफ्तार


शराब सहित पकड़े गये आरोपी

- मौके पर बरामद 200 लीटर लहन को पुलिस ने किया नष्ट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापामार कर शराब की भट्ठी सहित 100 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 200 लीटर लहन नष्ट कर दिया।

जानकारी के असार पुलिस के संयुक्त अभियान में बीती रात एसआई राहुल कुमार ने बेग बघार नाला के पास से अमित कुमार निवासी महमदपुर रावी, विशाल कुमार निवासी मामापुर थाना कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 20 लीटर कच्ची शराब व भट्ठी बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 200 लीटर लहन बरामद कर नष्ट कर दिया। वहीं सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह ने ग्राम कुतुबुद्दीनपुर की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग के पास रविंद्र कुमार निवासी ममापुर कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं पुलिस ने रिंकू निवासी महरुपुर रावी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने अजीत निवासी ममापुर को गिरफ्तार कर 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

बताते चलें कि निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को लुभाने के लिए चोरी छिपे शराब मंगवायी जा रही है। जिसके चलते शराब के अवैध कारोबारियों ने शराब अधिक मात्रा में उतारना शुरु कर दिया है। वहीं पुलिस निकाय चुनाव के चलते पहले से ही सक्रिय है। जिसके चलते उक्त लोगों को दबोचा गया है।

## बाइक विद्युत पोल से टकरायी, दो घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत पोल से बाइक टकराने से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैथरा निवासी पुष्पेन्द्र 25 वर्षीय पुत्र हरीश चन्द्र अपने पड़ोसी रिश्तेदार सन्दीप पुत्र अमर सिह के साथ बाइक से किसी काम से ज्योना गया था। वापस घर लौटते समय रास्ते में लगे विद्युत पोल से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डियुटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गम्भीर होने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गोट में लगे तमंचे से हुआ फायर, युवक गंभीर

- खेत पर जाते समय घटी घटना



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** गोट में तमंचा लगाकर खेत की रखवाली करने जा रहा ग्रामीण अचानक फायर होने से घायल हो गया। घटना स्थल पर भीड़ उमड़ पड़ी। घायल को परिजनों ने उपचार के लिए फर्रुखाबाद स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो एक 315 बोर तमंचा बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मंगलीपुर निवासी राजीव पाल बीती रात अपने गोट में तमंचा लगाकर खेत की रखवाली करने जा रहा था। तमंचा लोड होने से रास्ते में अचानक किसी तरीके से फायर हो गया। जिससे गोली उसके पेट में निचले हिस्से में लगी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गये। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए फर्रुखाबाद स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घटना के संबंध में जब घायल की पत्नी किरण देवी से बात की गई उन्होंने कुछ भी बताने से मना कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार भाटी ने बताया कि मौके पर एक 315 बोर तमंचा बरामद हुआ है जो युवक अपनी गोट से लगाया था।

# परमेश्वर की कृपा से हम उसकी आज्ञाओं का पालन करें: विशप डॉ0 पी.पी. हॉविल

सिटी चर्च में कनवेंशन का हुआ आयोजन


कनवेंशन में प्रभु यीशु मसीह की शान में गीत प्रस्तुत करते यूथ कमेटी के युवा


विशप का बुके देकर स्वागत करते पादरी जयपाल मैसी व स्टीफन मसीह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डायसेस ऑफ आगरा नार्थ इंडिया के विशप डॉ0 पी.पी. हॉविल ने रविवार को कनवेंशन में उपदेश दिया। नेहरु रोड स्थित सिटी चर्च में कनवेंशन का आयोजन हुआ। सीएनआई चर्च बढ़पुर, ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़, सीएनआई चर्च रखा व सिटी चर्च के संयुक्त तत्वावधान में विशेष आराधना में विशप रेव्ह डॉ0 पी.पी. हॉविल ने चारों कलेशिया को आराधना सभा में उपदेश देते हुए कहा कि हमारे पिता परमेश्वर प्रभु यीशु मसीह आप सबको अनुग्रह और शांति प्रदान करें। हम पहले पश्चाताप और विश्वास के साथ अपने पापों को स्वीकार करें और दृढ़ निश्चय करें कि परमेश्वर की कृपा से हम उसकी आज्ञाओं का पालन करेंगे और सब लोगों के साथ मेलमिलाप और प्रेम रखेंगे। दयावान प्रभु हम आपसे विनती करते हैं कि बीते दिनों में किये गये हमारे पापों को क्षमा करें और अपनी पवित्र आत्मा के द्वारा हमारा मार्गदर्शन करें, ताकि हम आनन्द से आपकी इच्छा को पूरा कर सकें और आपके मार्ग पर चलें। प्रभु हमारा उद्धार करता है। उनके लहू को एक प्याले में रस समझकर पीते हैं। जिससे हमारा उद्धार होता है। विशेष आराधना सभा में पादरी जयपाल मैसी ने शांति का पैगाम देते हुए प्रभु यीशु द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कनवेंशन के व्यवस्थापक सिटी चर्च के पादरी स्टीफन मसीह ने विचार रखे। आये हुए यूथ को विशप द्वारा बाईबिल भेंट की गयी। सभी ने प्रभु की शान में गीत गाया प्यारे हिम्मत बांधों आगे बढ़ो क्रूस का लो निशान जीतेंगे हम यारों, हारेगा शैतान, लड़ो-लड़ो फुर्ती करो यीशु हैं कप्तान, हिम्मत बांधों आशा रखो भागेगा शैतान गीत गया। इस मौके पर पादरी जयपाल मैसी व उनकी पत्नी एवं पादरी स्टीफन मसीह व उनकी पत्नी ने फूलों का गुलदस्ता देकर विशप का स्वागत किया। इस दौरान राजेश मसीह, रोजीशन विश्वासी सुरेंद्र मसीह, विजय दयाल, राजीव के.लाल, प्रियंका मैसी, डॉ0 नीतू मसीह, ऐस्तर रोज दयाल, अमन मनीला मैसी, बेल्डन मैसी, नलिनी टॉम किलसन, आयुष जार्ज, सुषमा लाल, रोहित सहाय के अलावा चारों चर्चों के पदाधिकारी व मसीह समाज के लोगों ने कनवेंशन में प्रतिभाग किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को इलाज के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहाँ पर हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमैयापुर निवासी निखिल पुत्र भूरे जाटव अपने साथी सुखवीर पुत्र राधेश्याम के साथ बाइक से किसी कार्य सेअमृतपुर गया था। अमृतपुर से वापस अपने घर अमैयापुर लौटते समय हरसिंहपुर राजपुर के बीच मिठास ढाबा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने जिसकी सूचना अमृतपुर थाने में दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक प्रेम शंकर यादव, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया । जहां पर हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया। सूचना परिजनों को दी गई।सूचना पाते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार घायल निखिल के पिता भूरे जाटव किसी मामले में जेल में बंद है।